e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 132
# प्रभात मंत्र
बुधवार
15.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कभी किसी पर उंगली उठाने से पहले यह देख लें कि चार उंगली आपकी तरफ भी उठ रही हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## प्रधानमंत्री मोदी ने दाखिल किया नामांकन

# वाराणसी से नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं : पीएम मोदी

**2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी ने वाराणसी से ही जीत हासिल की है.**

एजेंसी

**वाराणसी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश की वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार नामांकन दाखिल किया. पीएम मोदी ने यहां के कलेक्ट्रेट में पर्चा भरा. इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके प्रस्तावक गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ मौजूद रहे.पीएम नरेंद्र मोदी ने नामांकन दाखिल करने से पहले काल भैरव की पूजा-अर्चना की. वो गंगा सप्तमी के अवसर पर वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की पूजा करने के बाद क्रूज पर सवार होकर नमो घाट पहुंचे. पीएम मोदी ने वाराणसी से ही 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी. इस बार फिर वो बीजेपी के टिकट से बनारस से चुनावी मैदान में उतरे हैं. ऐसे में काशी में दिग्गजों का जमावड़ा लगा है. नामांकन स्थल पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री मौजूद रहे.पीएम मोदी के नामांकन के दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ के अलावा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सीएम एकनाथ शिंदे भी मौजूद रहे. नामांकन के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, वाराणसी से लगातार तीसरी बार नामांकन कर बेहद उत्साहित हूं। बीते 10 वर्षों में आप सबसे जो अद्भुत स्नेह और आशीर्वाद मिला है, उसने मुझे निरंतर सेवाभाव और पूरे संकल्प के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया है। आपके भरपूर समर्थन और सहभागिता से मैं अपने तीसरे टर्म में भी नई ऊर्जा-शक्ति के साथ यहां के चौतरफा विकास और जनता-जनार्दन के कल्याण में जुटा रहूंगा। जय बाबा विश्वनाथ!

### पूर्व दिशा की ओर घूमकर किया गंगा को नमन

लंका पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले बीएचयू के संस्थापक महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद पूर्व दिशा की ओर घूमकर उन्होंने जीवनदायिनी गंगा को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद उन्होंने चारों तरफ मौजूद भाजपा समर्थकों का हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर अभिवादन किया।



**नामांकन स्थल पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री मौजूद रहे.**

### मुस्लिम बहुल इलाकों में दिखा उत्साह

प्रधानमंत्री के रोड शो का काफिला शिवाला और मदनपुरा जैसे मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरा तो लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सड़क के दोनों तरफ और घर की बॉलकनी, खिड़कियों और छतों से लोग हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री का अभिवादन कर रहे थे। प्रधानमंत्री भी सभी का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।

### भीड़ नियंत्रण में सुरक्षा कर्मियों के छूटे पसीने

प्रधानमंत्री को नजदीक से देखने के लिए लंका से विश्वनाथ धाम तक सड़क के दोनों ओर खड़े काशीवासी बेताब नजर आए। हर कोई उन्हें नजदीक से देखना चाह रहा था। बैरिकेडिंग के बावजूद भीड़ में शामिल लोगों का दबाव कुछ इस कदर था कि सुरक्षाकर्मियों को उन्हें नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ रही थी। वहीं, एसपीजी की टीम रास्ते भर इस बात को लेकर चौकन्नी दिखी कि प्रधानमंत्री के वाहन के नजदीक कोई गलती से भी न आ जाए।

## सशर्त जमानत मिलने के बाद जेल से छूटे एचडी रेवन्ना



**बेंगलुरु :** महिला के अपहरण मामले में घिरे जेडी-एस नेता एचडी रेवन्ना जेल से बाहर निकल आए हैं। बता दें कि एचडी रेवन्ना हासन सांसद प्रज्वल रेवन्ना के पिता हैं। जेडी-एस विधायक पर आरोप था कि उन्होंने एक महिला का अपहरण किया और उसके बाद प्रज्वल ने उस महिला के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में एचडी रेवन्ना ने बंगलूरू की विशेष अदालत में याचिका दायर की थी। अदालत ने 13 मई को मामले में सुनवाई करते हुए जेडी-एस नेता को सशर्त जमानत दी थी।पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पुत्र एचडी रेवन्ना को महिला के अपहरण के मामले में एसआईटी ने गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट मामले की सुनवाई करते हुए रेवन्ना को सशर्त जमानत दी थी। जेडी-एस विधायक को जमानत देने के साथ अदालत ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। कोर्ट ने कहा कि रेवन्ना को जमानत के लिए पांच लाख रुपये का मुचलका भरना होगा। इसके अलावा वह फिलहाल देश से बाहर नहीं जा सकते। इसके अलावा एचडी रेवन्ना इस मामले से जुड़े पीड़ितों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं कर सकते। छह दिन जेल में रहने के बाद जब एचडी रेवन्ना बाहर निकले, तो उनके समर्थकों ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद जेडी-एस विधायक अपने पिता एचडी देवेगौड़ा से मिलने गए।

## मतदान के बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम में हुए सील : के रवि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बाद सभी ईवीएम स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्हें विधिवत सील किया जा चुका है। मतदान से लेकर ईवीएम के स्ट्रांग रूम तक पहुंचने तक किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के मतदान प्रतिशत की फाइनल रिपोर्ट डिजिटल स्वरूप में अपडेट हो रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए अब तक 68 लोगों ने नामांकन किया है। राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 22 नामांकन किया गया है। गोड्डा से सर्वाधिक 29 उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 01 अरब 16 करोड़ 47 लाख की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गई है। एवी होमकर राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि व्यापक तैयारी से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी इस बार चौथे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण रहा। इस चरण का चुनाव पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव से जुड़े नौ जिले घोर उग्रवाद प्रभावित थे। इनमें 1376 मतदान केंद्र नक्सल गतिविधियों से जुड़े थे। यह एक चुनौती थी। इससे निबटने के लिए चुनाव पूर्व से ही व्यापक तैयारी की गयी थी।होमकर ने बताया कि सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ), राज्य पुलिस, कोबरा और जगुआर के जवानों ने लगातार इलाके में गश्त लगाकर उग्रवादियों के मूवमेंट को बाधित कर दिया था।

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए अब तक 68 लोगों ने नामांकन किया है। राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 22 नामांकन किया गया है।**

## क्विक न्यूज

### दिल्ली के कई अस्पतालों और तिहाड़ जेल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है. तिहाड़ जेल को भी बम से उड़ाने का धमकी भरा ई-मेल मिला है, जिसके बाद तिहाड़ जेल प्रशासन अलर्ट पर है. रिपोर्ट के अनुसार, जिन अस्पतालों को धमकी मिली है उसमें दीपचंद बंधु अस्पताल, जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और अन्य सहित कई अस्पताल शामिल हैं.दिल्ली फायर सर्विस (डीएफएस) के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि उन्हें मंगलवार को चार अस्पतालों से बम की धमकी वाली चार कॉल मिली हैं. अग्निशमन विभाग को सुबह 10:45 बजे अशोक विहार स्थित दीप चंद बंधु अस्पताल, सुबह 10:55 बजे डाबरी स्थित दादा देव अस्पताल से, सुबह 11:01 बजे फर्श बाजार के हेडगेवार अस्पताल से और 11:12 बजे जीटीबी अस्पताल से कॉल आई.

### दिल्ली शराब घोटाला: आप पार्टी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बनाया जाएगा आरोपी

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी को भी आरोपी बनाया जाएगा। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट में यह जानकारी दी। ईडी ने यह दलील मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दी।ईडी के वकील ने जज स्वर्णकांत शर्मा के सामने दलील देते हुए बताया कि इस मामले हम अपनी अगली अभियोजन शिकायत में आप को सह-अभियुक्त बनाने वाले हैं। वकील ने आगे कहा कि आरोपी पक्ष इस मामले में आरोप तय करने की प्रक्रिया में देरी करने के लिए पूरा जोर लगा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सिसोदिया के वकील ने उनकी जमानत की मांग करते हुए कहा कि ईडी और सीबीआई अभी भी मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार मामले में लोगों को गिरफ्तार कर रहे हैं। यह मुकदमा जल्द नहीं निपटने वाला है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत चुनाव में संभालेंगे अन्य राज्यों की कमान

**देहरादून :** लोकसभा चुनाव अपने अपने चरम पर हैं। उत्तराखंड में बीते 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। उत्तराखंड कांग्रेस के नेता अन्य प्रदेशों में जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी आप अन्य राज्यों में कमान संभालेंगे।इस बार लोकसभा चुनाव में हरीश रावत ने खुद चुनाव ना लडकर अपने बेटे वीरेंद्र रावत को हरिद्वार से चुनाव लड़ाया और बेटे वीरेंद्र रावत के समर्थन में जोरों शोरों से प्रचार प्रसार भी किया। तो वहीं अब हरीश रावत अन्य राज्यों में जाकर भी कांग्रेस के प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार प्रसार करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का कहना है कि उनकी भले ही शारीरिक स्थिति ठीक नहीं है, लेकिन अन्य राज्यों में वह चुनाव प्रचार करेंगे। 16, 17 मई में हरीश रावत दिल्ली में प्रचार करेंगे और इसके बाद हरियाणा में भी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगे।

### संदेशखाली में चार महिलाओं की गिरफ्तारी के खिलाफ फिर सड़कों पर उतरे लोग

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में लोगों के एक समूह ने चार स्थानीय महिलाओं की गिरफ्तारी के खिलाफ लगातार दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया है। सोमवार के बाद मंगलवार को भी लोगों ने सड़कों पर उतरकर नारेबाजी की। उन्होंने कथित तौर पर भाजपा से जुड़ी चार महिलाओं की रिहाई की मांग करते हुए बागड़ीपाड़ा इलाके में प्रदर्शन किया। इलाके की महिलाओं ने दावा किया कि उन्होंने हाथों में लाठियां लेकर रात भर पहरा दिया। इसके पहले इन चार महिलाओं की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताते हुए संदेशखाली में लोगों के एक समूह ने सोमवार को बरहमाजूर इलाके में टायरों में आग लगाकर एक सड़क को अवरुद्ध कर दिया था। उन्होंने भाजपा के नेताओं की छवि खराब करने के लिए प्रसारित किए गए कथित वीडियो के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36° |
| न्युनतम | 22° |

# मंत्री आलमगीर आलम से ईडी ने की पूछताछ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम ईडी कार्यालय पहुंचे। जिसके बाद ईडी मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के ठिकानों से मिले 35 करोड़ 23 लाख रुपये कैश मामले में पूछताछ शुरू की। खबर लिखे जाने तक मंत्री से पूछताछ जारी थी। ईडी के समन पर आलमगीर आलम पूछताछ के लिए तकरीबन पौने ग्यारह बजे ईडी कार्यालय पहुंचे थे। ईडी कार्यालय जाने से पहले कार से उतरते वक्त पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि कानून मानने वाले व्यक्ति हैं। इसलिए ईडी दफ्तर समन को लेकर तय समय से पहले ही पहुंचे हैं। ईडी के हर सवाल का जवाब देगें। इस दौरान आलमगीर आलम अपने हाथों में कुछ कागजात भी थे। बता दें कि ईडी ने मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर के घर से 35.23 करोड़ नगद बरामद किया था। जिसके बाद कैश बरामदगी मामले में आप्त सचिव संजीव लाल और नौकर जहांगीर दोनो को 7 मई को गिरफ्तार कर लिया गया था।
अब ईडी इन दोनों को पहले छह दिनों और फिर पांच दिनों की रिमांड में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार अब ईडी पीएस संजीव लाला और आलमगीर आलम को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी। जिससे टेंडर मैनेज, कमीशनखोरी, हिस्सा कहां-कहां जाता है समेत तमाम सवालों से पर्दा उठाएगे।

# राजकीय सम्मान के साथ हुआ सुशील मोदी का अंतिम संस्कार

एजेंसी

**पटना :** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का मंगलवार की शाम अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ पटना के दीघा घाट पर किया गया. उनके बेटे ने उन्हें मुखाग्नि दी.
इस मौके पर बिहार बीजेपी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. इससे पहले सुशील मोदी का पार्थिव शरीर उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर लाया गया था. अंतिम दर्शन के लिए सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, राधा मोहन सिंह, मंगल पांडेय समेत बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता यहां पहुंच थे. काफी संख्या में आम लोगों की भी भीड़ जुटी थी. बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का दिल्ली के एम्स में कैंसर का इलाज चल रहा था. बीते सोमवार की शाम उन्होंने आखिरी सांस ली. वे 72 साल के थे. मंगलवार को दोपहर में उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पटना पहुंचा. पार्थिव शरीह सीधे सुशील कुमार मोदी के आवास पर पहुंचा. इसके बाद पार्थिव शरीर को संघ कार्यालय और विधानसभा परिसर ले जाया गया. पीएम मोदी से लेकर सीएम नीतीश और लालू यादव ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है. बिहार की राजनीति में उनका बड़ा योगदान है. खास कर बीजेपी को बिहार में शिखर तक लाने में उनका खासा योगदान रहा. राजनीति के सफर में एक कर्मठ नेता और कार्यकर्ता की तरह वो हमेशा आगे आगे रहे. कभी सत्ता में तो कभी विपक्ष में रहकर उन्होंने अपनी राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया.सुशील मोदी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव समेत देश के सभी वरीय नेताओं ने शोक जताया।



**इस मौके पर बिहार बीजेपी के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे. इससे पहले सुशील मोदी का पार्थिव शरीर उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास पर लाया गया था. अंतिम दर्शन के लिए सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, राधा मोहन सिंह, मंगल पांडेय समेत बीजेपी के तमाम नेता और कार्यकर्ता यहां पहुंच थे.**

# हमारी लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच : खड़गे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। वे जवाहर लाल नेहरू पीजी कॉलेज खेल मैदान में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के समर्थन में सभा को संबोधित कर रहे थे।।उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी योगी से नहीं है, यह लड़ाई दो विचार धाराओं के बीच की है। एक विचारधारा देश को कुछ उद्योगपतियों के हाथ गिरवी रखकर गरीब और मध्यम वर्ग को गुलाम बनाना चाहती है जबकि हम देश और देशवासियों को बचाना चाहते हैं। हमारी विचारधारा नेहरू, गांधी, पटेल के बनाए देश को बचाने की है। उनकी उसे खत्म करने की है। वे अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ देते हैं। हम गरीबों, किसानों की मदद करते हैं, उनका कर्ज माफ करते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हमारी पांच गारंटी है जो युवाओं को नौकरी, महिलाओं के खाते में साल में एक लाख, कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों के अप्रेंटिस सुनिश्चित करती है। इसके इतर भाजपा की गारंटी नफरत और भाईचारे को खत्म करने की है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने काम पर नहीं राम, मुसलमान, पाकिस्तान और हिंदू को खतरे में कहकर वोट मांगती है। खरगे ने कहा कि भाजपा 400 सीट इसलिए चाह रही है कि ताकि वह संविधान बदल कर लोकतंत्र को खत्म कर दे। कहा कि यह क्षेत्र भगवान बुद्ध का ननिहाल है जहां दो हजार छह सौ वर्ष पहले लोकतंत्र था, आप लोगों से बेहतर लोकतंत्र के महत्व को कौन जानता है, इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि गठबंधन के उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी को जरूर जिताएं। उन्होंने कहा कि यह धरती संविधान सभा सदस्य रहे शिब्बन लाल सक्सेना, वीर बहादुर सिंह, हर्षवर्धन जैसे विकास पुरुषों की रही है। इनकी रिक्तियां निश्चित ही वीरेंद्र चौधरी पूरी कर सकते हैं।



### तीन बच्चों समेत पांच की डूबने से मौत

**विदिशा (एजेंसी):** मध्य प्रदेश के दो जिलों में नदी और तालाब में नहाने के दौरान डूबने की घटनाओं में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मंगलवार सुबह विदिशा जिले के बासौदा में बेतवा नदी में डूबने से दो लोगों की जान चली गई, जबकि छतरपुर जिले में तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस फिलहाल दोनों ही मामलों में जांच में जुटी है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

संत मरियम स्कूल के बच्चों ने वर्ग 10वीं और 12 वीं में लहराया परचम

## सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदर रिजल्ट : अविनाश देव




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सीबीएसई द्वारा वर्ग 10वीं और 12वीं का परिणाम घोषित किया गया। डाल्टनगंज स्थित संत मरियम स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं और 12वीं में शानदार परिणाम हासिल किया। वर्ग 12वीं में कुल 93 बच्चों वही वर्ग दसवीं में कुल 374 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया था। स्कूल का रिजल्ट शत् प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी बच्चे शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। 12 वीं वाणिज्य संकाय में अमित गुप्ता 91.2 प्रतिशत, रुचि कुमारी 85.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के टॉपर रहे।।12 वीं विज्ञान संकाय (जीवविज्ञान) में अंजली सिंह 95 प्रतिशत, आकांक्षा भारती 93.4 प्रतिशत, प्रतीक्षा कुमारी 92.8 प्रतिशत, अंसु कुमारी 86.8 प्रतिशत, प्रिया कुमारी 85प्रतिशत और झलक राज 82प्रतिशत के साथ विद्यालय टॉपर रहे वही 12 वीं विज्ञान संकाय (गणित) में अंकित राज 93.4 प्रतिशत, सुजल कुमार गुप्ता 92.6 प्रतिशत, अंगद सिंह 88 प्रतिशत, रश्मि कुमारी 84.2 प्रतिशत, आयुष रंजन त्रिपाठी 83.8प्रतिशत, अभिजीत सोनी 83.2 प्रतिशत, किसलय कौशल 82.4 प्रतिशत, दिव्यांश अमृत 80.6 प्रतिशत के साथ विद्यालय के शीर्ष छात्र रहे। वर्ग 10 वीं में अंशु राज 96.8 प्रतिशत प्रियतम कुमारी 94.8 प्रतिशत, प्रशांत कुमार 94 प्रतिशत, आर्यन राज 93.4 प्रतिशत, शैलवी कुमारी 92.8 प्रतिशत, पायल कुमारी गुप्ता 92.4 प्रतिशत, अंकित कुमार 92.2 प्रतिशत, आयुष कुमार 91.8 प्रतिशत, रोहिणी कुमारी 90.8 प्रतिशत, अभय प्रसाद 90.8 प्रतिशत, खुशबू सोनी 90.6 प्रतिशत, युवराज सिंह 90.6 प्रतिशत, आयुष अग्रवाल 90.2 प्रतिशत, शुभम कुमार 90.2 प्रतिशत, एवं पल्लवी कुमारी 90 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय टॉपर रहे। विद्यालय के शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के संयुक्त मेहनत का परिणाम है शानदार रिजल्ट। सभी शिक्षक और विद्यार्थी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैं। अपने अथक परिश्रम और सकारात्मकता के साथ विद्यार्थियों ने जीवन की पहली परीक्षा रूपी पड़ाव को बेहतर रूप से पार कर लिया है। मैं सभी को विद्यालय प्रबंधन की ओर से बेहतर भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं।

## महाराजा के युवक का तमिलनाडु में हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीलांबर पितांबरपुर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पिपरा खुर्द पंचायत के महारजा निवासी बशिष्ट कुमार मेहता के 28वर्षीय पुत्र नितीश कुमार वर्मा का सोमवार को तामिलनाडु में मौत हो गया। बताया जाता है कि महारजा गांव के ही तीन युवक वशिष्ठ कुमार वर्मा, विकास और अखिलेश एक साथ मोटरसाइकिल पार्ट्स बनाने का काम कंपनी में करते थे मृतक दो माह पूर्व ही काम करने तामिलनाडु गया था 13 मई सोमवार को मृतक नीतीश कुमार वर्मा कपड़ा धोने कह कर ड्यूटी नहीं गया और वह कपड़ा धोने पास के ही तालाब में चला गया शाम 5बजे जब विकास और अखिलेश ड्यूटी से लौटा तो नीतीश कुमार वर्मा को कमरा में नहीं देख खोजने लगे खोज बिन करते उसी तालाब पर चले गए जहां मृतक कपड़ा धोने गया था तो देखा कि शव पानी के ऊपर तैर रहा है जिसके बाद शव को बाहर निकाला और मृतक के पिता बशिष्ट कुमार मेहता को फोन कर घटना कि जानकारी दी। इधर सुचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हाल है। परिजनों ने पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशीभूषण मेहता से शव लाने का गुहार लगाया है वहीं पांकी विधायक डॉ. मेहता ने आश्वासन देते हुए शव लाने कि प्रक्रिया तेज कर दिया है।

## मिलिनियम पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशनल (सीबीएसई बोर्ड) से मान्यता प्राप्त मिलिनियम पब्लिक स्कूल का 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम प्रकाशित किया गया।जिसमें मिलिनियम पब्लिक स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय के नाम रौशन किया। समरिधी कुमारी सिन्हा ने 95.2त्नलाकर विद्यालय के सुपरस्टार बनी। समरिधी कुमारी सिन्हा ने कहा कि कड़ी मेहनत कर आईएसएस बनना चाहती है इसका श्रेय अपने विद्यालय शिक्षकों एवं माता-पिता को देना चाहती है वहीं विद्यालय टॉप इलेवन में समरिधी राज 94.2प्रतिशत, अनुप्रिया कुमारी94प्रतिशत, साहिल कुमार 93.8 प्रतिशत, मुस्ताक हुसैन92.6प्रतिशत, रिया कुमारी 91.6, गीता कुमारी 91.6 प्रतिशत, ब्रहमदेव कुमार, 90.8 प्रतिशत्र, आरया कुमारी 90.6 प्रतिशत सुप्रिया विश्वकर्मा 90.6 प्रतिशत, अंजली कुमारी90त्न लाकर विद्यालय टॉप इलेवन बनी। सीबीएसई बोर्ड 10 वीं में 180 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था जिनका परिणाम शत प्रतिशत रहा जिनमें सभी ने प्रथम श्रेणी से सफल हुए। वही सीबीएसई टेन प्लस टू साइंस में 24 विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। आदित्य कुमार 80.5प्रतिशत अर्श कुमार 80.4प्रतिशत यसर्वधन कुमार 78प्रतिशत लाकर विद्यालय का सुपरस्टार बना। विद्यालय के निदेशक मो मुमताज राही ने कहा की विद्यालय के शत प्रतिशत रिजल्ट से काफ़ी खुश हूँ। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील किया की लगातार नियमित परिश्रम करने की आवश्यकता है श्री राही ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम का आज परिणाम मिला है। आने वाले दिनों में मिलिनियम पब्लिक स्कूल विद्यालय बेहतर परिणाम देगा। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर असगर अंसारी, नागेंद्र प्रसाद सिंह, रोहित राय, धीरेश कुमार, मनोज कुमार, सुभाष पाण्डेय, ऋ षिकांत प्रसाद, गुलशन तिवारी, शोफ़िया लिप्चा, अर्पणा, संजना, किरण कुमारी ने विद्यालय के बच्चे को उज्जवल भविष्य की कामना किया।

## हुसैनाबाद नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रशासनिक पदाधिकारी ने वोटरों का बढ़ाया हौसला





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार 13 मई को लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की वोटिंग के लिए नक्सलवाद प्रभावित इलाके में लंबी कतार में देखने का मिला हुसैनाबाद प्रशासनिक अधिकारी मौजूदगी में हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी संह आईएस पियुष सिन्हा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो अंचलाधिकारी पंकज कुमार थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह अधिकारी लगातार इलाके में मांटरिग कर लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में अहम भुमिका निभाई वहीं नक्सल प्रभावित इलाके में मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं से जायज़ा लिया वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी संह आईएस पियुष सिन्हा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो अंचलाधिकारी पंकज कुमार थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मतदान केंद्र पर मतदाता उत्साह देखा गया वोटिंग को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किये गए, उन्होंने कहा कि आमलोगों से अपिल किया उन्होंने कहा जीन लोगों ने अभी तक मतदान नहीं किया है। मतदान केंद्र संख्या 188 पर 7:30 तक मतदान कर केंद्र संख्या 238 सांड पर 6:30 बजे तक मतदान संख्या 239 पर 6:30 बजे तक मतदान हुआ इस मतदान के दौरान हुसैनाबाद के समस्त प्रशासनिक पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद प्रभारी सभी लोग अपने दल बल के साथ मतदान केंद्र पर उपस्थित रहे एवं मतदान को शांतिपूर्वक संपन्न कराया अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदाता शांतिपूर्वक अपने घर से निकले और निर्बाध रुप सेअपना मतदान किया।

## पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी के निधन पर किया गया शोक सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर,(पलामू) :** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर मंगलवार को आरसीआईटी कॉलेज परिसर में कार्यकर्ताओ ने शोक-सभा का आयोजन किया। शोक सभा में बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर दुःख व्यक्त किया गया। मृत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन भी रखा गया,शोक सभा में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि सुशील मोदी पिछले छह महीनों से कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, उनका एम्स में इलाज चल रहा था सुशील कुमार मोदी का निधन भाजपा के लिये अपूर्णीय क्षति है जिसकी पूर्ति कभी नही हो सकती, उन्होंने कहा कि उन्हें बिहार में भाजपा का भीष्म पितामह माना जाता था, जब-जब भाजपा परेशानी में होती थी, सुशील मोदी आगे आकर रास्ता बनाते थे शोक-सभा में दामोदर प्रसाद यादव, मनोरंजन गुप्ता, विमल चंद्रवंशी, सुनिल कुमार चौधरी, उदय दुबे, राधेश्याम विश्वकर्मा सहित भाजपा के कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने मतदान अधिकारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान के दौरान लापरवाही बरताने के आरोप में पुलिस ने एक मतदान अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन पर मतदान अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। धुरकी थाना क्षेत्र अंतर्गत सगमा प्रखंड के बूथ संख्या 367 उत्क्रमित मध्य विद्यालय संध्या दक्षिण में पदस्थापित क्क३ जयंत चौधरी पिता बुधन चौधरी ग्राम डंडा पर चुनाव कार्य के दौरान लापरवाही का आरोप है। मंगलवार को उक्त चुनाव अधिकारी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट सरोज कुमार से लिखित शिकायत मिली थी। वही सेक्टर मजिस्ट्रेट के आवेदन के आलोक में धुरकी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मतदान पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान पलामू लोकसभा में सोमवार को प्रत्येक बूथ में मतदान किया जा रहा था। वही मतदान पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही बरता जा रहा था।

## दो राष्ट्रीय पार्टी को अभी से ही डर सता रही है की किसके सर पर ताज होगा

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा लोकसभा चुनाव में मताधिकार के इस्तेमाल के प्रति मतदाताओं का रुझान उत्साहवर्धक रहा।13 मई के देर शाम तक 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ। इधर इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर शहर से लेकर प्रखंड श्रेत्र के लोगों में उत्साह देखा गया वहीं दूसरी ओर जैसा कयास लगाया जा रहा था वैसा ही वोटों के ध्रुवीकरण देखा गया फलतः चुनावी परिणाम काफी दिलचस्प व चौकाने वाला भी हो सकता है। चुनाव के इस दंगल मे बाजी कोन मारेगा यह सवाल आम जनों के बीच चर्चा हो रही है। वही दुसरी और मतगणना सम्पन्न के साथ ही हर राजनीतिक दल के प्रत्याशी अपने हार जीत को लेकर अपने पक्ष में पडे मतदान को लेकर अभी से ही यहाँ हार जीत को लेकर हर चौक चौराहों के साथ साथ पार्टी कार्यालयों में लगातार समीक्षा करते नजर आ रहे हैं बहरहाल चुनाव के मद्देनजर अटकलों का बाजार गर्म है चुनाव बिश्लशको का कहना है कि कहा जा रहा है कि तथा दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों को अभी से ही भय सता रहा है कि हम बोल्ड ना हो जाए। पता नही चुनावी परिणाम किसके पक्ष मे होगा। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक बिशेषज्ञो का कहना है कि इस चुनावी महासमर मे जीत की जितनी सम्भावना भाजपा के पक्ष में है उतना ही कांग्रेस के पक्ष में लडाई आमने सामने की हो गयी है हालांकि मतदान की अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है। बहरहाल यू कहा जाय तो गलत नही होगा कि इस चुवावी दंगल मे बाजी कोन मारेगा यह सवाल अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्रधान लिपिक ने महिला मरीज के लिए दान किया एक यूनिट ब्लड



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मंगलवार को पुलिस मैंश एसोसिएशन पलामू पुलिस की प्रयास से एक यूनिट ब्लड अधीक्षक कार्यालय के लिपिक संजीव रंजन ने अपने जीवन का रक्तदान महिला मरीज दुदून देवी के लिए किया। उक्त महिला महिला मरीज का हिमोग्लोगिन काफी कम हो गया था। इसके बाद डॉक्टर ने लेख एक यूनिट ब्लड और चढ़ाने का सुझाव दिया। इस पर महिला मरीज दुदून देवी के पुत्र नीरज प्रसाद ने पलामू पुलिस अधीक्षक से एक यूनिट ब्लड खून की सहायता का अनुरोध किया, तभी पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस मेंश एसोसिएशन के अधीक्षक कार्यालय में कार्यारत प्रधान लिपिक संजीव रंजन को सूचना दी गई। तब इन्होंने सदर अस्पताल में आकर अपना रक्तदान किया।

## न्यायरथ पहुंचा चैनपुर, लोगों ने रखी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को चैनपुर बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक, आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट नीतू सिंह ने कहा कि चलन्त लोक अदालत के माध्यम से गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं।ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके।उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा की जब तक लोग अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नही होंगे तब तक वो शोषण के शिकार होते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता से ब्यक्ति की दुर्बलता दूर होती है। उन्होंने कहा कि 14 बर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना कानूनन जुर्म हैं। उन्होंने शिक्षा के अधिकार व मनरेगा, सूचना के अधिकार आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है ,प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी,एस टी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं, ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है ।इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया ।इस मौके पर पीएलभी श्रीकांत तिवारी, कुसुम लता देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

उर्स के मौके पर सजेगी कव्वाली की शानदार महफिल

## हजरत दाता पीर बक्श शाह का सालाना उर्स 18 मई, कव्वाली 19 को





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद, पलामू :** हजरत दाता पीर बक्श का सालाना उर्स 18 मई और 19 मई को कव्वाली होगा, इसको लेकर शहर के पठानटोली मुहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास पर हुई, बैठक की अध्यक्षता डॉक्टर एजाज आलम ने की, संचालन हाजी अब्बास कादरी ने किया, बैठक में उर्स और कव्वाली को सफल बनाने के लिऐ चर्चा हुई, साथ ही तैयारी समिति का गठन किया गया, जिसने सर्वसम्मति से संरक्षक सैयद ज़क्की हुसैन,सैयद मशरूर अहमद उर्फ जापी, हाजी अब्बास कादरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्धिकी, संयोजक इब्राहिम सेठ, कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एजाज आलम, विधि व्यवस्थापक गुड्डू खान, मीडिया प्रभारी जफर हुसैन, सह मीडिया प्रभारी संजय ओझा, को बनाया गया, मौके पर कार्यकरी अध्यक्ष एजाज आलम ने कहा की उर्स के मौके पर अयोजित जलसा कार्यक्रम में हिंदुस्तान के नामी गिरामी मौलान, उलमा तसरीफ लाएंगे, साथ ही 19 मई को हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल शाहरुख साबरी, व सबा रंगीली के बीच शानदार महफिल सजेगी, उन्होंने कहा पिछले 25वर्षो से इस कमेटी के संयोजक इब्राहीम सेठ के सौजन्य से यह कव्वाली कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से समाजसेवी मशीर ख़ान, जाफर इमाम,नदीम खान, नुरुलह ख़ान, जब्बार खलीफा, अकरम ख़ान, बब्लू हुसैन, हीरू ख़ान, मंजूर अहमद, इसरार ख़ान, इसरार ख़ान, असगर अली, रामपरवेश सिंह, घिंनू कुमार, कमलेश शर्मा, धनंजय कुमार, सतेंद्र चंदेल, विकास कुमार, मुन्ना खलीफा, सद्दाम ख़ान, डॉक्टर आफताब आलम, समेत कई लोग मौजूद थे।

## छतरपुर सड़क दुर्घटना में लूना मोपेड चालक की हुई मौत, सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** फोरलेन सड़क दुर्घटना में ट्रक की लूना में टक्कर से लूना सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । ग्रामीण बताया कि मृतक मसीहानी ग्राम निवासी विजेंद्र उरांव (40 वर्ष)अपने लूना मोपेड जेएच् 03 ए जे /8401से घर जा रहा था हाई स्पीड गलत दिशा से छरी लदा हाईवा गाड़ी की चपेट में आ गया जिसे घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई आक्रोशित ग्रामीणों ने बाइपास फोरलेन सड़क को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। जाम होने के कारण गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई। सूचना पाकर छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को जाम हटाने की पहल किया।वही दुर्घटना की सूचना मिलने पर पूर्व नगर अध्यक्ष प्रत्याशी एवं समाजसेवी अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन घटना स्थान पर पहुंच घटना की निंदा करते हुए कहा कि एनएचआई को सड़क निर्माण से पहले लिखित रूप से ग्रामीणों ने इस चौराहे पर अंडर पास बनाने की मांग की थी लेकिन एनएचआई की मनमानी से यहाँ अंडर पास नहीं बना जिसके कारण इस चौराहे पर लगातार दुर्घटनाएं हो रहीं है और अब तक आधा दर्जन लोगों की जान चली गई फोरलेन बाईपास रोड कई जगह गलत निर्माण से आए दिन घटनाएं होती रहती है सडमा कॉलेज गेट के नजदीक एचपी पेट्रोल पंप के सामने गलत रोड क्रॉसिंग होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें कई लोगों की जान जा चुकी है अक्सर दो गाड़ियां की आपस में टक्कर हो जाती है इस क्रॉसिंग को बंद करने के लिए कई बार लोगों ने आवाज उठाया लेकिन बंद अब तक नहीं हुआ है लोगों ने छतरपुर एसडीओ के नाम तीन सूत्री मांग के साथ थाना प्रभारी को ज्ञापन सोपा है जिसमे कहा गया कि मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए मुआवजा दी जाए, घटना स्थल पर अंडरपास का निर्माण कराया जाए, फोरलेन पर नियमित पेट्रोलिंग कराया जाए ज्ञापन सौपने वालों में समाजसेवी अरविंद गुप्ता, मनोज यादव, गुड्डू अंसारी, प्रवेश यादव, छोटू पासवान, जीतू यादव, नसरूला अंसारी, रितेश कुमार, विकास कुमार अशोक उरांव, कंचन उरांव सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे वही छतरपुर पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदनीनगर भेजा और लोगो अस्वस्थ किया कि दोषी चालक बक्सा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दर्जनों युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा

**रांची ।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के द्वारा आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय हरमू रोड रांची में मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के नेतृत्व में मुख्य रूप से गिरिडीह के काली बाड़ी चौक के स्थानीय निवासी वर्तमान में मोराबादी के प्रियांशु बाला सिन्हा ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी के नीति सिद्धांत एवं आजसू प्रमुख पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से प्रभावित होकर आजसू का दामन थामा ।इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर प्रभारी जितेंद्र सिंह, महिला महानगर अध्यक्ष सीमा सिंह , प्रभा महतो , सत्येंद्र सिंह ,ऋतु सहाय, बिरेंद्र प्रसाद, टिके मुखर्जी,अनिल कुमार,युवा आजसू से गौतम सिंह,अजीत कुमार, छात्र संघ से आशुतोष सिन्हा, सूर्या प्रकाश, राजेश सिंह इत्यादि उपस्थित थे ।

### तारा शाहदेव मामले में रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को मिली जमानत

**रांची।** मंगलवार को झारखंड के सबसे चर्चित लव जेहाद, धर्मांतरण और यौन शोषण मामले में पूर्व नेशनल शूटर तारा शाहदेव के बयान के बाद एक रंजीत कोहली की मां कौशल रानी को हाई कोर्ट से जमानत मिल गयी है। कौशल रानी के साथ इस केस के एक अन्य दोषी ठहराये गये झारखंड हाई कोर्ट के पूर्व रजिस्ट्रार (निगरानी) मुश्ताक अहमद को भी कोर्ट ने जमानत दे दी है। लेकिन प्रकरण के दोषी और मुख्य कर्ताधर्ता रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सभी आरोपियों को सीबीआई कोर्ट से दोषी ठहराने के बाद सजा सुनाई गयी थी, जिसके विरुद्ध सभी आरोपियों ने हाई कोर्ट में सजा को चुनौती दी थी। बता दें

# प्रेक्षकगणों को मतदान के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** 08-रांची संसदीय क्षेत्र के लिए 25 मई 2024 को मतदान होना है। पूरी इलेक्शन मशीनरी द्वारा संसदीय क्षेत्र में तैयारियों की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान से संबंधित तैयारी को लेकर सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, पुलिस प्रेक्षक डॉ. जालिंदर डी सुपेकर एवं व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, नगर अधीक्षक ग्रामीण, सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं लोकसभा चुनाव के सफल संपादन के लिए जिला स्तर पर गठित विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारी एवं प्रभारी पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निर्वाची पदाधिकारी 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा द्वारा पीपीटी के माध्यम से मतदान को लेकर की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रेक्षकगणों को दी गयी। कार्मिक, वाहन, एमसीसी सी-विजिल, एमसीएमसी, सामग्री एवं अन्य कोषांगों द्वारा संपादित कराए जा रहे कार्यों के बारे में प्रेक्षकगणों को अवगत कराया गया। पोस्टल बैलट द्वारा मतदान से संबंधित तैयारी और व्यवस्था के बारे में भी प्रेक्षकगणों द्वारा जानकारी ली गयी। पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मोरहाबादी मैदान में कोषांग क्रियाशील है, जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट, पोलिंग पार्टियों के लिए रूट टैगिंग के साथ वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।बैठक के दौरान रांची संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी बूथों पर सुरक्षा मानकों के संबंध में भी चर्चा की गयी। जिस पर सभी ऑब्जर्वर द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। सभी प्रेक्षकों द्वारा संसदीय क्षेत्र में मतदान की तैयारियों की जानकारी लेने के बाद संतुष्टि जाहिर की गयी। निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने उम्मीद जतायी कि प्रेक्षकगणों द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उनका पालन सुनिश्चित करते हुए जिला के सभी अधिकारियों द्वारा रांची संसदीय क्षेत्र में स्वच्छ एवं शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराया जाएगा।

# अपने घरों व प्रतिष्ठानों में गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखें : निगम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशासक अमित कुमार के निदेशानुसार रांची नगर निगम द्वारा स्त्रोत पृथक्करण को बढ़ावा देने हेतु निगम क्षेत्रांतर्गत कई आवश्यक कार्य किये जा रहे है। इस संदर्भ में हर घर तथा प्रतिष्ठानों में स्त्रोत पृथक्करण हेतु जागरूकता तथा इस कार्य में गति लाने के लिए उप प्रशासक रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधकों तथा नगर अभियान प्रबंधकों के साथ समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई, जिसमे उप प्रशासक द्वारा 53 वार्डो के लिए तैयार किए गए सभी टीम को निदेश दिया गया कि आम नागरिकों को गीला-सूखा कूडा अलग-अलग किए जाने के उद्देश्य तथा झिरी में गेल के द्वारा 150 टीपीडी का सीबीजी प्लांट के बारे अवगत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप प्रशासन ने सभी टीम द्वारा तैयार किए गए स्त्रोत पृथक्करण से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई, जिसमें उन्होंने थोक अपशिष्ट जेनरेटर एवं अन्य प्रमुख अपशिष्ट जेनरेटर परॅसिर में स्त्रोत पृथक्करण हेतु प्रेरित करने तथा तैयार किए गए सूबी के अलावा हर एक छोटे बड़े प्रतिष्ठानों में स्त्रोत पृथक्करण हेतु संचालकों को प्रेरित करने का निदेश दिया। जन्होंने निगम क्षेत्रांतर्गत प्रत्येक नागरिकों से अपील की है कि अपने मवन परिसर या प्रतिष्ठानों में हरे एवं नीले रंग केकचरे का डिब्बा का उपयोग करे एवं सुखा कचरा को नीले कचरे का डिब्बा में डालें तथा गीले कचरे को हरे कचरे का डिब्बा में डालें। इसके अलावा उन्होंने निगन द्वारा BWG एवं



Household को प्रोत्साहित करने हेतु Star Ranking के प्रावधान की जानकारी नागरिकों को देने का निदेश दिया गया। जिसमें ससमय User Charge एवं पृथक्कृत अपशिष्ट दोनों देने पर उन्हें 5 Star Rating दिया जाएगा। जो केवल पृथक्कृत अपशिष्ट देते है, परन्तु ser Charge नहीं देते है उन्हें 3 Star Rating दिया जाएगा। जो केवल ser Charge देते है परन्तु पृथक्कृत अपशिष्ट नहीं देते है उन्हें 1 Star Rating दिया जाएगा।मौके पर उप प्रशासक रविन्द्र कुमार, सहायक प्रशासक निकेश कुमार निहारिका तिर्की, चंद्रदीप कुमार, मुकेश कुमार, नगर प्रबंधक, नगर अभियान प्रबंधक, इनफोर्समेंट टीम तथा अन्य कर्मी उपस्थित थे।

रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि गीले एवं सूखे कचरों के स्त्रोत पृथक्करण को अपने दैनिक जीवनशैली का अंग बनाये तथा अपने घरों/प्रतिष्ठानों में गीला सूखा कचरा अलग-अलग रखें।

## डॉ करमा उरांव न सिर्फ झारखण्ड बल्कि देश के प्रसिद्ध मानवशास्त्री थे : शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. डॉ. करमा उरांव की प्रथम पुण्यतिथि पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। शाहदेव ने कहा की आदिवासी समाज को दिशा प्रदान करने वाले प्रो. डॉ.करमा उरांव न सिर्फ झारखण्ड बल्कि भारत देश के प्रसिद्ध मानवशास्त्री थे। उनके चले जाने से झारखण्ड ने अपना एक महान सपूत खो दिया है। उनकी कमी हम हमेशा महसूस करते हैं।

# झारखंड के एहतेशाम ने कजाकिस्तान में लहाराया इंडिया का तिरंगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के एहतेशाम ने कजाकिस्तान में भारतीय तिरंगा लहाराया । एमएमए में अजरबैजान को चटाई धूल। झारखंड के चतरा लाइन मोहल्ला रहमत नगर के रहने वाले मो एहतेशाम (पिता महताब अंसारी) ने कजाकिस्तान के अलमाटी में आयोजित इंटरनेशनल मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में अजरबैजान के अगहबलेव को पराजित किया। चैंपियनशिप में एहतेशाम शुरू से ही दबदबा बनाये हुए था। तीन राउंड के इस फाइट में एहतेशाम को विजेता घोषित किया गया। कजाकिस्तान में इस फाइट का आयोजन नाइजा 59 चैंपियनशिप के तहत किया गया था। एहतेशाम



एमएमए में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इन्होंने अपनी ट्रेनिंग रशिया स्कूल और दिल्ली में ली है। मेट्रिक एसएस हाई स्कूल चतरा से इंटरमेडियेट राम नारायण इंटर कॉलेज हंटरगंज से पूरी की है। बीटेक मेकनिकल झारखंड राय यूनिवर्सिटी से की है। मो एहतेशाम ने कहा की इंडिया(भारत) के लिए यूएफसी का टाइटल बेल्ट जितना है। इनके इस कमियाबी पर देश दुनिया के साथ साथ घर वालों ने, समाज के बुद्धिजीवी और गण्यमान्य लोगो ने मुबारकबाद पेश की है।

## भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के समर्थन में राजीव रंजन मिश्रा ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभाम मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के वरिष्ट नेता राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में राँची लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान की शुरुआत भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू के द्वारा किया गया ।अभियान के दौरान अजय मारू ने जनता से संजय सेठ को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की एवं जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुँचाया ।जनसंपर्क अभियान के नेतृत्वकर्ता राजीव रंजन मिश्रा ने जनता को राँची के लोकप्रिय सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के द्वारा



किए गए कार्यों एवं योजनाओं को जनता तक पहुँचाया एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने अब की बार 400 पार को पूरा करने का संकल्प दिलाया ।जनसंपर्क अभियान में कैलाश केसरी , लंकेश सिंह , शंकर दुबे , बलकु उरांव , निर्मल पाहन , शाहिल कुमार , गोपाल पारीक , पीयूष आनंद , ज्योति शंकर साहू , अखिलेश राय , पिंटू तिवारी , कमल कांत दुबे , राजू सिंह , आशुतोष द्विवेदी, सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक संगठनों के लोग शामिल थे।

# भारतीय जनता पार्टी जोर शोर से चुनाव प्रचार कर रही है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव अपने चरम पर है, इसके निमित्त भारतीय जनता पार्टी जोर शोर से चुनाव प्रचार कर रही है, भाजपा कोकर मंडल लगातार विभिन्न क्षेत्र, अयोध्यापुरी, इमाम कोठी, दीपाटोली, चेशायर होम रोड, न्यू नगर दीपाटोली क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में पदयात्रा के माध्यम से आम जनता संवाद स्थापित कर रही है, लोगो को अपील कर रही है की, भाजपा रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करे।पदयात्रा के



दौरान कांके विधायक समरी लाल ने कहा की, हर क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में लहर दिख रहा है, उन्होंने कहा की, नरेंद्र मोदी के कंधो को मजबूत करने के लिए आतुर है। पदयात्रा में कांके विधायक समरी लाल, कांके विधानसभा की प्रभारी सीमा शर्मा, निवर्तमान पार्षद सुजात कच्छप, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पटेल, अनुसूचित जाति के प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, मंडल प्रभारी रणधीर सिंह, मंडल अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, राजू पांडे, वीरेंद्र बहादुर, बसंत पांडे, युवराज पासवान, रणधीर रजक, अर्जुन ठाकुर, सुनील कुमार, रूबी देवी, अनिल अग्रवाल, अजनेष सिंह, पवन सिंह, सोनू मिश्रा, अरुण गुप्ता, बंटी झा, शीतल वर्मा, चंदन शर्मा, सीमा तिग्गा, रीता कच्छप, निर्मला देवी, निशांत झा, बेबी गाड़ी समेत भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पेड न्यूज एवं विज्ञापन के विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन- 2024 में विभिन्न राजनीतिक दलों / उम्मीदवारों द्वारा प्रचार-प्रसार, विज्ञापन एवं पेड न्यूज की निगरानी हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा के आदेश के आलोक में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी कोषांग (एमसीएम सी ) शहर अंचल कार्यालय, रांची में 24म7 कार्यरत्त है। -14 मई 2024 को एमसीएम सी /मीडिया कोषांग में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एमसीएम सी /मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को सामान्य खबर, पेड न्यूज एवं विज्ञापन के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।मीडिया एवं संचार अधिकारी, राजेश



सिन्हा एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सह कार्यालय प्रमुख, गौरव पुष्कर, पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा कार्यशाला में मीडिया कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों को उनके कार्य से सम्बंधित विशेष जानकारी देते हुए बताया गया कि कैसे उन्हें पेड न्यूज और विज्ञापन में अंतर करना है, कैसे कोई न्यूज विज्ञापन भी हो सकता है और पेड न्यूज भी इसे समझने के लिए बहुत बारिकियों से इसे देखना पड़ता है। विज्ञापन और पेड न्यूज में एक महीन रेखा है, जिसे सही पकड़ और समझ से पहचाना जा सकता है।कार्यशाला में आए पदाधिकारियों द्वारा प्रतिनियुक्त कर्मियों को सामान्य खबर, पेड न्यूज एवं विज्ञापन विषय में बारीकी से बताया गया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रचारित-प्रसारित किन खबरों और विज्ञापनों को अंकित करना है और किस तरह से दैनिक प्रतिवेदन आय-व्यय कोषांग में देना है, इससे संबंधित जानकारी दी गई।

# प्रदेश भाजपा ने सुशील मोदी के निधन पर शोक जताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। देश एवं समाज सेवा में जीवनपर्यंत समर्पित रहने वाले सुशील मोदी जी का निधन पार्टी एवं राजनीतिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन की दुखद सूचना मिली। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन की दुखद खबर मिली। यह पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में जगह दें।पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री के निधन की खबर से मन व्यथित है। वे मृदुभाषी एवं मिलनसार थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय और डॉ0 दिनेशानंद गोस्वामी, महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## अपहरण छात्रा की तलाश में जुटी रांची पुलिस

**रांची।** डीपीएस स्कूल रांची की एक छात्रा का अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में छात्रा के परिजन ने जगन्नाथपुर थाना में मामला दर्ज कराया है। बताया गया कि घर के नजदीक बस स्टॉप के पास से ही अपहरण किया गया है । अपहरण का आरोप चुटिया थाना क्षेत्र के निवारणपुर के रहने वाले किसी वर्धन मंटू का नाम सामने आ रहा है। मामला उस वक्त की बताई जा रही है जब बेटी स्कूल से लौटने पर वे अपने बस स्टॉपेज पर उतरी वहीं पर वह लड़का खड़ा था । इस पूरे मामले में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी ने बताया कि अपहरण का मामला दर्ज हुआ है, लेकिन तिथि अभी याद नहीं है।

# भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी का आज रांची में कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेयी 15 मई को रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

बाजपेयी दोपहर 12 बजे सरायकेला खरसावां जिले के ईचागढ़ विधानसभा के नीमडीह, रघुनाथपुर के ब्लॉक ऑफिस के सामने महिला लाभार्थी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे।

बाजपेयी 2:30 बजे से ईचागढ़ विधानसभा की बैठक में शामिल होंगे। बैठक पूर्व विधायक स्वर्गीय साधु चरण महतो के आवास स्थित वि. स. चुनाव कार्यालय में होगी।

इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी बालमुकुंद सहाय, प्रत्याशी संजय सेठ, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंह, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। वाजपेयी जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा की संयुक्त बैठक में शाम 5:00 बजे से शामिल होंगे।

बैठक का आयोजन जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में किया गया है। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा, प्रत्याशी विद्युत वरण महतो, जमशेदपुर महानगर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा प्रभारी मिथिलेश सिंह यादव, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा प्रभारी कमल किशोर, पोटका विधानसभा प्रभारी बारी मुर्मू मौजूद रहेंगे।

## तेजस्वी यादव आज चार जगहों पर करेंगे जनसभा

**रांची :** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव 15 मई को झारखंड आयेंगे। इस संबंध में राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने मंगलवार को बताया कि बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 15 मई को प्रचार-प्रसार के लिए झारखंड में चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इनमें चतरा के हंटरगंज स्थित हाई स्कूल, हजारीबाग के कटकमसांडी के छड़वा मैदान, गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित पेसरा टांड मैदान और कोडरमा के मध्वाटांड पावर हाउस ग्राउंड शामिल हैं।

## सदर अस्पताल में क्यू आर कोड से कटा सकते हैं पर्ची

**रांची।** सदर अस्पताल रांची ने मरीजों को सुविधा देने के लिए एक बेहतरीन पहल की है। अब क्यू आर कोड के माध्यम से पर्ची काटने की व्यवस्था सदर अस्पताल में की गई है। रांची के सदर सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मरीजों के परिजनों को अब लाईन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। इस बाबत सदर प्रबंधक ने अहम बदलाव कर दिए है। जिसके तहत अब क्यू आर कोड की व्यवस्था लागू कर दी गयी है। जिसके बाद अब डॉक्टर से मरीजो को कंसल्ट करने का टोकन दिया जाएगा।

# शिक्षाविद डॉ करमा उरांव के प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वर्गीय डां करमा उरांव के प्रथम पुण्यतिथि पर मोरहाबादी स्थित उनके आवास में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी समुदाय के साथ शिक्षाविद, समाजिक कार्यकर्ता के साथ सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। इस मौके पर लोगों ने झारखंड के लिए और सरना समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया साथ ही आखिर समय में उनके द्वारा चलाए जा रहे अभियान स्थानीय नीति, सरना धर्म कोड शैक्षणिक संस्थानों में सुधार,



आदिवासी मूलवासी युवाओं को रोजगार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सर धर्मगुरु बंधन तिग्गा, पूर्व कुलपति रमेश कुमार पाण्डे, प्रो हरि उरांव, एस अली, शिवा कच्छप, बलकू उरांव, आजम अहमद, विभयनाथ शाहदेव, सुनील सिंह, प्रवीन देवगढ़या, रमज़ान कुरैशी, निरंजन हेरेंज, दिनेश उरांव, कमले उरांव, शिव शंकर उरांव, शिव प्रसाद साहू आदि शामिल थे। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय करमा उरांव के पत्नी शांति उरांव व परिजनों से मिलें साथ आदिवासी मूलवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार को महान शिक्षाविद और आंदोलनकारी डां करमा उरांव कि याद में शैक्षणिक संस्थानों का नामकरण करनी चाहिए इस मुद्दे पर जल्द ही सभी लोग संगठित होकर राज्यपाल एवं राज्य सरकार से मांग करेंगे।

# यशस्विनी ने बुढ़मू एवं खेलारी प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोक सभा क्षेत्र से महागठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मंगलवार को बुढ़मू और खेलारी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर उन्होंने मुहल्लों और बाजारों में जाकर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय और सुरेश बैठा मुख्य रूप से उपस्थित थे। जगह-जगह लोगों ने माला पहनाकर यशस्विनी सहाय का स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के तहत सहाय ने ठाकुरगांव बैंक मोड़ में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। सिदरौल टाना भगत स्कूल के पास आदिवासी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इसके बाद वे बुढमू चौक में कार्यालय का उद्घाटन कीं। यहां से सहाय चकमे चौक पहुंचीं, जहां कांग्रेस के कार्यकताओं ने उनका अभिनंदन किया। जनसंपर्क अभियान के तहत वे उमेडंडा चौक, सारले महुआ खुटा, ग्राम सुमो, बमने, राय चौक, निर्मल महतो चौक, जतरा टांड़, चुरी होचर, महुआखोरा अखरा में लोगों से मिलीं। स्थानीय पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। फिर जी टाईप , बाजार टांड़, लपरा, नवाडीह मंदिर, धमदमिया, महावीर चौक, करकट्टा, बड़की टांड़, जेहली टांड़, मोहन नगर, डकरा मार्केट, चुरी केनरा बैंक, राय का दौरा किया।

## दसवीं बोर्ड की परीक्षा में संत जॉन स्कूल की छात्रा फलाह नाज़ सीबीएसई बोर्ड में 92% लाकर अपनी स्कूल की टॉपर बनी



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुकबुका पंचायत में चलाया जनसंपर्क अभियान

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को प्रखंड के बुकबुका पंचायत स्थित एसीसी कॉलोनी, साईंनगर, प्रगति नगर, चानक धौड़ा, नया धौड़ा, केडी बाजार, महावीर नगर कॉलोनी, पहाड़ी मंदिर के क्षेत्र तथा गुलजारबाग में जनसंपर्क अभियान मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में चलाया गया. जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश भाजपा के मंत्री मनोज कुमार महतो, जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, सांसद संजय सेठ के पुत्र ऐश्वर्य सेठ एवं भाजपा प्रदेश एससी मोर्चा के मंत्री कमलेश राम शामिल थे. जनसंपर्क के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क करते हुए लोगों से आगामी 25 मई को क्रम संख्या 3 पर बटन दबाकर भाजपा प्रत्याषी संजय सेठ को भारी मतो से विजयी बना कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का आग्रह किया. जनसंपर्क में खलारी मंडल के भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास दूबे,अरबिंद सिंह, मंडल महामंत्री कार्तिक पांडे, अनिल गंझू, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, सरस्वती देवी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गणेश यादव, श्याम सुंदर सिंह, फुलेश्वर महतो, ममता केसरी, वीना देवी, किरण देवी, सरिता देवी, नीरा देवी, आनंद सिंह, अरविंद सिंह, विष्णु मुंडा, भरत प्रजापति, भरत रजक, शत्रुंजय सिंह, रतन लाल, कुलदीप लोहरा, रामसेवक यादव, रामप्रवेश नायक, दिलीप पासवान, अनिता देवी, कविता देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.

## डीएवी खलारी का सीबीएसई बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी खलारी का सी.बी.एस.ई बारहवीं एवं दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा. विद्यालय के बारहवीं के वाणिज्य संकाय में 30 और विज्ञान संकाय में कुल 59 छात्रों ने परीक्षा दी थी.वाणिज्य संकाय की छात्रा राखी कुमारी 93.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी.वहीं छात्रा प्रिया कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक के साथ दुसरे और दीपक कुमार विष्वकर्मा 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे. वाणिज्य संकाय में 9 छात्रों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किए.वहीं 22 छात्र प्रथम श्रेणी में उर्तीण हुए.विज्ञान संकाय में छात्रा काष्फा निगार 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकाय की टॉपर रही. वहीं स्वेता कुमारी और सक्षम रावत सयुंक्त रूप से 87.2 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे. छात्रा श्रेया राज 85.8 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही. विज्ञान संकाय में 14 छात्रों ने डिस्टिंक्शन अंक प्राप्त किए. वहीं 43 छात्र प्रथम श्रेणी में उर्तीण हुए.

## सरलीकृत दर कार्ड नीति की घोषणा की गई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के घरेलू ईकॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने एक बिल्कुल नई सरलीकृत दर कार्ड नीति की घोषणा की है जिसका उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर विक्रेता अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव लाना और अधिक निपटान स्पष्टता को सक्षम बनाना है। 18 मई, 2024 से प्रभावी होने वाले नए दर कार्ड में एक सरलीकृत संरचना, प्रतिस्पर्धी शुल्क दरें और एक अद्यतन शिपिंग नीति है, जो ग्राहक मूल्य को बढ़ाती है और बड़े पैमाने पर संचालन को सुव्यवस्थित करती है। सरलीकृत दर कार्ड के माध्यम से यह परिवर्तनकारी परिवर्तन समान विकास के अवसरों को बढ़ावा देगा, जो विक्रेताओं को सशक्त बनाने के लिए फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस पहल के माध्यम से फ्लिपकार्ट भारत में ई-कॉमर्स के लिए एक आशाजनक भविष्य को आकार देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहा है।

## प्रत्येक बच्चे को आवश्यक टीकाकरण और फलने-फूलने का अवसर मिले : डॉ. अभिजीत सरकार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉक्टर माता-पिता को उचित टीकाकरण कार्यक्रम का पालन करके अपने बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की सलाह देते हैं।यह विश्व टीकाकरण सप्ताह (24-30 अप्रैल) विश्व स्वास्थ्य संगठन के विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम की 50वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह मील का पत्थर वैश्विक टीकाकरण प्रयासों का सम्मान करता है जिसने पिछले पाँच दशकों में कई लोगों की जान बचाई है और समुदायों की रक्षा की है। हावड़ा के कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन और नियोनेटल इंटेंसिविस्ट डॉ. अभिजीत सरकार कहते हैं, टीकाकरण प्रयासों को प्राथमिकता देकर और वैश्विक समुदाय के रूप में मिलकर काम करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि प्रत्येक बच्चे को आवश्यक टीकाकरण और फलने-फूलने का अवसर मिले।

## मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन कटिबद्ध है। चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए और मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए समय-समय मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। इसी के साथ आज मतदान कर्मियों को तीसरे दिन भी प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज निरीक्षण कर चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बिंदुओं पर बारिकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने करने का निर्देश दिये । मतदान कार्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को ईवीएम, वीवी पैट के कनेक्शन, संचालन एवं समस्त मतदान प्रक्रियाओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया।

## इंडक्शन मीटिंग का आयोजन

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के जेजे कॉलेज, कोडरमा अध्ययन केंद्र में इंडक्शन मीटिंग का आयोजन अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ निकहत प्रवीण की अध्यक्षता में हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक एस मोहंती शामिल हुए। यह इंडक्शन मीटिंग जनवरी 2024 सत्र में नामांकित छात्र छात्राओं हेतु आयोजित किया गया था। इस बैठक में इग्नू के परामर्शदाता डॉ डी के सिंह, प्रो अजय झा, प्रो शाहिद अली, डॉ दीपक कुमार, प्रो रामस्वरूप यादव, डॉ सुष्मिता आदि ने छात्र छात्राओं को इग्नू से संबंधित जानकारियां को साझा किया। क्षेत्रीय निदेशक एस मोहंती ने सभी छात्र छात्राओं को इग्नू के विभिन्न विषयों को बिंदुवार परिभाषित किया। छात्र छात्राओं को री रजिस्ट्रेशन, असाइनमेंट , परीक्षा और अन्य विषयों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यक्रम का मंच संचालन रीतेश माधव और धन्यवाद ज्ञापन डॉ डी के सिंह ने दिया। इस कार्यक्रम में क्रांति सिंह, विमलेश राम और तिलक यादव समेत अध्ययन केंद्र के अन्य सभी कर्मी मौजूद थे।

## बीएलओ समेत मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा आम चुनाव के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे सरकारी कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की सुविधा मुहैया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जा रहा है। अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में चुनाव कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों ने पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया। मतदान करने के उपरांत उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य में लगे रहने के कारण मतदान करने में काफी दिक्कतें होती थी, लेकिन आज हमलोगों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। मतदान के बाद सभी कर्मियों की अंगुलियों पर अमिट स्याही भी लगाई गई। इसके साथ साथ लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों ने भी पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस ने सीमांत क्षेत्रों में चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** लोकसभा चुनाव को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के छः पंचायत में आगामी 20 मई को मतदान होगा,जिसको लेकर पुलिस के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।पिपरवार के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर व चेकनाका बनाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।

जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर चैकनाका बनाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है।इस चेकनाका में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात देखे जा रहे है।वही दंडाधिकारी के नेतृत्व में उड़न दस्ता की टीम इलाके का भ्रमण कर वाहन चेकिंग अभियान चला रही है।इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर व चेकनाका लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने की अपील की है।उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।साथ ही यह अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही।

## आजसू पार्टी का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, शामिल हुए संजय सेठ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी का सिल्ली विधानसभा स्तरीय सम्मेलन सोमवार को सिल्ली के आम बगान में किया गया। सम्मेलन का संचालन प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी जनता के बीच पुरी लगन निष्ठा के साथ पांच सालों तक काम करती है। कुछ लोग तो सिर्फ चुनाव के समय ही नजर आते हैं। विकास के मामले में सिल्ली सबसे आगे हैं। नरेंद्र मोदी के दस सालों के कार्यकाल में देश का एक एक क्षेत्र में विकास हुए हैं। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है वे लोग सिर्फ देश कि जनता को भ्रमित और ठगने का काम करने में लगे हुए हैं। इससे जनता को समाज को काफी नुकसान हो रहा है।

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा की जनता अब किसी के दबाव में और बहकावे में नहीं आने वाली है।इस बार 400 पार कर पिछला रिकॉर्ड टुटने वाला है।इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विधायक प्रबोध मिंज भी शामिल हुए और नरेंद्र मोदी दस सालों के विकास के कार्यो को सभी तक पहुंचाया।इस मौके पर संजय सिध्दार्थ, जयपाल सिंह,चितरंजन महतो,रोशन मुंडा, राजेन्द्र शाही मुंडा,वीणा चौधरी, सुनील सिंह,संजय महतो,सोमरा मांझी आरती देवी,रेखा देवी, विनय महतो धीरज, बिनोद साहु, मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता बंधु तिर्की ने माले प्रत्याशी विनोद सिंह के लिए मांगे वोट

**कोडरमा :** प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह मांडर के पूर्व विधायक बंधू तिर्की ने मंगलवार को कोडरमा के विभिन्न इलाकों में जनसम्पर्क अभियान चलाकर इंडिया गठबंधन के भाकपा माले उम्मीदवार विनोद सिंह के लिए वोट मांगे। डोमचांच प्रखण्ड के विभिन्न गांवों में ढिबरा मजदूरों के बीच ढिबरा बचाने के लिए भाजपा को हराने की अपील की।ढोढाकोला चौक पर ढिबरा मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि 20-25 साल से जिन्होंने इस क्षेत्र की जनता से वोट लिया, उस क्षेत्र के लोग ढिबरा चुनने-बेचने के वैध अधिकार से भी वंचित है।यह भाजपा के लिए शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि कोडरमा में भाजपा से विधायक और सांसद है।केंद्र में मंत्री भी है, इसके बाबजूद कोडरमा की जनता बिजली, पानी, सड़क और रोजगार की बुनियादी सवालों से जूझ रहे है। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों ने ढिबरा को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है, लेकिन मजदूरों की लड़ाई को भाजपा की केंद्र सरकार ने लिथियम के नाम पर ढिबरा नीति पर रोक लगाकर नाइंसाफी की है।

### डीएवी बचरा मे बच्चों के साथ अभिभावक को किया गया सम्मानित

## बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षको के साथ अभिभावको का योगदान जरूरी : आरबी प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में सीबीएसई दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीएवी बचरा के छात्र छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम मे स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद ने स्कूल के टॉपर सहित सभी सफल छात्र-छात्राओ सहित उनके अभिभावको को मिठाई खिलाकर बधाई दी और बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस संबंध मे प्राचार्य आरबी प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष दसवीं और बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।बच्चों ने कड़ी मेहनत और परिश्रम के साथ सफलता प्राप्त की है।बच्चों के इस सफलता पर स्कूल में खुशी की लहर देखी जा रही है।पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्कूल का परिणाम काफी बेहतर रहा है।

जिसके लिए स्कूल के सभी शिक्षको के अलावा अभिभावकों की सराहनीय भूमिका है।उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन लिए काफी जरूरी है।शिक्षा के बिना सफलता असंभव है।बेहतर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे शिखर तक पहुंचते हैं।ऐसे में बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावकों का योगदान काफी जरूरी है।शिक्षको के साथ-साथ अभिभावकों को भी बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।कार्यक्रम मे छात्र आभांशु द्विवेदी, आशुतोष कुमार ओझा, देवाशीष कुमार गुप्ता,खुशबु कुमारी, देवाशीष सिन्हा,ओम आदित्य, राघव कुमार,सृजा दत्ता, भव्यता विश्नकर्मा,कृष्णा यादव, आर्यन कुमार,श्रेया कुमारी, शिल्पा कुमारी,गौरव कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।इस मौके पर प्राचार्य आरबी प्रसाद,शिक्षक एके लाल,एपी द्विवेदी, सीएस सिंह,एसके पाण्डेय,एके शर्मा,प्रेमसागर,सुदीप्ता डे,सुमित कुमार सहित स्कूल के कई शिक्षक बच्चे और उनके अभिभावक मौजूद थे।

# विभिन्न रोचक व शिक्षाप्रद गतिविधियों का केंद्र रहा सरला बिरला पब्लिक स्कूल का समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा 2024



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में समर कैंप एक्सट्रावेगेंजा 2024 का आयोजन किया गया। पूरा विद्यालय परिसर बच्चों की किलकारियों, उत्साह और उल्लास से गूंज उठा। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर द्वारा किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को ऐसा अवसर प्रदान करना था जिनमें वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल को उभार सकें। स्कूल ने एन ईपी 2020 और एनसीएफ 2023 के अनुरूप छात्रों के लिए विभिन्न रचनात्मक और ऊर्जावान कला और खेल एकीकृत गतिविधियों का आयोजन किया। सुश्री कविता द्विवेदी द्वारा ओडिसी नृत्य पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जो स्पिक मैके से संबंधित थी । उन्होंने छात्रों को इस नृत्य शैली के महत्व और प्रासंगिकता से अवगत कराते हुए बहुत ही शालीनता और सुंदरता के साथ प्रशिक्षित किया। सुश्री कविता इस क्षेत्र में एक अनुभवी प्रशिक्षक रही हैं।

ब्रश एंड बियॉन्ड के अंतर्गत पारंपरिक कला रूपों को ध्यान में रखते हुए छात्रों को सोहराई और मधुबनी पेंटिंग सिखाए गए । इसके अलावा छात्रों ने बुकमार्क बनाना, क्ले मॉडलिंग, छाता पेंटिंग, रचनात्मक फाइल कवर बनाना, टी-शर्ट पेंटिंग आदि भी सीखा। हेरिटेज एंड हार्मनी के छात्र विभिन्न लोक-नृत्य पर थिरकते नजर आएं । अतिथि शिक्षक महोदय ने, मैथ मैजिक के तहत गणित के कठिन से कठिनतम सवालों को चुटकियों में सुलझाने का ट्रिक बताया जिससे बच्चों का आत्मविश्वास कई गुना बढ़ते देखा गया। रोबो ट्रिक्स बच्चों का पसंदीदा विषय रहा जिसमें बच्चों को रोबोट के बेसिक पार्ट्स के बारे में बताया गया । मशीन तथा रोबोट के अंतर को बताते हुए रोबोट कैसे हमारे द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हैं इस कोडिंग के द्वारा समझाया गया। रोबोट को कैसे प्रोग्राम कर सकते हैं, इसे बच्चों ने स्वयं करके दिखाया। एनईपी 2020 के कौशल आधारित शिक्षा के मुख्य उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इस समर कैंप में शिक्षकों द्वारा प्रत्येक बच्चे की क्षमता और कुशलता को निखारने तथा मांजने का कार्य किया गया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों की सराहना की तथा उन्हें विश्वास दिलाया कि इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने से वे समय का सदुपयोग करना सीखेंगे तथा अपनी क्षमताओं को जानने और नए कौशलों को सीखने का अवसर मिलेगा जिसका लाभ उन्हें जीवन पर्यंत मिलेगा।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक का आयोजन



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुटी मंडा टांड़ में 12 मई 2024 दिन रविवार को रात 8ः00 बजे से देर रात तक रांची लोकसभा चुनाव के मध्य नजर एक बैठक आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने एक मत से निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को हेलमेट छाप पर वोट देने का निर्णय लिया। श्री राम किशोर ओहदार वरिष्ठ वकील ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लगातार झारखंडियों की अवहेलना करते हुए बाहरी को टिकट देने और चुनाव के वक्त स्थानीय नेताओं को जेल में भेजने का काम किया है। इन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा चुनाव केंद्रीय मुद्दा पर नहीं स्थानीय मुद्दा पर होना चाहिए। संजय महतो अध्यक्ष माय माटी 1932 खतियान ने कहा कि टाइगर जयराम महतो के लोकप्रियता से भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इन्होंने छात्र नेता एवं सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाने वाले देवेंद्र नाथ महतो को षड्यंत्र के तहत जेल भेजने का आरोप लगाया। श्रीमती फुलो देवी ने कही कि रावण को मारने के लिए प्रभु श्री राम आए थे और झारखंड नवनिर्माण के लिए टाइगर जयराम महतो आए हैं। इन्होंने देवेंद्र नाथ महतो को क्रम संख्या 24, चुनाव चिन्ह हेलमेट छाप पर वोट करने का अनुरोध की और कही कि हम महिलाएं जनी शिकार के तर्ज पर दुसरे गांव में जाकर देवेंद्र नाथ महतो के लिए अपने पैसे से प्रचार प्रसार करेंगे। सभा को संबोधित करने वालों में जितेंद्र महतो महामंत्री जेबीकेएसएस, मोहनलाल महतो शिक्षाविद, माखन लाल ओहदार, महावीर मुंडा, कृष्ण कुमार महतो, सुनील महतो, बलराम महतो, सत्यम ओहदार, बबलू महतो, कर्मदेव बैठा आदि विशेष रूप से शामिल हुए एवं रामेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

## मदर्स डे के थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईआईसीसी एवं आईएनआईएफडी संस्थान में टी-शर्ट पेंटिंग कम्पटीशन का आयोजन किया गया जिसका थीम मदर्स डे पर था . इस में इंस्टिट्यूट के फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया . विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक पेंटिंग बनायीं और अपने हुनर का प्रदर्शन किया . सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्राइज दिया गया जिसमे 1st प्राइज- कीर्ति सिंह, 2nd प्राइज - नीलिमा एवं मुस्कान के बीच टाई रहा , 3rd प्राइज - तस्निआ खातून को दिया गया. शिक्षकगण में डेजी सिन्हा, आफरीन इरशाद, शिखा सराओगी, स्वीटी कुमारी, दीपाली बिस्वास, हरेंद्र कुमार , आमिर आरफीन आदि उपस्थित थे . हमारे इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर DR. MD. MAHBOOB ALAM ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामना भी दी .



## पीठासीन पदाधिकारी के डायरी, प्रपत्र 17 ए एवं अन्य दस्तावेजों की हुई जांच



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी लोकसभा के लिये सोमवार को मतदान संपन्न होने के पश्चात मंगलवार को बिरसा कॉलेज परिसर में सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूंटी समेत संबंधित विधानसभा के ए.आर.ओ व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशियों / प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पीठासीन पदाधिकारियों की डायरी,प्रपत्र 17 ए एवं अन्य दस्तावेजों की संवीक्षा की गयी। विदित हो कि मतदान प्रक्रिया के उपरांत भी पारदर्शिता रहे,इसी उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में यह संवीक्षा का कार्य किया जाता है। संवीक्षा के पश्चात ईवीएम स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया वहीं स्ट्रांग रूम की सुरक्षा भी कड़ी कर दी गयी है। सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

## बेड़ो से 11 हाजी हज के लिए सऊदी अरब रवाना



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज के लिए सऊदी अरब स्थित मक्का जाने का सपना हर मुसलमान का होता है। हर वर्ष लाखों की संख्या में देशभर के मुसलमान वहां जाते है। इस वर्ष हज के लिए बेड़ो प्रखंड से कुल 11 हाजी हज के लिए गये हैं। हाजीयों का पहला जत्था में 9 हाजी और दूसरा जत्था में 2 हाजी मंगलवार की रात्रि राँची से कोलकाता के लिए रवाना हुए। बेड़ो प्रखंड के कराँजी गांव से मंगलवार को इस्माईल अंसारी और पत्नी शबनम खातून हज के लिए रवाना हुए। हज यात्रियों से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भेट कर हज के दौरान देश में शान्ति व खुशहाली के लिए दुआ करने की अपील की। हाजीयों को फुल-माला पहनाकर स्वागत किये। हज पर जाने वालों को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विदा किया। इस विदा के दौरान रेलवे स्टेशन पर हज पर जाने वाले यात्रियों के रिश्तेदार और परिचित के अलावे कई लोग मौजूद रहे। हज के लिए रवानगी के दौरान ईस्माइल अंसारी ने बताया कि कलकता से 16 मई को हवाई जहाज से जद्दा के लिए रवाना होगी। वहीं जद्दा शहर से बस से मदीना पहुचेंगे। जहां 8 दिन रूकेंगे और मस्जिद-ए-नबवी में 40 वक्त की नमाज अदा करेंगे, इस दौरान बाकी वक्त में ऐतिहासिक जगहों जैसे मस्जिदे कुबा, रेयाजुल जन्नत, गारे हेरा सहित अन्य जगहों का जेयारत किया जायगा। तत्पश्चात मदीना शरीफ से मक्का का रवानगी होगी, जहां उमराह का एहराम बांधा जायगा। मुक्कमल होने के बाद जिलहिज्जा के 8-13 तक में हज मुक्कमल होगी। हज मुक्कमल होने के बाद विदाई सवाब किया जायगा। 5 जुलाई को वापसी होगी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## बड़ा गम्हरिया में तीन दिवसीय भोक्ता पूजनोत्सव संपन्न

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़ा गम्हरिया में शिव भक्त समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय भोक्ता पूजनोत्सव विधि विधान से पूजा पाठ के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालूओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। इससे पूर्व 200 से अधिक भोक्ताओं ने व्रत रखते हुए स्थानीय शिव बांध में स्नान कर विधिवत पूजा अर्चना व संकल्प लेकर दंडी प्रणाम करते हुए बड़ा गम्हरिया के बांकापाड़ा स्थित शिव मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। इस दौरान कई श्रद्धालुओं ने रास्ते में पानी छिड़काव कर भोक्ताओं की सेवा किया। इस मौके पर समिति की ओर से छऊ नृत्य का आयोजन भी किया गया। इसके आयोजन में मन्दिर के मुख्य पुजारी गणेश मुखर्जी, सोमनाथ मुखर्जी, पूजा कमेटी के अध्यक्ष भृगुराम पाल, सचिव माथुर दास, कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द दास, तपन चौधरी, बादल दास, मनोरंजन बेज, किशोर बेज, मोहित दास, गणेश मुखर्जी आदि का योगदान रहा।



## पत्नी के साथ अवैध संबंध के शक में धारदार हथियार से हमला, घायल

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर गांव में बीत रात लाल मोहन ने अपने पत्नी के साथ अवैध संबंध के शक में डाडु मुदुइया को धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया. घायल डाडु मुदुइया का इलाज राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजनगर में चल रहा है.घटना के संबंध में डाडु मुदुइया ने बताया कि बीते सोमवार की रात को मैं मैदान की ओर शौच करने गया था. शौच करने के बाद जब लौट रहा था. अचानक पीछे से लाल मोहन ने सब्जी काटने वाला धारदार हथियार से गला पर वार कर दिया।



## सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम कमीशनिंग कार्य का किया निरीक्षण

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडु एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनन्य मित्तल ने को-ऑपरेटिव कॉलेज पहुंचकर ईवीएम एवं वीवीपैट के कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। को-ऑपरेटिव कॉलेज में 47-जुगसलाई, 48 जमशेदपुर पूर्वी व 49 जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आगामी 25 मई को मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षित अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी से निगरानी का भी जायजा लिया तथा 24×7 सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए। इसके पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एलबीएसएम कॉलेज में ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। एलबीएसएम में 44 बहरागोड़ा, 45 घाटशिला, 46 पोटका विधानसभा में प्रयुक्त होने वाले ईवीएम का कमिशनिंग कार्य किया जा रहा।



## बच्चों ने योग और खेल के साथ सीखा चॉकलेट बनाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आर्टेक्स आर्ट क्रिएशंस एवं शिवम शिल्प कला केंद्र के अंतर्गत सोनारी स्थित आर्किड अपार्टमेंट के क्लब हाउस में चार दिनों के समर कैंप का समापन आज मुख्य अतिथि एनजीओ युवा के फाउंडर समाज सेवी सह शिक्षक अरविंद तिवारी ,मनोरमा देवी,सीमा सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। आर्टेक्स क्रिएशंस की संचालिका सह समाज सेविका मधु सिंह ने बताया कि बच्चों ने इन चार दिनों में मस्ती के साथ कलात्मक वस्तुओं का निर्माण सीखा, खेल कूद, योगा का आनंद लिया, अच्छे आचरण के बारे में सीखा एवं पर्यावरण आदि की जानकारी भी ली। इस दौरान विभिन्न केटेगरी में बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों ने समर कैंप को लेकर उम्मीद दिखाई की अगले साल फिर समर कैंप का आयोजन हो। मधु सिंह ने सभी मेहमानों, माता पिता और बच्चों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



## नशेड़ी बेटे ने पिता और भाई को मारकर किया घायल

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव में बीते रात गौतम ज्योतिषी ने अपने पिता से पैसे की मांग की.नहीं देने पर अपने बुजुर्ग पिता सचिन्द्र ज्योतिषी (78) और बड़े भाई उत्तर कुमार ज्योतिषी (42) को डंडे से मार कर उनका शिर फोड़ दिया. घटना बीती रात करीब नौ बजे की है. घायल सचिन्द्र ज्योतिषी एवं उसका बेटा उत्तर कुमार ज्योतिषी को 108 एम्बुलेंस से राजनगर सीएचसी लाया गया. जहां उनका प्राथमिक इलाज किया गया.घायल पिता सचिन्द्र ज्योतिषी ने बताया कि उनका छोटा बेटा गौतम ज्योतिषी बार- बार उससे पैसे की मांग करता है. उन्हें सरकार से वृद्धावस्था पेंशन के रूप में एक हजार रूपये मिलता है. वह भी मांग कर ले लेता है. उसने उसका हिस्सा का सारा जमीन भी बेच दिया. हमेशा नशे में धुत में रहता है और अपनी मां को भी पैसे के लिए भद्दी भद्दी गालियां देता है।



# टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट में पत्थर से कुचलकर लोडर चालक की हत्या

**- सुरक्षाकर्मी की गोली से एक युवक की मौत, प्लांट में मचा कोहराम**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** गम्हरिया स्थित टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट के स्लैग डंपिंग यार्ड में मंगलवार को स्क्रैप माफियाओं द्वारा 45 वर्षीय लोडर चालक अभय सिंह की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई। उंक्त घटना के बाद कंपनी के सुरक्षाकर्मियों की गोली से स्क्रैप चोरी कर भाग रहे एक चोर की भी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची गम्हरिया पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना के बाद कंपनी परिसर में हड़कंप मच गया। फिलहाल इस मामले में ना तो प्रबंधन और ना ही पुलिस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने आई है। हालांकि पुलिस के आलाधिकारी घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार, टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट के स्लैग डंपिंग यार्ड में स्क्रैप माफियाओं द्वारा स्क्रैप चोरी करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे पे लोडर ऑपरेटर अभय सिंह ने रोकने का प्रयास किया। उसके बाद माफियाओं ने ऑपरेटर की पत्थर से कूचकर हत्या कर दी। मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने हत्या कर भाग रहे स्क्रैप माफियाओं को देखा तो उस पर गोली चला दी जिसमे एक स्क्रैप चोर की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि आए दिन स्क्रैप माफिया कंपनी का बाउंड्री फांदकर कंपनी यार्ड से स्क्रैप की चोरी करते हैं। इसका विरोध करने पर वे मरने-मारन पर उतारू हो जाते हैं। अंदरखाने की माने तो इसके पीछे एक बड़े सफेदपोश नेता का हाथ है। उसी के इशारे पर स्क्रैप माफिया खुलेआम कंपनी से स्क्रैप की चोरी करते हैं जिसपर हाथ डालने की हिमाकत पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी भी नहीं कर पाते हैं। फलस्वरूप, मंगलवार को यह घटना हुई



## गम्हरिया निवासी आकाश ने जिले का बढ़ाया मान, राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** मात्र बारह वर्ष की आयु में गम्हरिया निवासी आकाश कुमार महतो ने जिले ही नहीं पूरे झारखंड राज्य का मान बढ़ाया है। उसने बीएचयू कैम्पस वाराणसी में विगत दिनों आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया है। इससे पूर्व आकाश ने टाटा स्टील व विद्या ज्येति विद्यालय गम्हरिया द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा में भी अव्वल होने का गौरव प्राप्त किया था। पदक प्राप्त कर वापस लौटने पर गम्हरिया में पूर्व सैनिकों की संस्था द वारियर्स ऑफ कोल्हान की ओर से समारोह आयोजित कर उसे सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष डॉ एस शेखर के नेतृत्व में सदस्यों ने आकाश को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही, उसके पिता सत्यवान महतो एवं माता बेबी महतो को भी बधाई दी गई। इस मौके पर संस्था के महासचिव सुधीर कुमार सिंह, सचिव कैप्टन अनिल कुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवशरण कुमार सिंह, पूर्व सैनिक वकील सिंह, नवीन कुमार महतो, अवकाश पर आए सेना में कार्यरत सुबेदार दिनेश महतो समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## अनियंत्रित टाटा मैजिक ने दुपहिया वाहन चालक को किया घायल, टीएमएच रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा-काटिन लिंक रोड पर रांगाटांड़ पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की शाम करीब 4 बजे एक अनियंत्रित टाटा मैजिक वाहन (संख्या जेएच 05 सीबी 6358) ने सड़क किनारे फोन खड़े दुपहिया वाहन पर सवार एक युवक को टक्कर मारते हुए घायल कर दिया। घायल युवक कमलपुर थाना क्षेत्र के चिटाईडीह निवासी सौरभ रजवाड़ बताया जाता है। उसे बुरी तरह चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटना में शामिल वाहन में ही घायल सौरभ को माचा सीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद वाहन मालिक ने उसे बेहतर इलाज हेतु जमशेदपुर ले गए है।



मिली जानकारी के अनुसार घायल सौरभ रजवाड़ पटमदा से अकेले अपनी टीवीएस मोपेड से घर लौट रहा था। रांगाटांड़ मोड़ के समीप उसे फोन आने से वह सड़क किनारे बाइक को रोक कर बात कर रहा था। इस दौरान पीछे से आ रही एक अनियंत्रित टाटा मैजिक ने उसे चपेट में लेकर घसीटते हुए कुछ देर तक ले गया।

## सुरभि शाखा ने एमटीएमएच में मनाया नर्स और मातृ दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस एवं मातृ दिवस संयुक्त रूप से मेहर बाई टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल (एमटीएमएच) में मनाया गया। कैंसर पीड़ित माताओं को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अस्पताल की सभी नर्स को भी सम्मानित किया गया। एमटीएमएच गेस्ट हाउस में कैंसर पीड़ित माताओं एवं उनके परिवार जनों के साथ केक कटिंग किया गया। यह कार्यक्रम अध्यक्ष कविता अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में शाखा सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल, अनीता अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## वैशाख संक्रांति के अवसर पर दलमा बूढ़ा बाबा समिति ने किया चाना, खीर का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** वैशाख संक्रांति के अवसर पर दलमा बूढ़ा बाबा बजरंग दल समिति ने सहरबेड़ा दलमा मुख्य प्रवेश द्वार पर राहगीरों के लिए पेयजल, चना, खीर का वितरण किया. वही दलमा बूढ़ा बाबा समिति के अध्यक्ष सुभाष महतो ने बताया की दलमा चौक पर वैशाख माह से चले रहे पनशाला में राहगीरों के लिए जल सेवा लगातार जारी रहेगा। इस दौरान काफी संख्या लोगों ने चना, खीर खाया। यह आयोजन सुभाष महतो, सुरज कुमार, त्रिलोचन महतो, धनंजय महतो, जितेंद्र महतो,दिनेश महतो, सुरेश प्रामाणिक, रुहीदास महतो, महाराज महतो की देखरेख में संपन्न हुआ।

# करीम सिटी कॉलेज के रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों के बीच बांटी रोटी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के रोटरी क्लब ने आज लगभग 50 जरूरतमंदों के दरमियान रोटी के नाम पर रोटी सब्जी से बने हुए पैकेट वितरित किए। क्लब के अध्यक्ष मो शाहिद तथा सेक्रेटरी आयुष पाठक के निर्देशन में आज के रोटी वितरण का कार्य साकची पार्किंग रोड में किया गया।यह क्लब साल में एक बार रोटी डे के नाम पर बड़े पैमाने पर यह कार्य करता है लेकिन उसके अलावा हर महीने के 14 तारीख को करीम सिटी कॉलेज के रोटरी क्लब के सदस्य आपसी सहयोग से ही यह सेवा प्रदान करते हैं। आज के इस रोटी वितरण दल में अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद एवं सचिव आयुष पाठक के साथ विशाल, निशान, अतीका महफूज, जोया तबस्सुम, ईशान, समाया झा एवं अंजुम के साथ रोटरी क्लब के कई सदस्य शामिल थे। इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज रोटरी क्लब के अधिकारी डॉ उधम सिंह तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने क्लब के सदस्यों को बधाई दी।



## झारखंड को कांग्रेस एवं झामुमो के भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का है चुनाव : धरमलाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झारखंड में चुनावी कमान संभालते हुए मंगलवार को जमशेदपुर के एक होटल में परिचयात्मक बैठक किया। बैठक में छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष तथा बिल्हा से वरिष्ठ भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने भाजपा पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं से जमशेदपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो को विजयी बनाने के लिए अथक परिश्रम व जनसंपर्क का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा और लोकसभा चुनाव झारखंड को कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के भ्रष्टाचार, परिवारवाद से मुक्ति दिलाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि एक राज्य का सीएम भ्रष्टाचार के मामले में जेल में बंद है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, जमशेदपुर लोकसभा सह प्रभारी मुरलीधर केडिया, लोकसभा संयोजक सह प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, सह संयोजक लक्ष्मण टुडू, सह संयोजक राजकुमार श्रीवास्तव, अनिल सिंह समेत अन्य नेतागण विशेष रूप से मौजूद रहे।बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रवासी कार्यकर्ता भूपेंद्र सवन्नी, रजनीश सिंह, विकास महतो, संतोष देवांगन, बहरागुड़ा कृष्ण कुमार बांधी, पवन गर्ग, हरपाल सिंह, राजकुमार अग्रवाल, सौरभ सिंह, अमर सुल्तानिया, हितेश यादव को विधानसभावार जिम्मेदारी सौंपी गई।



## साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी के छात्रों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मंगलवार को स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में बारहवीं की साइंस में मूदशीर हसन 87.6, श्रुति गुप्ता 86.2, अरिजीत मंडल 81.8 सुचित्रा मल्लिक ने 80.8, सपना राठौड़ 73.2, काकुली दास 71.4, पूजा गोराई ने 63 प्रतिशत और कॉमर्स में रवनीत कौर गांधी 80.0, कला संकाय में रोशनी राठौड़ 80.8 कक्षा दसवीं में नंदू गोराई ने 90.6, रौनक अग्रवाल 90.6, ईश्वर लाल प्रसाद 87.6, परितोष गोराई 82.2, उमामा हसन 88.6, उमामा हसन 88.4, विशाल महतो 86.8, भूमिका महतो 86.4, वृष्टि प्रात्रा 85.8, दुर्गेश जी पांडे 84.6, ज्ञान रंजन कुमार गुप्ता 84.4, विश्वजीत महतो ने 77.4 अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों के सम्मान में विद्यालय द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के अभिभावकगण भी शामिल हुए थे। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि मुझे अपने छात्रों पर बहुत गर्व है जिन्होंने शानदार परिणाम के साथ पटमदा क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। इस दौरान विद्यालय के अन्य सभी शिक्षकगण मौजूद थे।




## मतदाता जागरूकता संदेश के साथ पप्पू सरदार ने मनाया माधुरी दीक्षित का जन्मदिन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** धक धक गर्ल माधुरी दीक्षित का जन्म दिन उनके प्रशंसक पप्पू सरदार द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश के साथ मंगलवार को साकची हंडी लाईन स्थित मनोहर चाट दुकान में धूमधाम से मनाया गया। मतदान जागरूकता से संबंधित कई प्रकार के संदेश लिखे बैनर व पोस्टर सहित आकर्षक मिट्टी से बनी कई मूर्ति से दुकान को पाट दिया गया हैं। प्रथम दिन मंगलवार की शाम माधुरी की लंबी उम्र के लिए पंडित संतोष कुमार त्रिपाठी द्वारा दुकान में भगवान श्री गणेश जी की पूजा की जायेगी। भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा भी वोट देने के लिए जागरूक कर रही हैं। रात 9 बजे मतदाताओं को जागरूक करने का संदेश लिखे पोस्टर के साथ आदिवासी समाज की महिलाओं द्वारा सरहूल नृत्य किया गया। रात 10.30 बजे केक कटिंग का कार्यक्रम हुआ। मंगलवार को दिन भर मतदान जागरूकता संदेश लिखे पोस्टरों के साथ सेल्फी लेने की खासकर महिलाओं एवं युवतियों में होड़ लगी रही। जमशेदपुर में 25 मई शनिवार को लोकसभा का चुनाव होगा, तब तक मतदाता जागरूकता संदेश दुकान में लगे रहेंगें। निःशुल्क चाट वितरण आजः- दूसरे दिन बुधवार सुबह 10 बजे करनडीह स्थित चेशायर होम में रहने वाले दिव्यांगों (विशेष लोगों) को भोजन कराकर और उपहार देकर उनके साथ माधुरी की जन्मदिन की खुशियां बाटेगें। हर साल की तरह इस साल भी 15 मई बुधवार की संध्या में निःशुल्क चाट का वितरण किया जायेगा।



# सीनी कल्याण गुरुकुल के 60 स्मार्ट फोन टेक्नीशियन का हुआ प्लेसमेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखण्ड अन्तर्गत सीनी के गोठान्टांड में झारखंड सरकार कल्याण विभाग की ओर से संचालित कल्याण गुरुकुल के 33 एवं 34वां बैच (ट्रेड - स्मार्ट फोन टेक्नीशियन) का फ्लैग ऑफ समारोह हुआ। इस गुरुकुल से मात्र दो महीने का आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किए 60 स्मार्ट फोन टेक्नीशियनों का प्लेसमेंट बेंगलूर स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मदरसंग कंपनी में हुआ है।सीनी पंचायत की मुखिया ज्वात्री मुर्मू व अन्य अतिथियों ने प्रशिक्षुओं को नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर रवाना किया। वर्षिणी 10+2 के प्रधानाचार्य विमला स्नेही ने प्रशिक्षुओं को करियर में सफलता प्राप्त करने के टिप्स दिए।मौके पर कल्याण गुरुकुल चायलामा के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, सीनी के प्राचार्य रूपन राय, पंचायत के मुखिया जवंत्री मुर्मू , वर्षिणी 10+2 की प्रधानाचार्य विमला स्नेही,मुरूप पंचायत के समाजसेवी हेमसागर प्रधान, गुरुकुल सीनी के वरिष्ठ ट्रेनर सुरेश गोप, सर्वेश कुमार सिंह, पंकज कुमार, मुकेश कुमार, शिवांस, संतोष,विभीशन प्रमाणिक, काजल शुक्ला, हीना, सुनीता समेत अन्य उपस्थित थे।




# आग की चिंगारी पर चलकर व लोहे के कील पर लेटकर शिव भक्तों ने दिया भक्ति का परिचय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां-सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम गांव में प्राचीन काल से चली आ रही बंगला बैसाख संक्रांति के उपलक्ष्य में शिव पूजा में आग पर चलकर व लोहे का कील पर लेटकर भक्ति का परिचय दिया। वहीं रात भर बंगाल के पुरूलिया के गियासुद्दीन अंसारी व धनीराम कालिंदी के दलों के बीच मानभूम शैली का छौ नृत्य का आयोजन किया गया। मंगलवार को महिलाओं ने पाट भक्ता के साथ माथा पर कलश लेकर मंदिर पहुंचे। देवेन्द्र गोप को लोहे का नुकिला कील लगे पटरा पर लेटाकर कलश यात्रा के साथ मंदिर पहुंचे व पूजा पाठ किया गया। वहीं गांव के दर्जनों महिला पुरूषों ने धधकती आग की अंगारों पर चलकर भगवान शिव को खुश करने का परम्परा को निभाया। 5-5 फीट लम्बे तीन गढ्ढे अंगारों से भरे धधकती आग पर लोग चलकर आस्था का परिचय दिया। भक्त देवेन्द्र गोप ने बताया कि लोहे के नुकीले कील पर लेटाकर उसे कंधे पर ढोकर तालाब से पुरे गांव का भ्रमण कराते हुए मंदिर तक लाने पर भी कोई घाव या दर्द नहीं होता है। वहीं धधकती अंगारों पर कई बार चलने के बावजूद भी पैरों पर छाले नहीं पड़ता और न ही जलता है। उन्होंने कहा कि यह भगवान भोलेनाथ का कृपा है। उन्होंने कहा कि एट सप्ताह से हम लोग पुरे नियम के साथ रहकर व्रत रखते हैं। मौके पर शशधर गोप,छुटु सिंह मुण्डा,बीरवल गोप, सुभाष, संतोष प्रामाणिक ,ब्रज किशोर गोप, देवेन्द्र गोप पुष्कर, उमाकांत गोप,राम दयाल सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।



## होम वोटिंग : मतदाताओं के घर पहुंच वोट करा रही पोलिंग टीम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओं (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराया गया। घाटशिला प्रखंड के मसांग टुडू, जिनकी बूथ संख्या 188 है, उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 226 मतदाताओं ने होम वोटिंग हेतु आवेदन किया था। सभी छह विधानसभा क्षेत्र के 85+ आयु एवं कम से कम 40 फीसदी दिव्यांगता वाले मतदाताओं को प्रथम चरण में 14-19 मई तक एवं दूसरे चरण में 21-22 मई तक होम वोटिंग माध्यम से पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराया जाएगा ।

संपादकीय

## मातृशक्ति के साथ भाजपा

**देश** में इस समय जद(एस) एवं पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के नाती प्रज्वल रेवन्ना के मामले की गूंज हैं। महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। निःसंदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूँकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है। भाजपा ने स्पष्ट कहा है कि भाजपा मातृशक्ति के साथ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि "भाजपा का रुख स्पष्ट है कि हम देश की 'मातृ शक्ति' के साथ खड़े हैं। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि वहां किसकी सरकार है? सरकार कांग्रेस पार्टी की है। उन्होंने अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? यह राज्य की कानून व्यवस्था का मामला है, राज्य सरकार को इस पर कार्रवाई करनी है। हम जांच के पक्ष में हैं"। इससे अधिक स्पष्ट बयान और कुछ हो नहीं सकता। अब गेंद कांग्रेस के पाले में है कि उसकी सरकार कितनी तेजी से मामले को परिणाम तक पहुँचाती है या फिर केवल राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इसका उपयोग करती है। अब जरा याद कीजिए कि संदेशखाली में महिलाओं के शोषण के मामले पर कौन-सा राजनीतिक दल भाजपा की तरह मुखर हुआ था। प्रज्वल के मामले में मुखर कांग्रेस के सुर भी संदेशखाली के मामले में कहीं दब गए थे। तृणमूल कांग्रेस ने तो किस प्रकार की टालमटोली एवं बेशर्मी दिखायी थी, यह सबके ध्यान में ही है। महिला मुख्यमंत्री होकर भी ममता बनर्जी खुलकर संदेशखाली की महिलाओं के समर्थन में नहीं उतरीं। भाजपा ने संदेशखाली में भी मातृशक्ति का साहस बढ़ाया और प्रज्वल के मामले में भी भाजपा पीड़ति महिलाओं के साथ होने की बात कह रही है। भाजपा का स्पष्ट मत है कि प्रज्वल के मामले में कांग्रेस सरकार को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। अब देखना होगा कि जिस मुखरता से कांग्रेस इस मुद्दे को उठा रही है क्या उतनी ही तेजी से कार्रवाई भी करेगी?

> महिलाओं के साथ संबंध बनाने के उसके लगभग 200 वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो चुके हैं, इनकी संख्या कहीं अधिक बतायी जा रही है। आरोप-प्रत्यारोपों के अनुसार प्रज्वल ने दो हजार से अधिक महिलाओं का शोषण किया है। कर्नाटक सरकार ने इस मामले में एसआईटी बनाकर जाँच प्रारंभ कर दी है। मामला लगभग पश्चिम बंगाल के संदेशखाली जैसा है ही है, जहाँ तृणमूल कांग्रेस के दबंग नेता शाहजहाँ शेख ने अनेक हिन्दू महिलाओं का शोषण किया। नि:संदेह, दोनों ही मामलों में कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ उनकी घरेलू सहायिका ने यौन शोषण का प्रकरण दर्ज कराया है। मामला जैसे ही तूल पकड़ा तो जद(एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है, अब उसकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में तेज गति से जाँच करे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करे। चूँकि अभी लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, इसलिए इस मामले में राजनीति होना स्वाभाविक है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल प्रज्वल के मामले को जोर-शोर से उठा रहे हैं। सबको ही इस मामले में मुखर होना चाहिए। चूँकि जद(एस) भाजपा के साथ गठबंधन में है और लगभग 10 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रज्वल के लिए वोट माँगकर आए थे इसलिए भी कांग्रेस भाजपा को घेर रही है। लेकिन वह भूल रही है कि विधानसभा चुनाव के समय कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया भी उनके लिए वोट माँग रहे थे। इसलिए मामला सामने आने से पहले किसने क्या कहा, यह महत्व का नहीं है। महत्व इस बात का है कि मामला सामने आने के बाद किसका क्या रवैया है।

### हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है

# हंसी ही दुनिया को एकजुट करने में सक्षम

ललित गर्ग

> हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दु:खी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं।

**खुशियाँ** मनाने एवं हंसकर तनाव दूर करने का विलक्षण एवं अद्भुत दिन है। यह हमें एकजुट करता है, जीवन को बेहतर बनाता है। हंसने-हंसाने के बहुत सारे अवसर प्रदत्त कर अच्छे स्वास्थ्य, मानसिक शांति एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करता है। हंसने-हंसाने से तन-मन में उत्साह का संचार होता है, वहीं दिल से हंसना भी किसी दवा से कम नहीं है। अध्ययन के मुताबिक, जो लोग अक्सर हंसते हैं वे अधिक समय तक जीवित रहते हैं, बेहतर, समृद्ध और खुश रहते हैं साथ ही उनकी ऊर्जा भी काफी सकारात्मक होती है। दूसरे आप पर हंसकर आपको दुःखी करें, तनाव दें, उससे पहले खुद पर हंसना सीखें। आप खुद अपनी कमियों पर हंसकर उसे अवसर के रूप में देखें। ज्यादातर लोग दूसरों की हंसी को काफी गंभीरता से लेते हैं और दुखी हो जाते हैं। जबकि खुद पर हंसना आपको अधिक संवेदनशील, जुझारू, जीवट वाला, स्वस्थ और अधिक प्रामाणिक होने में सक्षम बनाता है। विश्व हास्य दिवस मुस्कुराने का बहाना ही नहीं, एक प्रेरणा एवं जिजीविषा है। इस दिन को अमल में लाने का क्रेडिट हास्य योग आंदोलन के संस्थापक डॉ. मदन कटारिया को जाता है। जिन्होंने ही मुंबई में पहली बार 11 जनवरी 1998 को विश्व हास्य दिवस को मनाया था। जिसका खास उद्देश्य समाज में बढ़ते तनाव, अशांति, चिन्ता एवं परेशानियों को कम करके उन्हें सुखी जीवन जीने की सीख देना था। क्योंकि हँसना सभी के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं बौद्धिक विकास में अत्यंत सहायक है। हंसी हमारे जीवन की सफलता की चाबी है, वह अनेक समस्याओं का समाधान भी है। हंसी दुखी दिल के घावों को भरने वाला मलहम है। हमारे चेहरे का व्यायाम है और मन का आराम। शोध कहते हैं कि जैसे-जैसे हम बड़े हो रहे हैं, हमारा हंसना कम हो रहा है। इसी पर लेखक मिशेल प्रिटचार्ड कहती हैं, 'हम इसलिए कम नहीं हंसते कि हम बूढ़े हो गए हैं। हम बूढ़े ही इसलिए हुए कि हमने हंसना बंद कर दिया है।' आज का इंसान अपनी मुस्कुराहट व हँसी को भूलता जा रहा है, फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियाँ, जैसे- उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि को निमंत्रण दे रहा है। हँसने से ऊर्जा और ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है। शरीर में से दूषित वायु बाहर निकल जाती है। हमेशा खुलकर हँसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है। साथ ही शरीर में रक्त संचार की गति को बढ़ाता है। इसके अलावा पाचन तंत्र



अधिक कुशलता से कार्य करता है। इसलिये डॉक्टर भी हर बीमारी के रोगी के लिये हास्य को उपयोगी बताते हैं। जो लोग हमें हंसाते हैं, वे हमारी स्मृतियों में रच-बस जाते हैं। हम किसी को पसंद या नापसंद कई कारणों से कर सकते हैं। पर लंबे समय तक हमारे प्रेम के हकदार वे लोग बनते हैं, जो हमें हंसाते हैं और हमारे चेहरे की हंसी बन जाते हैं। शायद इसीलिए विक्टर बोर्ग कहते हैं, 'हंसी दो लोगों के बीच की दूरी को पार करने का सबसे छोटा पुल है।' हंसना एक ऐसा बेशकीमती उपहार है, जो कुदरत ने केवल मनुष्य को ही बख्शा है। हास्य एक सार्वभौमिक भाषा है। इसमें जाति, धर्म, रंग, लिंग से परे रहकर मानवता को समन्वय करने की क्षमता है। यह इंसान से इंसान को जोड़ने का उपक्रम है। हंसी विभिन्न समुदायों को जोड़कर नए विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। यह विचार भले ही काल्पनिक लगता हो, लेकिन लोगों में गहरा विश्वास है कि हंसी ही दुनिया को एकजुट कर सकती है। इसीलिये मार्टिन लूथर ने कहा है कि यदि मुझे स्वर्ग में हंसने की आज्ञा न हो तो मैं स्वर्ग नहीं जाऊंगा। उदासी और बेचैनियों के बादल छाए रहते हैं, हंसी की धूप खिल नहीं पाती। लेखिका एमिली मिचेल कहती हैं, 'हंसी के बिना बीता दिन, अंधेरे में रहने जैसा है, आप अपना रास्ता ढूंढ़ने की कोशिश तो करते हैं, पर उसे साफ-साफ नहीं देख पाते।' हंसना एक ऐसा सकारात्मक भाव एवं ऊर्जा है जो व्यक्ति के न केवल आंतरिक बल्कि बाहरी स्वरूप को प्रभावी, समृद्धिशाली एवं तेजस्वी बनाता है। हास्य एक शक्तिशाली भावना है जिसमें व्यक्ति को ऊर्जावान और संसार को शांतिपूर्ण बनाने की क्षमता हैं। यह व्यक्ति के विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र को प्रभावित करता है और व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। जब व्यक्ति समूह में हंसता है तो उसकी हंसी से सकारात्मक ऊर्जा सम्पूर्ण परिवेश में व्याप्त हो जाती है। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप-छाँव की भाँति आते-जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हँसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास-परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है। हंसी एक उत्तम टॉनिक का काम करती है। लंदन विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सोफी स्कॉट कहती हैं कि, 'हंसी के द्वारा हमारा अवचेतन मन ये संकेत देता है कि, हम सुकून में हैं और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जापान में भगवान बुद्ध के शिष्य थे होतेई। वह बड़े अलमस्त स्वभाव के भिक्षुक थे। वह बेहद निर्लिप्त और निरपेक्ष भाव से जीवन जीने में विश्वास रखते थे। वह जिस कार्य को करते, उसमें पूरी तरह डूब जाते थे, तन्मय हो जाते। जापान में ऐसी मान्यता है कि एक बार होतेई मेडिटेशन करते-करते इतने रोमांचित हो गए कि ध्यानावस्था में जोर-जोर से हंसने लगे। इस अद्भुत घटना के उपरांत ही लोग उन्हें लाफिंग बुद्धा के नाम से संबोधित करने लगे। घूमना-फिरना, देशाटन करना, लोगों को हंसाना व खुशी प्रदान करना लाफिंग बुद्धा का ध्येय बन गया। चीन में लाफिंग बुद्धा को पुताई के नाम से भी जाना जाता है। चीनी लोग उन्हें एक ऐसे भिक्षुक के नजरिए से देखते हैं, जो एक हाथ में धन-धान्य का थैला लिए, चेहरे पर खिलखिलाहट बिखेरे अपना बड़ा पेट और थुलथुल बदन दिखाकर सभी को हंसाते हुए सकारात्मक ऊर्जा देते हैं। वे समृद्धि व खुशहाली के संदेशवाहक और घरों के वास्तुदोष निवारण के प्रतीक भी माने जाते हैं। जापान जैसे देशों में लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हँसते रहने की शिक्षा देते हैं, ताकि उनकी भावी पीढ़ी सक्षम एवं तेजस्वी हो। दुनिया के अधिकतर देश आतंकवाद, हिंसा, युद्ध एवं महामारियों के डर से सहमे हुए हैं, ऐसे समय विश्व हास्य दिवस की अत्यधिक आवश्यकता महसूस होती है। इससे पहले दुनिया के लोगों में इतनी घबराहट और अशांति कभी नहीं देखी गई। आज हर व्यक्ति के अंदर घबराहट और अशांति का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे दौर में केवल हंसी ही दुनियाभर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर टेरीजा एमाबाइल ने कहा है कि, हँसते समय हमारा दिमाग सबसे अधिक क्रिएटिव होता है। हमें न केवल पारिवारिक परिवेश में बल्कि ऑफिस में हंसी-मजाक को बढ़ावा देना चाहिए।

दृष्टि कोण

## भारत की कुर्बानियां भूल रहा बांग्लादेश

**हिंदोस्तान** के फजल से वजूद में आया बांग्लादेश भी भारत विरोधी देशों की फेहरिस्त में शामिल हो गया है। हाल ही में मालदीव की तर्ज पर बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी के रहनुमाओं ने इंडिया आउट का नारा देकर भारतीय उत्पादों के बहिष्कार की आवाज बुलंद की है। हांलाकि बांग्लादेश की वजीरे आजम मोहतरमा शेख हसीना ने 26 मार्च 2024 को अपने मुल्क के यौम ए तासीस के मौके पर हिंदोस्तान की मुखालफत करने वाले लोगों को तल्ख तेवर जरूर दिखाए थे मगर भारत के रहमो करम पर पलने वाले मुल्क बांग्लादेश में भारत विरोधी आवाज चितांजनक है। दिसंबर 1971 से पहले बाग्लांदेश पूर्वी पाक के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा था। पाकिस्तान के फौजी हुक्मरानों के जुल्मों सितम से परेशान हो चुकी बांग्ला आवाम अपने लिए एक आजाद मुल्क के तौर पर जीना चाहती थी। मगर पाक तानाशाह याहिया खान के आदेश पर पूर्वी पाक के सैन्य कमांडर 'टिक्का खान' ने बांग्ला आवाम की आजादी की आवाज को खामोश करने के लिए 25 मार्च 1971 को आपरेशन सर्च लाइट के तहत बांग्ला लोगों का नरसंहार करके बर्बरता की सारी हदें पार कर दी थीं। पाक सेना ने आधी रात को ढाका विश्वविद्यालय पर हमला करके सैकड़ों छात्रों व प्रोफेसरों का कत्ल कर दिया था। आपरेशन सर्च लाइट में पाक सेना द्वारा कत्लोगारत की हकीकत को ब्रिटेन के अखबार 'संडे टाइम्स' में पत्रकार 'एंथनी मैस्करनेहास' ने अपने आर्टिकल के जरिए जब आलमी सतह पर पेश किया तो हलाकत के उस खौफनाक मंजर से आहत होकर अमरीका की टाइम मैगजीन ने टिक्का खान को 'बूचर ऑफ बांग्लादेश' कहा था। सन-1971 की जंग की वजह तथा पाकिस्तान का दो टुकड़ों में तब्दील होने का कारण टिक्का खान का जहालत भरा आपरेशन सर्च लाइट ही बना था। मगर पाकिस्तान के हुक्मरानों ने बांग्लादेश को



रक्तरंजित करने वाले कुख्यात टिक्का खान को मार्च 1972 में पाक सेना का चार सितारा जरनैल बनाया था। मानवता को शर्मशार करने वाले आपरेशन सर्च लाइट की बर्बरता से बांग्ला लोगों को बचाने के लिए भारतीय सेना सरहदों की बंदिशों को तोडक़र पूर्वी पाकिस्तान में दाखिल हुई। वीरभूमि हिमाचल के रणवांकुरों से सुसज्जित 'तीन डोगरा' बटालियन ने सन-1971 की जंग में बांग्लादेश के महाज पर चौड़ाग्राम व काठियाचोर तथा चटगांव क्षेत्रों की लड़ाई में पाक सेना को धूल चटाकर घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। डोगरा सैनिकों के जोरदार हमले व संगीनों से पाक फौज की हलाकत से बेबस होकर पाक सेना के ब्रिगेडियर 'एएमके मलिक' ने अपने ब्रिगेड के साथ तीन डोगरा बटालियन की एक कंपनी के सामने आत्मसर्मपण कर दिया था। युद्ध में पाक सेना के मंसूबों को ध्वस्त करके दास्तान ए शुजात का परिचय देने वाले तीन डोगरा के मेजर 'अनूप सिंह गहलोत' को 'महावीर चक्र' (मरणोपरांत) तथा हवलदार 'रमेश कुमार' व 'खुशाल चंद' दोनों को 'वीर चक्र' (मरणोपरांत) से अलंकृत किया गया था। पूर्वी पाक में जिल्लत भरी शिकस्त से बौखला कर जनरल 'नियाजी' के सलाहकार राव फरमान अली के इशारे पर पाक सेना ने 14 दिसंबर 1971 को बांग्ला लेखकों, डाक्टरों, रजाकारों, शिक्षकों, वकीलों तथा बुद्धिजीवी वर्ग के सैकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस नरसंहार की याद में बांग्लादेश 14 दिसंबर को 'बुद्धिजीवी दिवस' के तौर पर मनाता है। ढाका में मौजूद 'शहीद बुद्धिजीवी स्मारक' पाक सेना द्वारा कत्लेआम की दास्तां को बयान करता है। पूर्वी पाक की आवाम ने अपने मुल्क की आजादी का एक मुद्दत से जो पुरनूर ख्वाब देखा था। उसे भारतीय सेना के 3845 जांबाजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान देकर मुकम्मल किया था। युद्ध में बलिदान देने वाले 195 शूरवीरों का संबंध हिमाचल से था। भारतीय सेना ने पूर्वी पाक को आजाद कराकर नए मुल्क को बांग्ला जुबान के नाम पर बांग्लादेश बनाकर बांग्ला लोगों को ही सौंप दिया था। अतः बांग्लादेश को भारतीय सैनिकों की कुर्बानियां याद रखनी होंगी। अंग्रेजों द्वारा बंगाल के विभाजन से आहत होकर अपने सूबे में एकता का माहौल कायम रखने के लिए 'रविंद्रनाथ टैगोर' ने सन-1906 में 'आमार सोनार बांग्ला' नामक गीत की रचना की थी। बांग्लादेश की हुकूमत ने आजादी के बाद सन-1972 में उस नगमें को अपना कौमी तराना तसलीम कर लिया था। आज चीन के इशारे पर बांग्लादेश के सियासतदान भारत का विरोध कर रहे हैं।

कुछ अलग

## इस रील रोग का क्या इलाज

**कुछ** समय पहले नोएडा के वेद वन पार्क और दिल्ली की सुंदर नर्सरी जाना हुआ। गए तो थे वहां की शांति और सौंदर्य के अहसास के लिए, पर वास्ता पड़ गया उटपटांग हरकतें करते कुछ लोगों से। पता चला कि ये सभी प्राणी रील बना रहे हैं। पार्क हो या सड़क, इस तरह का नज़ारा आम होता जा रहा है। भीड़ के बीच में रील बनाने का चस्का इस कदर बढ़ा है कि हदें पार करने लगा है। अभी होली के मौके पर दिल्ली मेट्रो में हुआ वाकया इसका ताज़ा उदाहरण है। लाइक्स पाने की चाहत में दो युवतियों ने ऐसी हरकतें कीं कि हंगामा हो गया। बाद में पता चला कि नोएडा में स्कूटी पर बैठकर इसी तरह की हरकतें करने वाली भी यही दोनों लड़कियां थीं। विवाद बढ़ा तो इनके खिलाफ केस दर्ज कर भारी जुर्माना लगाया गया। इन युवतियों ने जो बताया, उसमें ऐसे शॉर्ट विडियो बनाने के क्रेज़ की कहानी छिपी है। बेहद साधारण परिवार से आने वाली इन बालाओं के सोशल मीडिया पर मल्टीपल अकाउंट और लाखों फॉलोअर्स हैं। पहले ये सामान्य विडियो बनाती थीं तो लाइक्स नहीं मिलते थे। लेकिन जब फालतू हरकतों वाला एक विडियो वायरल हुआ और उससे होने वाली कमाई का पता चला तो फिर ये इसी तरह के और कंटेंट डालने के चक्कर में सारी सीमाएं पार कर गईं। इन रील रोगियों को पुलिस का भी कोई खौफ नहीं। अभी पिछले हफ्ते दिल्ली की सड़कों पर भी स्पाइडरमैन की कॉस्ट्यूम में एक कपल बिना नंबर प्लेट की बाइक पर स्टंट करते पकड़े गए। न हेलमेट, न लाइसेंस। एक अन्य जनाब ने मेन रोड पर अपनी बाइक खड़ी की और चलते ट्रैफिक के बीच कुर्सी लगाकर बैठ गए। लाइक्स और व्यूज़ के चक्कर में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इन दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने न सिर्फ केस दर्ज किया बल्कि सोशल मीडिया अकाउंट हटाने की सिफारिश भी। रील बनाकर जल्द मशहूर होने का यह नशा युवाओं पर ही नहीं, हर उम्र के लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। क्या बच्चे, क्या बूढ़े और क्या जवान, सब रील बनाने में लगे हैं। ज़ाहिर है, जब देखने वाले होंगे, तभी इतना कंटेंट भी अपलोड हो रहा है। कहीं भी जाएं, हर शख्स अपने मोबाइल में रील स्क्रॉल करते देखा जा सकता है। अभी एक दिन मेट्रो में तीन साल के बच्चे को मोबाइल में डूबे देखा। उसका अंगूठा रील्स पर चले जा रहा था, जिसमें बीच-बीच में एडल्ट कंटेंट भी आ रहा था। उसे शायद ही कुछ समझ आ रहा हो, लेकिन उसकी आंखें स्क्रीन पर गड़ी हुई थीं। थोड़ी देर में ही एक बुजुर्ग दाखिल हुए। सीधे कॉर्नर वाली सीट पर पहुंचकर वहां बैठे युवक को ऊपर लिखे संदेश की ओर इशारा किया। सीनियर सिटिज़न की सीट देख लड़का तुरंत खड़ा हो गया। बुजुर्ग ने बैठते ही जेब से फोन निकाला। लगा कि शायद किसी को फोन कर बताना होगा कि बैठ गए। पर उन साहब ने भी झट से ऐप खोला और शॉर्ट विडियो देखने में तल्लीन हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टूडेंट्स के साथ अपने सालाना कार्यक्रम में भी यह मुद्दा उठाया था कि आप रील देखना शुरू करते हैं तो फिर कितनी देर देखेंगे उसका कोई हिसाब नहीं रहता। देखते-देखते आधा घंटा कब निकल जाता है पता ही नहीं चलता। उसके बाद यह भी याद नहीं रहता कि पहली रील कौन सी देखी थी। यानी आपने सिर्फ वक्त बर्बाद किया। आप भी ज़रा अपने पिछले दिन की दिनचर्या पर नज़र दौड़ाएं और बताएं कि आपने इन शॉर्ट विडियो पर कितना वक्त बर्बाद किया।

देश दुनीया से

## सोना क्यों बन रहा है पहली पसंद

> युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया।

**पहले** विश्व युद्ध के बाद से अब तक दुनिया में डॉलर का महत्त्व लगातार बढ़ता रहा है। जब अमरीका के सहयोगी देश सामान के बदले सोना देने लगे, तो ऐसे में संयुक्त राज्य अमरीका आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार बन गया। युद्ध के बाद अनेकों देशों ने अपनी करंसियों को डॉलर के साथ जोड़ा और इसके साथ ही दुनिया में गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा करंसी बन गई। सभी देशों ने अपनी विदेशी मुद्रा भंडारों को डॉलर के रूप में रखना शुरू कर दिया, और ऐसे में वर्ष 1999 तक दुनिया के कुल विदेशी मुद्रा भंडारों में डॉलर का हिस्सा 71 प्रतिशत तक बढ़ गया। 1999 में यूरोप साझा करंसी यूरो का प्रादुर्भाव हुआ और अब अधिकांश यूरोपीय देशों ने डॉलर के बदले यूरो रखना शुरू कर दिया। इसके चलते रिजर्व करंसी के नाते डॉलर का हिस्सा घटने लगा और वर्ष 2021 तक यह घटकर 59 प्रतिशत रह गया था। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार डॉलर का वैश्विक रिजर्व करंसी के रूप में हिस्सा 2010 में 62 प्रतिशत, 2015 में 65.73 प्रतिशत, 2020 में 59 प्रतिशत और 2023 में 58.41 प्रतिशत रह गया। समझना होगा कि उतार-चढ़ाव के साथ वर्ष 1999 से डॉलर का महत्त्व अंतरराष्ट्रीय रिजर्व करंसी के नाते लगातार घटता रहा है। लेकिन महत्त्वपूर्ण बात यह है कि चाहे डॉलर का महत्त्व घटता गया हो, लेकिन डॉलर अभी भी दुनिया की सबसे अधिक पसंदीदा करंसी बना हुआ है। उसके मुकाबले दूसरे स्थान पर यूरो का हिस्सा अभी भी 20 प्रतिशत के आसपास ही है और बाकी कोई भी करंसी उसके नजदीक भी नहीं है। आज भी दुनिया के अधिकांश अंतरराष्ट्रीय लेन-देन डॉलर में होते हैं। इस कारण से डॉलर लंबे समय से कभी भी खास कमजोर नहीं हुआ। भारतीय रुपए के संदर्भ में देखें तो 1964 में जहां एक डॉलर 4.66 रुपए के बराबर था, वो अब बढक़र 83.4 रुपए तक पहुंच चुका है। अन्य करंसियों की तुलना में भी यह काफी मजबूत रहा है। लेकिन कुछ समय से दुनिया के देशों में वि.डॉलरीकरण के संकेत मिल रहे हैं। डॉलर के लगातार मजबूत होने के कारण लगभग सभी देशों, खासतौर पर विकासशील देशों को खासा नुकसान होता रहा है। भारत की यदि बात करें तो पिछले कुछ समय से भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक अंतरराष्ट्रीय भुगतानों में रुपए की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास लगातार कर रहा है। लगभग 20 देशों के साथ इस बाबत सहमति भी बनी है। उधर अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अमरीका और यूरोपीय देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के चलते अंतरराष्ट्रीय लेन-देन में कठिनाई के कारण, दूसरे देशों में भी स्थानीय करंसियों में भुगतान के प्रयास तेज हो गए हैं। दुनिया में डॉलर के प्रति विमुखता इस कारण से भी बढ़ी है, क्योंकि अमरीका ने रूस को आक्रमणकारी बताते हुए उसके तमाम डॉलर रिजर्व को जब्त कर लिया है। ऐसे में दूसरे मुल्कों में यह भय व्याप्त हो गया है कि देर-सवेर अमरीका ऐसी कार्रवाई उन पर भी कर सकता है। ऐसे में उन मुल्कों पर रूस जैसी भुगतान की समस्या आ सकती है। ऐसे में दुनिया के मुल्क दो तरफा प्रयास कर रहे हैं। एक, स्थानीय करंसियों में भुगतान तो दूसरा डॉलर के स्थान पर सोने के भंडार में वृद्धि। भारत की यदि बात करें तो देखते हैं कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ते-बढ़ते अप्रैल के पहले सप्ताह तक 648.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन इस बीच में एक और महत्त्वपूर्ण बात जो दिखाई दी कि विदेशी मुद्रा भंडारों में सोने का भंडार 55.8 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें एक ही सप्ताह में 1.24 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। बताया जा रहा है कि एक ही सप्ताह में सोने के भंडार में 6 टन वृद्धि हुई। पिछले साल की तुलना में भारत का स्वर्ण भंडार 13 टन ज्यादा है। दुनिया में आधिकारिक स्वर्ण भंडार की दृष्टि से भारत का स्थान 9वां है। भारतीय रिजर्व बैंक ने स्वर्ण भंडार की प्राथमिकता के बारे में आधिकारिक पुष्टि भी की है। वल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2021 में जहां विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों और अन्य संस्थाओं द्वारा 450.1 टन सोने की खरीद की गई, वो बढक़र 2022 में 1135.7 टन हो गई। वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंकों ने 1037 टन सोने की खरीद की। गौरतलब है कि गहनों के रूप में सोने की मांग पहले के मुकाबले में लगातार घटती जा रही है।



आप का नजरीया

## और कितने 'परौर'

**हम** इसे पर्यटन का 'पीक' कहें या मानें कि भीड़ कभी सैलानी नहीं होती। पिछले कुछ दिनों से कांगड़ा में पर्यटन राजधानी का शुमार सडक़ों पर देखा जा रहा है। जो दैनिक कार्यों के लिए सडक़ से हो कर गुजरते होंगे, उन्हें मालूम हो गया कि सैलानी अगर गाडियों की गिनती या महासमागमों की बस्ती हैं, तो एक ही दिन की आफत में कितनी सदियां गुजर गईं। परौर में राधास्वामी सत्संग की ट्रैफिक व्यवस्था करने में छक्के छूट जाते हैं। पसीना-पसीना पुलिस करे भी तो क्या करे। पुलिस कोई पार्किंग मशीनरी नहीं कि कोई स्थायी खाका बना ले या सडक़ों की धूल में यातायात व्यवस्था की खाक छानती फिरे, फिर भी पर्यटन सीजन का सही मायने में कोई नायक है, तो यह सेहरा कांगड़ा पुलिस को जाता है। काश! कभी पर्यटन, सडक़ विस्तार और सरकार की योजनाएं पर्यटक सीजन की कतार में खड़ी होकर देखें कि हमें करना क्या है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि एडबी बैंक के कार्यालय को धर्मशाला से स्थानांतरित करके पर्यटन में कैबिनेट प्राप्त आर एस बाली नगरोटा बगवां ले जाएं या कल जब सुबह हो तो हम एक नया सरकारी होटल खोल दें। कायदे से अगर होटल व्यवसाय का पर्यटन की भीड़ से कोई रिश्ता होता, तो परौर तक आ रहे लोग तमाम होटलों को खचाखच भर देते, मगर वे तो सडक़ों, जंगलों और यातायात को पूरी तरह भरने आए थे और आते रहेंगे। ताज्जुब यह भी कि पिछले चंद दिनों में पर्यटन के एक साथ कई दीप जले, मगर हमारे दीये में तेल है ही कितना। धर्मशाला में क्रिकेट का आई पी एल और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा बेशक सम्मानित करता है और यह प्रमाणित करते हैं कि हिमाचल 'खुशामदीद' कहने की आदत डाल रहा है, लेकिन इस वसंत को हम चार दिन की चांदनी बना कर स्वयं ही नष्ट कर देंगे या पर्यटन को हमेशा पुलिस के हाथों में सौप देंगे, जबकि इसकी स्थायी व्यवस्था व प्रबंधन की जरूरत है और यही निकम्मापन हर धार्मिक स्थल पर पाजेब पहने हुए मिल जाएगा। मान लिया चंद दिन हमारा सामान्य जनजीवन पुलिस के हवाले भी चल सकेगा या वन वे के नाम पर पालमपुर की ओर से जनता चामुंडा होकर कांगड़ा निकल जाए, लेकिन ट्रैफिक जाम के मुहानों पर अड़ गई एंबुलेंस की गाड़ी को कैसे निकालोगे या भीड़ को वाहन चलाना कौन सिखाएगा। क्या हमारी पुलिस व्यवस्था केवल संकट में समाधान की वर्दी है या साल भर हमें ट्रैफिक व्यवस्था में नागरिक शिष्टाचार सिखाएगी। खुशखबरी यह है कि बड़े समागमों या वीआईपी मूवमेंट में भी जनता के बीच से निकले स्वयंसेवक कई जगह काम आ जाते हैं या वाहनों के चालक खुद ट्रैफिक पुलिस बन जाते हैं, वरना पर्यटक सीजन को लांघना हमारे लिए मुश्किल व पीड़ाजनक बनता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन की संभावना को समझते व विकसित करते हुए यह अनुमान लगाएं कि हमारी छवि किसे बुला रही है। क्या हम कसोल या धर्मकोट की किसी पार्टी में पर्यटकों को बुला रहे हैं या खड्डों में नहाने के लिए कांगड़ा बाइपास का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या हम धार्मिक समागमों, प्रवचनों या लंगरों में मुफ्त का खाना व रहने का लुत्फ उठा रहे लोगों के कारण पर्यटक सीजन की खिल्ली उड़ा रहे हैं। क्यों नहीं हम बड़े आश्रमों, डेरों व धार्मिक आकाओं को प्रेरित करते हैं कि वे ऑफ-सीजन में आकर तंबू लगाएं।

संक्षिप्त खबरें

## पागल कुत्ते के हमला से बच्चा घायल, रिम्स रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बठेठ ग्राम में मंगलवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा 4 वर्षीय बच्चा मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद अली हसन पर एक पागल कुत्ता ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि मोहम्मद हसन घर के बाहर खेल रहा था इसी बीच एक कुत्ता आकर उस पर हमला कर दिया। ईसी बीच आसपास के लोगों द्वारा काफी मशक्कत के बाद पागल कुत्ते को बच्चों से बचाया। जिससे बच्चा का नाक उजड़ गया एवं आंख के नीचे गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल बच्चे को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया।

# हाईवा ने दिया चकमा दो मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त, तीन युवक घायल रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप सोमवार की देर रात हाईवा के चकमे से दो मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।तीनों को ग्रामीणों की तत्परता से गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल युवक सदर थाना के नवाडीह जांगी गांव निवासी डीलो भुइयां का पुत्र किशन भारती (25), गोवर्धन भोक्ता का पुत्र करण सिंह भोक्ता (25) दोनो एक ही बाइक पर सवार थे।जबकि दूसरी बाइक से गिद्धौर थाना के द्वारी गांव निवासी सुरेंद्र रविदास का पुत्र बबलू रविदास (22) था। सभी युवक गिद्धौर से जांगी जा रहे थे। इसी क्रम में गिद्धौर थाना क्षेत्र के जवाहरलाल फुटबॉल मैदान के समीप चतरा की ओर से आ रहा कोल वाहन हाईवा के चकमे के कारण दोनों बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। और दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते हैं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर लाया। जहां पर नर्स व गार्ड के द्वारा इलाज किया गया। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि सेवा में कोई भी चिकित्सक नहीं रहते हैं। वैसे में कभी भी कोई दुर्घटना घटती है तो समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित नर्स व गार्ड के द्वारा मरीजों को इलाज किया जाता है। ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि सेवा में भी चिकित्सक की पदस्थापना की मांग सिविल सर्जन से किया है।

## सोपारम गांव के अनंत कुमार पाठक ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त कर बना दूसरा टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा (चतरा) :** सीबीएसई के 10 वीं के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिया गया। संत स्टीफन्स स्कूल, हजारीबाग का छात्र अनंत कुमार पाठक ने 90.2 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने विधालय में दूसरा स्थान पाया। कुल 500 में 451 (सबसे अधिक मैथ्स में 94) अंक मिले हैं। अनंत टंडवा प्रखंड के सोपारम गांव के उपेन्द्र उर्फ छोटू पाठक के पुत्र हैं। अनंत ने अपने सफलता का श्रेय माता वीणा पाठक व दादा गणेश पाठक को दिया है। वहीं इस सफलता पर चतरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने अनंत को टेलीफोनिक माध्यम से बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किये हैं। अनंत का उड़ान देश के प्रतिष्ठित डिफेंस सर्विस एन डी ए में जाना है।

## आबिद अंसारी के साथ हुई मारपीट में मेरा कोई हाथ नहीं : जेजेएमपी कमांडर

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरा निवासी मोहम्मद आबिद अंसारी के साथ 12 मई को रात में कुछ अज्ञात अपराधियों के द्वारा घर से बाहर निकालकर मारपीट किया गया था जिसको लेकर मोहम्मद आबिद अंसारी ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर खुर्शीद अंसारी व कुछ सदस्यों के द्वारा लेवी को लेकर मारपीट कर जख्मी करने का आरोप लगाया था। वहीं इस मामले को लेकर पुनः मंगलवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर खुर्शीद जी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है की 12 मई 2024 को रात्रि में इचाक निवासी आबिद अंसारी के साथ मारपीट जो हुआ है उसमें मेरा कोई हाथ नहीं है। सिर्फ हमको बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है अगर संगठन के द्वारा मारपीट किया जाता तो मैं स्वयं इसकी जिम्मेवारी लेता लेकिन इस मारपीट से संगठन का कोई लेना देना नहीं है ना ही इसमें मेरा कोई हाथ है। इसके बावजूद भी कुछ लोग मेरे घर पर जाकर मेरी मां के साथ मारपीट किया साथ ही साथ गांव के कुछ बेकसूर युवकों को संगठन से नाम जोड़कर उनका ज़िन्दगी बर्बाद करने का काम किया जा रहा है। जबकी संगठन से उनलोगों को कोई लेना देना नहीं है। वे बेकसूर हैं उनको मामले से बरी किया जाये।निवेदक जेजेएमपी के एरिया कमांडर खुर्शीद जी।

## लिलावती डेंटल क्लिनिक में पुरुषोत्तम कुमार के टूटे हुए जबड़े का किया गया सफल आपरेशन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित धर्मपुर में लिलावती डेंटल क्लिनिक में टूटे हुए जबड़े का सफल आपरेशन किया गया। बता दें कि गारू प्रखंड के ग्राम चांपी निवासी गिरवर सिंह के 18 वर्षीय पुत्र पुरुषोत्तम कुमार लकड़ी लेने के लिए जंगल गया था जहां जंगल के एक खाई में गिर जाने से पुरुषोत्तम की जबड़े टूट गया। पुरुषोत्तम के पिता गिरवर सिंह ने बताया कि दो दिन पहले सदर अस्पताल लातेहार में भर्ती कराया था लेकिन वहां इलाज नहीं हो पाया कुछ लोगों द्वारा जानकारी मिली कि यहां एक लिलावती डेंटल क्लिनिक है जहां से बहुत मरीज ठीक हुए हैं और हमलोग याहां आए पुत्र का आपरेशन हो गया है। वहीं लिलावती डेंटल क्लिनिक संचालक सह दंत रोग चिकित्सक डॉ चन्दन सिंह ने बताया कि मरिज पुरुषोत्तम को मेरे यहां लाया गया तो देखा गया कि इसका जबड़ा टूट गया है हमलोग इसके इलाज में लग गये ।आपरेशन में मैं डाक्टर चन्दन सिंह एवं मैक्सिलोफेसियल डॉ रोहित सिंह शामिल थे।

# बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेमपुर गांव के ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेमपुर गांव के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक रोड नहीं मिलेगा तब तक वोट नहीं मिलेगा। ग्रामीण सोमरी देवी ने बताया की कई बार प्रशासन को आवेदन देने के बावजूद भी रोड नहीं बन पाया है। थोड़ी सी भी बारिश होने के बाद कच्ची सड़क चलने लायक नहीं बचता है ।जिस कारण आने-जाने में दिक्कत होती है। बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस तक गांव में नहीं पहुंच पाता है। हेमपुर गांव से लगभग छः किलोमीटर तक एनएच 22 मकईयाटांड तक सड़क खराब होने के कारण आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार होते रहते है। स्थानीय स्तर के नेताओं को कई बार गांव में सड़क बनाने की मांग की गई लेकिन अब तक कोई पहल नहीं किया गया है। अगर इस मामले में जिला प्रशासन पहल नहीं करता है तो हम लोग वोट का बहिष्कार करेंगे ।वही इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं इस मामले को देखता हूं।

# 9 साल की बच्ची के साथ बलात्कार, अरोपी पुलिस के हवाले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** थाना क्षेत्र अंतर्गत अक्सी गांव में सोमवार रात को 9 साल की बच्ची के जंगल में लेकर तीन बार व घर में लाकर एक बार बलात्कार किया।अरोपी अर्पण कुजूर ने बच्ची के घर ट्यूशन पढ़ने के बहाने गया हुआ था।जहां सभी बच्ची बिस्कुट खिलाकर पीड़ित बच्ची पेशाब कराने के बहाने घर से बाहर निकला। बाहर निकाल कर जंगल लेकर मुहं बंद कर दुष्कर्म किया।आधी रात को जंगल से घर लेकर आया।इधर बच्ची की गायब होने की सुचना पर परिवार के सदस्य के साथ-साथ पूरे गाँव वाले पूरे गाँव व जंगल में घुमकर खोजा। बच्ची और अरोपी के नहीं मिलने पर सभी गाँव के लोग अरोपी घर आये। जहां पीड़ित बच्ची और अरोपी मिले। वही गांव वाले अरोपी को पकड़कर सुबह तक बांध कर रखा। सुबह पुलिस को सुचना देकर उसके आने पर अरोपी को पुलिस के हवाले किया।अरोपी की धर पकड़ के लिए पूरा गाँव मसहित पूर्व मुखिया बिरिजियना कुजूर के नेतृत्व में लगा रहा। पीड़ित बच्ची की हालत गंभीर होने पर अस्पताल में इलाज कर मेडिकल जांच के लातेहार भेजा। वही अरोपी को जेल भेजा।

## तेरह कांडों के वांक्षित अभियुक्त का पुलिस को सात वर्षों से थी तलाश, गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसपी विकास कुमार पांडे के बेहतर पुलिसिंग का नतीजा है कि चतरा समेत रांची के थाना में विभिन्न कांडों के अभियुक्त को चतरा पुलिस गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।इस बाबत एसडीपी ओ संदीप सुमन ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को जानकारी साझा करते हुए कहा कि 2018 से 24 तक लगभग सात वर्षो से पुलिस तलाश कर रही थी। इन सात वर्षों में चतरा सदर थाना में एक दर्जन और रांची थाना में एक मामला दर्ज है विभिन्न कांडों के अभियुक्त को पुलिस रंगे हाथों गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। 13 कांडों के वांक्षित अभियुक्त लालू साव को 2 किलो 700 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस उसके पास से बरामद किया गया है । एसडीपीओ ने बताया कि एसपी को 13 मई को गुप्त सूचना गुप्त सूचना मिली की कुख्यात अपराधी लालू साव.पिता दुलारचंद साव, ग्राम नावाडीह, थाना-सदर, जिला-चतरा अपनी बहन के घर कठौतिया आया हुआ है। प्राप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम गठित कर जिस में थाना प्रभारी विपिन कुमार, एसआई पप्पू कुमार शर्मा एवं सशस्त्र बल के जवान को छापा मारी दल में शामिल कर कार्रवाई की गई। गठित छापेमारी दल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधी लालू साव को कठौतिया स्थित बहन के घर पर पुलिस की गाड़ी आते देखकर भागने का प्रयास किया.टीम में शामिल सशस्त्र बल के जवानों और पुलिस अधिकारियों ने उसका पीछा कर पुलिस पकड़ने में सफल रही। तलाशी लेने पर उसके कमर से एक देशी पिस्तौल एवं मैगजीन में लोड 05 चक्र जिंदा कारतूस बरामद किया गया. गिरफ्तार लालू साव की निशानदेही पर बहन के घर के बाहर खड़ी आरएस 200 प्लसर मोटरसाइकिल की सीट के नीचे छिपाकर रखा गया 2 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम भी बरामद किया गया.उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कुख्यात अपराधी लालू साव पर हत्या,लूट,डकैती, आर्म्स एक्ट, रंगदारी जैसे जघन्य अपराध के कई मामले दर्ज हैं.अपराधी लालू साव आरोपपत्रित है और उनके खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की गयी है. इसके अलावा सदर चतरा थाने में भी कई मामलों में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे थे. उक्त के संबंध में सदर थाना कांड संख्या 181/24, धारा-18/18 (बी)/22/25/30 एनडीपीएस एक्ट एवं 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. एसडीपीओ ने बताया कि लालू साव का आपराधिक इतिहास रहा है।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक : आशीष टैगोर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लोकसभा चुनाव में लातेहार जिल के आइकन (पीडब्ल्यूडी) आशीष टैगोर ने आसन्न लोकसभा चुनाव में अपने अपने घरों से निकल पर मतदान करने की अपील की है।मंगलवार को बाजारटांड़ बाजार परिसर में सूचना एवं जनसपंर्क कार्यालय के कर्मियों साथ पहुंच कर श्री टैगोर ने मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। उन्होने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए शत प्रतिशत मतदान आवश्यक है। उन्होने कहा कि इस वर्ष जिला प्रशासन ने 80 प्रतिशत मतदान कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है. सरकार व प्रशासन के स्तर पर हर प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन यह लक्ष्य बिना सामुहिक सहयोग के हासिल नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और इस महापर्व में आम मतदाता अपनी सहभागिता अवश्य सुनिश्चित करें. टैगोर ने नये मतदाताओं से भी मतदान करने की अपील की। कहा कि मतदान की दिन को छुट्टी का दिन नहीं माने। पहले मतदान करें फिर जलपान करें। उन्होंने बिना किसी लोभ व प्रलोभन तथा भय के मतदान करने की अपील की।

# विहिप की जिला स्तरीय हुई बैठक राष्ट्रहित में हो सत प्रतिशत मतदान : विहिप संगठन मंत्री देवी सिंह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक 14 मई को गोरक्षणी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष भूनेंश्वर साव व संचालन जिला मंत्री सुधीर कुमार ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांत संगठन मंत्री श्री देवी सिंह, प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख संजय चौबे, विभाग मंत्री अनूप यादव उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि राष्ट्रहित में सत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रखंडों व पंचायत स्तरों पर छोटी -छोटी टोलिया बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता करेंगे, इस अभियान को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने कार्य क्षेत्र में लगकर संपन्न करने का कार्य करेंगे। साथ ही साथ उन्होंने सीता नवमी के बारे में चर्चा करते हुए आवश्यक बातें बताया। उन्होंने राम जी और सीता जी के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि रामनवमी की तरह नारी शक्ति के आदर्श सीता माता के प्रकटोत्सव उत्सव को सीता नवमी के रूप में मनाने कि जरुरत है। यह कार्यक्रम 12 मई से 18 मई तक चल रहा है। जिसका नेतृत्व मातृशक्ति,दुर्गा वाहिनी कर रही हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता लगेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से विहिप जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, जिला सह मंत्री संतोष कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडे, जिला गोरक्षा प्रमुख इंद्रजीत कुमार ठाकुर राकेश रंजन, बोलोपासना प्रमुख गोलू बाबू, अर्चक पुरोहित प्रमुख मनोज कुमार पांडे, जिला सहसंयोजक शुभम पाठक, जिला कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र पासवान, जिला विद्यार्थी प्रमुख राजा कुमार, नगर संयोजक रोशन तिवारी, इटखोरी प्रखंड अध्यक्ष योगेश्वर साहू, पत्थलगडा प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी, सिमरिया प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश कुमार, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता, बचरा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण मंडल,राजो साहू, सचिन श्रीवास्तव, राजू साहू, रविंद्र शर्मा समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शौचालय निर्माण में भारी अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण, सुविधापूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरा प्रयास जारी है।बूथस्तर, कलस्टरों वज्रगृह पर सुविधा एवं मतदान कराने के लिए आये। कर्मी एवं पुलिस बल को बिजली और शौचालय को लेकर कोई परेशानी नही हो इसे ले सुविधाओं को पुख्ता किया जा रहा है। शौचालय की कमी को देखते हुए जिला प्रशाशन द्वारा महुआडांड़ के 13 कलस्टर वज्रगृह पर शौचालय की कमी पर भवनों में पीएचडी एवं भवन विभाग के द्वारा लाखों रुपए के लागत से शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। संवेदक बताते है, एक महिने के दिया गया है। समय पर कार्य भी करना है। वही इसी का फायदा उठाकर संवेदक जल्दी- जल्दी अनियमितता बरतते हुए, शौचालय का निर्माण प्राक्कलन राशि के अनुरूप नही कर रहें है। निम्नस्तर सीमेंट, एवं कम गुणवत्तापूर्ण का जोड़ाई मसाला पर शौचालय खड़ा किया जा रहा है। मजबूती दे इसके लिये पानी तक नही पटाये जा रहे, बात मजदूरी हो तो मजदूर को दिनभर खटाकर 250 रुपये दिया जा रहा है। **कल क्या होगा इन शौचालय का :** चुनाव संपन्न के बाद सभी शौचालयों में ताला लगा नजर आयेगा। क्योंकि इतने कम समय पर पर हो रहे शौचालय निर्माण बिते समय पर खुद की मजबूती का गवाही देगें। क्योंकि पुटरूंगी, सिदरा, सेमरबुढ़नी, बराही, बांकरचा, कुरो, चोरमुंडा एवं अन्य गांव के सरकारी भवन पर बन रहें। शौचालय की सिपटिक टैंक नियम फीट अनुसार नही खोदा गया है। जैसे तैसे काम को सवेंदक पूर्ण करने पर है, तीन शौचालय हैंडोवर भी कर दिये गए है। वही सेमरबुढ़नी गांव का शौचालय देखने से पता चलता है, कि घटिया निर्माण हो रहा है। गांव चोरमुंडा का शौचालय सिपटिक टैंक की साइज छोटा है। शायद यह भी हो मतदान के दौरान कोई नवनिर्मित शौचालय गिर जाये। **क्या कहते है, अधिकारी :** प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग ने कहा कि तीन शौचालय हैंडोवर दिया गया है। अन्य एक-दो दिनों में हैंडोवर हो जाएगा।कहीं नाल तो कहीं प्लास्टर वगैरा बचे हुए हैं, काम प्रगति पर है। चुनाव से पहले शौचालय को कंप्लीट कर लिया जाएंगे। सोमवार को शौचालय समीक्षा खुद डीसी मैडम के स्तर से की गई, जिला से भी टीम आकर निरीक्षण कर जा रिपोर्ट दे रहे है।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कुन्दा में चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगों का मिला अपार समर्थन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा) :** चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने मंगलवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में काफी संख्या में आमजनों का समर्थन कालीचरण सिंह के जनसंपर्क काफिले में देखने को मिला। वही कुन्दा नगर भ्रमण करने के उपरांत कालीचरण सिंह ने चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की मैं चतरा की जमीन पर पला बढ़ा हूं। इसलिए चतरा की आम जनता के हितों की रक्षा करना मेरा प्रथम कर्तव्य रहेगा।चतरा लोकसभा क्षेत्र वासियों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना ना पड़े इसे लेकर मैं जनता की समस्या को सुनने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। उन्होंने कहा की चतरा के विकास के लिए केंद्र सरकार से चतरा की हिस्सेदारी को छीन कर लाऊंगा जनता के लिए मेरा मोबाइल हमेशा चालु रहेगा ताकि लोगो को अपनी समस्या रखने में सहूलियत मिलेगा। वही आगे उन्होंने कहा कि स्थानीय होने के नाते क्षेत्र की समस्या से अवगत हूं आप अपना बहुमूल्य मतदान 20 मई को कमल छाप पर देकर भारी मतों से विजयी बनावें। एवं विकास करने का अवसर दें। मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष बिखलाल मुंडा, कुन्दा प्रभारी तिलेश्वर राम। पूर्व जिला अध्यक्ष विनय सिंह, जिला महामंत्री शशिकांत तिवारी, महामंत्री सह भुईया समाज के जिला अध्यक्ष उमेश भारती, ममता देवी, प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, मंडल अध्यक्ष अनिता देवी, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, लवकुश गुप्ता, अनुज साहु, गंदौरी साव, समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता व आम जनता शामिल थे।

# एनटीपीसी आईटीआई में छात्राओं के लिए 20 दिवसीय सोहराय कला और संस्कृति पेंटिंग प्रशिक्षण का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना द्वारा एनटीपीसी आईटीआई परिसर में बड़कागांव क्षेत्र के स्कूली छात्राओं को कौशल विकास से जोड़ने की एक अनूठी पहल की हैद्य जिसमें बड़कागांव क्षेत्र के 45 स्कूली छात्राओं के लिए सोहराय कला और संस्कृति पेंटिंग का विद्वत उद्घाटन एनटीपीसी पीवीसीएमपी जागृति महिला संघ की अध्यक्ष तजीन फैज के कर कमल द्वारा हर्ष उल्लास के साथ किया गया। यह कार्यक्रम पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ शुरू हुआ जो की ज्ञान की रोशनी और भाग लेने वाली लड़कियों के लिए एक परिवर्तन कार्य यात्रा की शुरुआत का प्रतीक रहा। कार्यक्रम उद्घाटन समारोह में जागृति महिला संघ की जनरल सेक्रेटरी सबरीन चौधरी, ट्रेजर प्रियंका कुमारी, उप महाप्रबंधक एसके सेनापति, एनटीपीसी की अधिकारी सिद्धि एवं आईटीआई के प्राचार्य मिथलेश उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तजीन फैज ने महिला सशक्तिकरण की ओर सभी लड़कियों का ध्यान आकर्षित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य एवं जीवन में निरंतर नए कौशल को सीखने, सोहराय कला एवं संस्कृत चित्रकला के अनूठे कौशल को पूरी मेहनत और लगन से सीखने की बात कही एवं एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के इस पहल की सराहना की। यह प्रशिक्षण कार्यशाला 4 हफ्ते की होगी जिसमें प्रतिभागी के रूप में +2 हाई स्कूल बड़कागांव एवं जीडीएम हाई स्कूल बड़कागांव की छात्राओं का चयन किया गया। यह छात्राएं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की है, जिन्हें प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण किट उपलब्ध कराया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल के ग्रीष्म अवकाश के दौरान कराया जाना है। सफल समापन के उपरांत छात्रों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एनटीपीसी आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी संदीप कुमार मौर्य ने किया। मौके पर एनटीपीसी आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी प्रदीप कुमार, शाहिद अख्तर, इरफान अंसारी, मुकेश कुमार, अमरेश कुमार, श्रीनाथ श्री, उपेंद्र कुमार, सुनील कुमार, रवि प्रजापति, संजीत मेहता, प्रदीप कुमार, विकास कुमार एवं प्लस टू हाई स्कूल बड़कागांव, जीडीएम हाई स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# भाजयुमों जिलाध्यक्ष का हुआ विष्णुगढ़ दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल में जीत दिलाने को लेकर भाजयुमों जिलाध्यक्ष विकास सिन्हा ने कमर कस ली है। जिलाध्यक्ष के हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अन्य दौरों के साथ 13 मई 2024 को विष्णुगढ़ प्रखण्ड के पश्चिमी मंडल का भी दौरा किया।भाजयुमों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो,जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिन्हा,महामंत्री निशिकांत सिंह व राज करण पांडेय,रवि कुमार पांडेय ने टीम बनाकर विष्णुगढ़ में डोर टू डोर जाकर मतदाताओ से जनसंपर्क किया। जिलाध्यक्ष ने विष्णुगढ़ भाजयुमों के साथ मिलकर युवाओ में ऊर्जा का संचार करते हुए राष्ट्र हित मे भाजपा को मतदान करते हुए भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल भारी मतों से जीत दिलाने की विनम्र अपील की। कार्यक्रम के अनुसार विष्णुगढ़ के रविदास मुहल्ला,कसेरा मुहल्ला से रमुवा प्रजापति टोला में डोर टू डोर संपर्क किया गया।कार्यक्रम के दौरान मौके पर जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिन्हा ने कहा कि हज़ारीबाग लोकसभा में एक कर्मठ एवं जुझारू उम्मीदवार मनीष जायसवाल मिला है,जिन्होने अपने कार्यकाल में सैकड़ो गरीब बेटियों का कन्यादान कराया है। अपने क्षेत्र का एक छोटे से कार्यकाल में हज़ारीबाग सदर का सर्वांगीण विकास किया है,अब हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र की बारी है। इसलिए युवा,माताएं-बहनों एवं किसानों से एक छोटी सी अपील है,भाजपा को वोट करें।एक तरफ मोदी जैसा सशक्त नेतृत्व और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री कौन बनेगा इस पर प्रश्नचिन्ह इसलिए विष्णुगढ़ के मतदाता संशय में ना पड़े अपना कीमती वोट भाजपा को देकर अबकी बार चार सौ पार ने अपना अमुल्य योगदान दें।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव मनीष जायसवाल को विजय बनाने के लिए 16 मई को करेंगे जनसभा



**▷ भाजपा विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने किया स्थल निरीक्षण, अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से शामिल होने का किया आग्रह**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव 16 मई को बरही प्रखंड के पंचमाधव स्थित सत्संग मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, उक्त जानकारी पूर्व मंत्री पूर्व विधायक सह बरही विधानसभा के लोकसभा संयोजक मनोज कुमार यादव ने तिलैया रोड स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके इसकी जानकारी दी, उन्होंने हजारीबाग सहित बरही विधानसभा की जनता से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया और भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी से भारी मतों से विजय बनाने की बात कही, साथ ही विशाल जनसभा के लिए बन रहे पंडाल का भी उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के साथ निरीक्षण किया।

# विष्णुगढ़-बगोदर सड़क के किनारे रात के में अंधेरे दो शीशम के पेड़ ले उड़े चोर



ढाबे के किनारे शीशम का पेड़ चोरी होने से पहले ।



चोरी होने से पहले आधा कटा हरा-भरा शीशम का पेड़ ढाबे के किनारे।



ढाबे के किनारे पेड़ चोरी होने के बाद कटा शीशम का पेड़।



12 मई 2024 की रात को काटा गया दूसरा शीशम का पेड़ ,बिखरी पड़ी हरी भरी टहनियां।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़-बगोदर पथ एन.एच-522 के किनारे लगे इमरती पेड़ो पर लकड़ी माफिया निगाह गड़ाए बैठे थे। बीते एक हफ्ते में चलनिया में एक ढाबे के किनारे एक मोटा सा शीशम का पेड़ चोरों ने काट लिया और रातों-रात टहनी सहित ठिकाने लगा दिए,पेड़ चोरी होने के पूर्व इसकी जानकारी वनविभाग से संबंधित लोगो को दी गई थी,उस समय पेड़ को आधा काटा गया था। यह घटना के तीन से चार दिन बितने के बाद इसी सड़क के किनारे फिर एक शीशम का पेड़ चोरों द्वारा 12 मई 2024 की रात को काट लिया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक और शीशम के पेड़ को आधा काट लिया गया है,और इसकी चोरी कभी भी हो सकती है।इस पर सूत्र ने और जानकारी देते हुए बताया कि इसमें स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत भी है,जिसकी वजह से चोर बेख़ौफ़ पेड़ो की चोरी को अंजाम दे रहे है।ग्रामीणों ने बताया कि अभी आचार संहिता लागू है,ऐसे में प्रशासन चुस्त है,फिर भी पेड़ो की चोरी प्रशासन पर सवाल खड़े करती है। इस सड़क पर दिन रात गाड़ियां चलती रहती है,सड़क मुश्किल से कभी खाली रहती होगी। बेड़ाहरियारा बीट के सिपाही संजीत कुमार वर्मा ने कहा कि इसकी सूचना अपने अधिकारियों को दे दी है,जल्द ही छानबीन कर दोषी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# बच्चों को प्रेरित करने वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी पहुंचे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस हजारीबाग के सूरज कुमार द्वारा प्रार्थना सभा में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाबू गांव कोर्रा में दीप प्रज्वलित किया गया।इस अवसर पर उन्होंने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदा सत्य बोलना चाहिए ,धर्म की राह पर चलना चाहिए, माता पिता एवं गुरु का सम्मान करना चाहिए। पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण न करते हुए हमें प्रतिदिन मातृ दिवस मनानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विद्या मंदिर ही एक ऐसी संस्था है ,जहां बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्या मंदिर के प्रांगण में आकर और वंदना सभा में भाग लेकर मुझे बहुत शांति एवं सुकून महसूस हुआ यही एकमात्र विश्व की ऐसी संस्था है ,जहां भैया बहनों को प्रथम कक्षा से ही संस्कृत की शिक्षा दी जाती है यह विद्यालय वास्तव में नैतिकता, अनुशासन ,सर्व कल्याण, शांति एवं शिक्षा का केंद्र है, उन्होंने आगे भैया बहनों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आप अपने माता-पिता और पड़ोसियों को मतदान के प्रति जागरूक करें और उन्हें 20 तारीख को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का रहा उच्चतम प्रदर्शन

**हजारीबाग :** सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा आयोजित AISSCE 2024 में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर , कुम्हारटोली के कक्षा द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य के भैया -बहनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । गौरतलब है कि भैया श्रेष्ठ कुमार 90.6% अंक लाकर विज्ञान संकाय में पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान एवं भैया अंश कुमार 89.4 प्रतिशत अंक लाकर वाणिज्य संकाय में पूरे विद्यालय के स्कूल टॉपर बने ।विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया- बहन निम्नांकित है। विज्ञान संकाय में श्रेष्ठ कुमार 90.6%,करण कुमार 88.8%, उन्नति राज 88.8%,सागर कुमार 86.6%, वाणिज्य संकाय में अंश कुमार 89.4%, हंसराज कुशवाहा 85.4%, समर्थ 74.2 भैया- बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ, कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार, सदस्य गण, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं विद्यालय के सभी आचार्य बंधु- भगिनी ने भैया -बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्राचार्य , ब्रजेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय के आचार्यों के दिशा निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया- बहनों को दी गई एवं भैया -बहनों के लगन एवं परिश्रम करने से परीक्षा में भैया -बहनों का शानदार प्रदर्शन दिखा। कक्षा द्वादश विज्ञान संकाय एवं वाणिज्य संकाय में विद्यालय के भैया -बहनों के शानदार प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

# बरही भाजपा कार्यालय में पश्चिमी मंडल की हुई बैठक



**बरही :** बरही तिलैया रोड स्थित भाजपा कार्यालय में बरही पश्चिमी मंडल के मंडल अध्यक्ष अमित साहू की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से बूथ जीतो, चुनाव जीतो पर रणनीति तैयार किया गया। वहीं हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी सह सदर विधायक मनीष जायसवाल का बुधवार को इटखोरी भद्रकाली मंदिर से चौपारण तक पैदल चुनावी दौरा में शामिल होने की बात कही गई। जिसके बाद बरही के पंचमाधव स्थित सत्संग मैदान में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का जनसभा के लिए आगमन 16 मई को है जिसकी तैयारी के लिए परिचर्चा की गई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रदेश मीडिया प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी, गोरियाकरमा मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम,भगवान केशरी, इंद्रदेव ठाकुर, आकाश जायसवाल, नागेश्वर रजक, सचिन यादव, मनितोष यादव, वासुदेव यादव, बालेश्वर यादव, सुबोध केसरी, लक्ष्मण कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, दीपक कुमार प्रजापति, मनोज कुमार यादव वीरेंद्र कुमार रवि विनोद कुमार बर्नवाल ,संजय यादव, नरेश यादव, दिनेश यादव, देवधारी यादव, अशोक यादव, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में निकाली गई बाइक रैली मांगा वोट

**बड़कागांव :** हजारीबाग 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों के द्वारा प्रखंड में प्रचार प्रसार तेज कर दी गई है ।उनके समर्थक कई गांव में जाकर पक्ष में वोट करने के अपील लोगों से कर रहे हैं। मंगलवार को तलसवार पंचायत में एनडीए से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो और सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली। बाइक रैली में भारी संख्या में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ता ने भाग लिया। गली मोहल्ले में जा जाकर लोगों से लोगों वोट मांगा और मनीष जायसवाल को जिताने की अपील की। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से बड़कागांव पश्चिमी बड़कागांव मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव नागेश्वर तुरी भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हजारीबाग बार एसोसिएशन पहुंचे मनीष जायसवाल, जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार की सुबह हजारीबाग बार एसोसिएशन परिसर में अधिवक्ता संघ के विभिन्न भवन में अधिवक्ताओं से जनसंपर्क करते हुए भाजपा और अपने पक्ष में मतदान की अपील की।बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता संघ, हजारीबाग द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया गया । अधिवक्ताओं को संबोधित श्री जायसवाल ने कहा कि हमारे और आपके पेशे में समानता है।समानता इस बात की है कि समाज का कोई भी व्यक्ति जब पीड़ा में होता है तो या तो पॉलिटिशियन के पास जाता है या एडवोकेट के पास जाता है। हम लोग समाज में मिश्री घोलने का और खुशी बांटने का काम करते हैं। मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान लोकसभा का चुनाव वैश्विक तौर पर बेहद ही गंभीर चुनाव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में विश्व का हर शक्तिशाली देश किसी न किसी समस्या से घिरा है और परेशान है लेकिन किसी देश में अगर स्थिति बेहतर है और शांति का माहौल है तो वह भारतवर्ष ही है। उन्होंने कहा की याद करिए भारत के पुराने दिन जब बम ब्लास्ट की खबरें आम हुआ करती थी, पाकिस्तान जैसा छोटा देश भारतवर्ष को धमकी देते था, चीन आंख दिखाता था, बॉर्डर की सीमाएं असुरक्षित हुआ करती थी लेकिन 2014 के बाद आपने मोदी सरकार को चुना और स्थितियां बदलने लगी। मनीष जायसवाल ने कहा कि 2014 से पहले करीब 60 साल तक अंग्रेजों की नीति तोड़ो और राज करो के सिद्धांत पर जिसने इस देश में सर्वाधिक राज किया उसने देश की जनता, संस्कृति और देश को ऊपर उठाने का काम बिल्कुल भी नहीं किया। वर्तमान समय में हिंदुस्तान में जो जातिवाद में लोग बैठे हैं इसका श्रेय इन्हें लेना चाहिए या देश की जनता को इन्हें श्रेय देना चाहिए। मनीष जायसवाल ने कहा कि जाति धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण के लिए आप जैसे प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा तभी भारत का कल्याण संभव है। उन्होंने कहा कि जाति धर्म तभी रहेगा जब राष्ट्र रहेगा। अगर देश कमजोर होगा तो हमारा सामाजिक परिवेश भी कमजोर होगा। मोदी सरकार में वर्तमान समय में भारत का डिफेंस, फॉरेन पॉलिसी, वित्तीय मैनेजमेंट मजबूत हुए हैं, देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और रामराज्य की और हिंदुस्तान अग्रसर हो रहा है। रामराज का मतलब एक बेहतर व्यवस्था से है, एक अच्छे समाज से है जहां हर लोग एक स्टैंडर्ड जिंदगी जिए। देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रामराज की और प्रगतिशील है और इसे आगे बढ़ाने के लिए आपका सहयोग जरूरी है। नीष जायसवाल ने कहा कि पिछले 10 साल में हमने बहुत कुछ सीखा है और आगे भी बेहतर करने का स्कोप हमारे पास है बशर्ते यहां के लोग ऐसा चाहें।

# सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु बने स्कूल टॉपर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हारटोली के कक्षा दसवीं के भैया -बहनों ने सीबीएसई परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा कर अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन किया । गौरतलब है कि भैया अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज ने 94.20 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बने ।विद्यालय के टॉपर भैया- बहन अमन रंजन, समृद्ध सिंह एवं प्रियांशु राज 94.20 प्रतिशत, सौम्या रानी 93.80 प्रतिशत,खुशी रंजन 93.60 प्रतिशत,समृद्धि 93.60 प्रतिशत,काव्या सिन्हा 93.20 प्रतिशत, आदित्य सिन्हा 92.80 प्रतिशत,नैना कुमारी 92.40 प्रतिशत,रितिक कुमार यादव 92.20 प्रतिशत, निखिल कुमार 92 प्रतिशत, सृष्टि कुमारी 91.80 प्रतिशत हैं। भैया- बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय के सचिव फणींद्रनाथ , कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमार, सदस्य गण, विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन एवं विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने टॉपर्स भैया -बहनों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कीद्य विद्यालय के प्राचार्य , ब्रजेश कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि- विद्यालय के आचार्यों के दिशा निर्देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भैया- बहनों को दी गई एवं भैया -बहनों के लगन एवं परिश्रम से परीक्षा में भैया -बहनों का शानदार प्रदर्शन दिखा। कक्षा दसवीं में विद्यालय के भैया -बहनों के शानदार प्रदर्शन से पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण है।

# सीबीएसई 12 वीं में डीएवी के छात्र अनीश राज 95.2% अंक लाकर बना स्कूल टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सीबीएसई 12 वीं के बोर्ड रिजल्ट की घोषणा सोमवार को हुई,जिसमें डीएवी के छात्र अनीश राज ने 95.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर रहा, जिससे इनके परिवार वालों में खुशी का माहौल है, अनीश राज शुरू से ही पढ़ने में काफी मेहनती रहा है,इनके पिता नन्दलाल प्रसाद कोरियाड़ीह निवासी एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक हैं, उन्होंने कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है, उन्हें विश्वास है कि आने वाला वक्त उनकी मेहनत के बल पर और भी बेहतर होगा, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक की कड़ी मेहनत के कारण ही आज हमारा बेटा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुआ है, और डीएवी स्कूल में टॉप किया है, इसके लिए सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

# मनीष जायसवाल के पक्ष में पथभ्रमण सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के ग्राम होरम में पथ भ्रमण सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी बडकागांव पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष आदित्य साहु सोनी ने किया। इस दौरान एनडीए से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क कर लोगों से वोट डालने की अपील की गई। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, चंदौल मुखिया सनीत महतो ने जाति-पाति से उपर उठकर कर प्रधान मंत्री के कल्याणकारी योजनाओं को स्मरन कराया, एक-एक वोट का महत्व समझाया।

# सीबीएसई दसवीं में अर्श पब्लिक स्कूल करियातपुर का रहा शत प्रतिशत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अर्श पब्लिक स्कूल करियातपुर का शत प्रतिशत रिजल्ट रहा, प्रकाशित रिजल्ट में अर्श पब्लिक स्कूल करियातपुर विशाल कुमार ने 90% व द्वितीय स्थान आयुष कुमार 84% एवं तृतीय स्थान सिदेश कुमार ने 75% अंक प्राप्त किया, अन्य बच्चों का रिजल्ट भी काफी उत्साहवर्धक रहा। विद्यालय के निर्देशक शत्रुघन कुमार ने सभी बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, शत्रुघ्न प्रसाद ने बताया कि सफलता किसी एक दिन की मेहनत का फल नहीं है, बल्कि उसे उसके पीछे कई दिन रात की मेहनत छिपी होती है, अनुशासित जीवन ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है, इससे साफ पता चलता है कि अर्श पब्लिक स्कूल में बेहतरीन तरीके से अनुभवी शिक्षकों द्वारा शिक्षा दी जाती है, साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की इससे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

# विष्णुगढ़ में मोटरसाइकिल रैली के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने आज मोटरसाइकिल रैली निकालकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत विभिन्न गॉवो का सघन दौरा करते हुए हाथ छाप पर मतदान करने की अपील की। रैली में आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन के सभी सहयोगी दलों से आये सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं का भरपूर सहयोग मिला।रैली का आयोजन विष्णुगढ़ रमुआ से झामुमों कार्यालय से इसका आरम्भ किया गया। मोटरसाइकिल रैली विष्णुगढ़ इंटर कालेज पहुँची,जहाँ पूर्व से उपस्थित कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई ने स्व.टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ने संदेश देते हुए कहा कि पहली बार विष्णुगढ़ की धरती से हज़ारीबाग लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने का अवसर कांग्रेस पार्टी ने दिया है,इस अवसर को जाने ना दें और हाथ छाप पर वोट दें। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व माण्डू विधानसभा साँसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा, पूर्व झामुमो जिला अध्यक्ष शम्भू लाल यादव, झामुमो केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, कांग्रेस प्रखंफ अध्यक्ष अब्बास अंसारी,झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी,सचिव संजय कुमार प्रजापति,मुखिया दुलारचंद महतो, गंगाधर महतो, रामचंद्र यादव, माले नेता दुलारचंद साव, तापेश्वर रजक, उत्तम चंद महतो, महेंद्र राम, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सुरेंद्र मिश्र, जगदीश वर्मन, मुनीलाल महतो, मिट्ठू यादव, अख्तर अंसारी, नारायण यादव, देवी राम हेंब्रम, छोटेलाल बेसरा, रामलाल सोरन, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।

## दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास के तहत दीक्षांत और स्टार एलुमनाई समारोह का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ के तत्वाधान में मंगलवार को दीक्षांत और स्टार एलुमनाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षणार्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्र वितरण किया गया और नौकरी करके वापस लौटे प्रशिक्षणार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन.साह, सचिव प्रियंका कुमारी, कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि , प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में कौशल विकास प्रशिक्षण के सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवम छात्र -छात्राएं उपस्थित थे ।



## राहुल जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्यों एवं उपसमिति के सभापतियो की बैठक में सत्र 2024-25 के लिए राहुल जैन को कार्यकारिणी सदस्य के रुप में नियुक्त किया गया है। राहुल जैन के नाम का अनुमोदन प्रदीप कुमार सिंह ने किया एवं कार्यकारिणी सदस्य दिनेश पोद्दार ने राहुल जैन के नाम का समर्थन किया। उक्त नियुक्ति कार्यकारिणी सदस्य स्व गोपाल शर्मा के अकास्मिक निधन के कारण रिक्त हुई थी। अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल एवं सचिव मानु चतुर्वेदी ने राहुल जैन को कार्यकारिणी सदस्य चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी।



## असम के मुख्यमंत्री का चुनावी कार्यक्रम रजरप्पा स्टेडियम मे आज

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर 15 में को रजरप्पा स्थित आवासीय कॉलोनी मैदान में लगभग सुबह 11-00 बजे एनडीए के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्वशर्मा का चुनावी दौरा कार्यक्रम रखा गया है असम मुख्यमंत्री हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, मुख्यमंत्री आगमन को लेकर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों ने चुनावी सभा स्थल का निरीक्षण किया गया, इस दौरान रामगढ़ जिला एसपी,अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ एसडीपीओ एवं स्थानीय पुलिस पदाधिकारी के द्वारा जायजा लिया गया, रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्टेडियम में चुनावी सभा को लेकर मंच तैयार किया जा रहा है लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है एवं आम लोगों को बैठने के लिए विशाल पंडाल बनाया जा रहा है, मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर के माध्यम से रजरप्पा मैदान मे उतरेंगे जहां पर पूर्वी छोर में हेलीकॉप्टर उतरने के लिए हेलीपैड को चिन्हित कर बनाया गया है! रामगढ़ जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री के आगमन को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है, चुनावी सभा को लेकर भाजपा एवं आजसू पार्टी के कार्यकर्ता भी काफी मेहनत कर रहे हैं।



## रामगढ़ जिला के प्रखंड अध्यक्षों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से किया मुलाकात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से रामगढ़ जिला के तमाम कांग्रेस प्रखंड अध्यक्षों ने किया मुलाकात दुलमी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली गोला प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी रामगढ़ नगर अध्यक्ष बलराम साहू चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष अहसानुल्लाह मांडू प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो रामगढ़ प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर प्रसाद गुप्ता ने मुलाकात कर संगठन की मजबूती के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।

## पतरातू भाजपा मंडल का बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान शुरू

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा पतरातू मंडल के 14 पंचायत में पथ सभा के माध्यम से सभी 64 बूथों में जनसंपर्क अभियान शुरू कर बूथ जीतो चुनाव जीतो का शुभारंभ किया गया। पतरातू मंडल के अध्यक्ष राजाराम प्रजापति के द्वार तालाटांड पंचायत के सोलिया गांव से किया गया।हफुआ पंचायत के बटुका गांव जिसका मुख्य वक्ता भाजपा के सुखदेव प्रसाद किशोर कुमार महतो और पालू पंचायत के किरीगढ़ा गांव में मुख्य वक्ता भाजपा के राधेश्याम अग्रवाल और राजाराम प्रजापति के द्वारा लोगों को संबोधन कर किया गया साथ ही साथ बूथ अध्यक्षों को चुनाव से संबंधित सभी सामग्री उपलब्ध कराया गया इस जनसंपर्क अभियान में शक्ति केंद्र(पंचायत) के संयोजक सहसंयोजक पंचायत के सभी बूथ अध्यक्षो एवं ग्रामीण जनता के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया जाएगा तथा यह कार्यक्रम तीन दिनों के अंदर सभी बूथों में कर लेना है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी 14 पंचायत में प्रभारी नियुक्त कर दिया गया है इस कार्यक्रम का एक ही व्यू है बूथ जीतो चुनाव जीतो है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता सुखदेव प्रसाद मंडल,उपाध्यक्ष किशोर कुमार महतो, मान सिंह,रामेश्वर खरवार,एनुअल हक,इस्लाम अंसारी,वारिस खान,रिंकू देवी,आजसु से प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो,बृजेश सिंह,अशोक पाठक, राजू कुमार,इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस में सिविल ऑफिसर व सुरक्षा हवलदार ड्यूटी के दौरान आपस में भिड़े

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: थाना गिद्दी ए क्षेत्र के सीसीएल अरगड्डा जीएम ऑफिस के प्रांगण में मंगलवार को सुबह एक सिविल ऑफिसर व सुरक्षा में गेट पर तैनात सीसीएल सुरक्षा हवलदार के बीच किसी बात को लेकर भिड़ंत हो गई। जिसमें घायल सुरक्षा हवलदार को ईलाज के लिए एंबुलेंस द्वारा नईसराय अस्पताल ले जाया गया। जबकि सिविल आफिसर रांची चले गए। मामले की जानकारी मिलने पर ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी को-ऑर्डिनेशन के अरगड्डा क्षेत्र प्रतिनिधि बंशी बेदिया, माथुर राम, शांतनु कुमार जीएम ऑफिस के पदाधिकारियो से मिलकर घटना की जानकारी लिया। साथ ही उचित कदम उठाने की मांग किया। बताया कि डियूटी के दौरान अधिकारी व कर्मी में मारपीट अशोभनीय है। जिसके कारण बात नहीं हो पाई। घटना के संबंध में सीसीएल के महाप्रबंधक कार्यालय के वरीय पदाधिकारी को पता है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई थी, जबकि इसकी चर्चा जीएम ऑफिस प्रांगण समेत आस-पास के चौक चौराहो पर सुर्खियों में बनी हुई है। बताया जाता है कि मारपीट को लेकर मैनेज करने का भी प्रयास लगातार जारी है।



## भाजपा रामगढ़ जिला परिवार ने शोक सभा का किया आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सुशील मोदी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उनका ना होना असंख्य कार्यकताओं के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। प्रभु दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को सम्बल प्रदान करें। शोक जताते हुए भाजपा ज़िला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि 1974 के छात्र आन्दोलन में उनकी भूमिका उत्कृष्ट रहा और देखते देखते भाजपा के एक बड़े नेता के रुप में स्थापित हो गए। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, इला रानी पाठक,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, डाक्टर संजय सिंह , चंद्रशेखर चौधरी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ,बलराम महतो ,आनन्द बेदिया अखिलेश प्रसाद, सरिता ठाकुर खिरोधर साहू, रंजन फ़ौजी राजू कुशवाहा, रमेश वर्मा, दिलीप सिंह ,किरण देवी, संजीव कुमार बाबला ,वसुध् तिवारी सुरेन्द्र करमाली, दीनदयाल कुमार,राजीव पामदत्त प्रवीण कुमार सोनू, महेन्द्र प्रजापति,सहदेव ठाकुर, उमेश प्रसाद, विजय जायसवाल, नमेंद्र चंचल ,सुबोध सिंह, बबलू कुशवाहा , सुनिल कुमार बर्नवाल,रोबिन गुप्ता, बैजनाथ साव,विनोद कुमार, सैय्यद किरमानी ,सुखदेव प्रसाद, शिव कुमार महतो,महेन्द्र महतो , महेश चौधरी, मनोज सिंह , सुरजीत सिंह छाबरा सहित भाजपा रामगढ़ जिला परिवार ने शोक जताया।

# न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अरगड्डा नईसराय रोड में स्थित न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला के विद्यार्थियों ने सीबीएसई के दसवीं कक्षा की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया । न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला के दसवीं के विद्यार्थी मोहम्मद इरशाद ने 85.4त्न अंक के साथ स्कूल का टॉपर बना , वही संध्या कुमारी ने 82.8त्न अंक लाकर द्वितीय टॉपर बनी , सलेहा परवीन 80त्न लाकर तृतीय टॉपर बनी। इसी तरह स्कूल के दसवीं के बच्चों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। प्राचार्य ने मिली शाह ने बच्चों की सफलता पर हर्ष जताते हुए कहा कि छात्रों को उनकी मेहनत का परिणाम मिला है इस मौके पर स्कूल के शिक्षक नसीम सर तौकीर सर वींरेंद्र सर बीना मैम शिवानी मैम, रंजीता मैम, मोनिका मैम,संतोष सर ,सोनी मैंम, मीरा मैंम ,बिना मैंम यासमीन मैम, सना मैंम ,गौसिया मैंम ,अफरीन मम ,स्वीटी मैम ने स्कूल के सभी दसवीं के छात्र को बहुत-बहुत बधाई एवं आगे जीवन की शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षकों ने बच्चों से कहा कि सभी बच्चे अब आगे अपने करियर के प्रति और भी गंभीर होकर पढ़ाई करें।




## झामुमो ने जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में चिकोर में की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** चिकोर पंचायत के समुन्दर टोला में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में एक बैठक रखी गई जिसकी अयक्षता मालवीर बेदिया संचालन उदय अग्रवाल ने किया।मुख्य रूप से झामुमो के केन्द्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया उपस्थित हुये। संजीव बेदिया ने चिकोर पंचायत के ग्रामीणों से जयप्रकाश भाई पटेल को वोट करने का निवेदन किया। साथ ही पतरातू प्रखंड से अधिक से अधिक मतो से जीत दिलाने के लिए झामुमो कार्यकर्ता घर-घर जाकर उनके पक्ष में समर्थन करने की अपील कर रहे है साथ ही पूरे झारखंड में लोकसभा सीट पर महागठबंधन की जीत होगी। देश की जनता ने भाजपा को नकार दिया है। हजारीबाग लोकसभा में भारी मतों से जेपी पटेल की जीत होगी। मौके पर उदय अग्रवाल,चरकू बेदिया, इम्तियाज अंसारी, लखन मुंडा,दुरिका बेदिया,हरिलाल बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, मुकेश रावत आदि लोग मौजूद थे।

# डीएवी बरकाकाना में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया

*उमर फारूक ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया*

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी बरकाकाना में 12वीं और 10वीं कक्षा में 90प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले द्वादश और दशम कक्षा के छात्रों को एक समारोह में सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने इस मौके पर एक भाषण देते हुए कहा कि,आपको भविष्य में जहां भी जाएंगे, वहां का वातावरण यहां से बिल्कुल अलग होगा। आपको भटकने के बजाय अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना होगा। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कई बार गिरना उठना पड़ सकता है, किन्तु आप अपने लक्ष्य से कभी नहीं विचलित न हों।समारोह में सभी सफल छात्रों को प्राचार्य ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दी, जो उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देने का एक अद्भुत उपहार था। 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उमर फारूक ने विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं नेहा कुमारी ने 95.6, अदिति श्री ने 95.4 अंक प्राप्त कर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय से 134 बच्चें बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 28 बच्चों ने 90 प्रतिशत से उपर, 40 बच्चों ने 80 प्रतिशत से उपर, 32 बच्चों ने 70 प्रतिशत से उपर एवं 20 बच्चे ने 60 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किया।




*झारखंड सेवा समिति ने समारोह का आयोजन कर प्रतिभाशाली बच्चों को किया सम्मानित*

# लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तबतक प्रयास जारी रखें जबतक लक्ष्य प्राप्त नही हो जाता : अमित सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड सेवा समिति द्वारा होटल शिवम इन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर उन्हें प्रेरित किया गया। समारोह की अध्यक्षता झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने किया । समारोह में आईसीएसई 10वीं में 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया कुमारी, सीबीएसई 10वीं में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पूजा सिंह, सीबीएसई 12वीं वाणिज्य में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले केशव अग्रवाल को सम्मानित किया गया। समारोह में मुक्ति मंडल वनस्थली विद्यापीठ में लॉ की छात्रा कीर्ति जायसवाल जिन्हें फर्स्ट इन ऑर्डर ऑफ मेरिट इन फर्स्ट ईयर स्कॉलरशिप प्राप्त हुआ है उन्हें सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करते हुए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा ने कहा की इन प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित कर संस्था गौरवान्वित महसूस कर रही है। कहा की समिति प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने में हमेशा मदद करने और उन्हें प्रेरित करने का कार्य करती रही है जो आनेवाले समय में भी जारी रहेगा। उन्होंने सम्मानित होनेवाले सभी बच्चों को सलाह दी की जीवन में बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तबतक मेहनत जारी रखें जबतक लक्ष्य प्राप्त नही हो जाता।समारोह का संचालन सह सचिव मनोज मंडल ने व धन्यवाद ज्ञापन राजेश कुमार ने किया।समारोह में रंजन फौजी, राजेश कुमार, अजीत जायसवाल, अरविंद अग्रवाल, संजय दांगी,नंदकिशोर गुप्ता, जितेंद्र अग्रवाल, कौशल सिंह, विनोद साहू, जीतू अग्रवाल, शैलेंन्द्र ठाकुर, आनंद सिन्हा,नवनीत दयाल, नवनीत कुमार, आदि उपस्थित थे ।



## रामगढ़ महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग में अविभावक शिक्षक मीटिंग संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के अंग्रेजी विभाग में अविभावक शिक्षक मीटिंग संपन्न हुई। विभाग द्वारा विद्यार्थियों को अनुशासित बनाने और बेहतर परीक्षाफल के लिए समय समय पर विद्यार्थियों और अविभावकों को लेकर कार्यक्रम करते रहता है। विगत सोमवार को अविभावक शिक्षक मीटिंग आयोजित कर विद्यार्थियों को कक्षा में निरंतर उपस्थिति दर्ज करने को कहा गया और विभागीय आंतरिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाने का काम किया गया। साथ ही महाविद्यालय परिसर क्षेत्र में महाविद्यालय के अनुशासन के सभी बिन्दुओं का पालन करने जैसे यूनिफॉर्म में ही प्रवेश करने को कहा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय ने कहा कि सिर्फ स्कूल अध्ययन के दौरान अविभावकों को बच्चों का केयर करने की जरूरत नहीं है बल्कि महाविद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ असीम खलको, डॉ शालिनी प्रकाश और डॉ नीतू मिंज उपस्थित थे।

## डाड़ी प्रखंड के रबोद्ध पंचायत में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा पथ सभा का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डाड़ी प्रखंड के रबोद्ध पंचायत के रोयांग गांव में, मिश्राइन मोढा पंचायत के रिकवा गांव में भाजपा द्वारा सफल पथ सभा का आयोजन किया गया। इस पथ सभा में सैकड़ों की संख्यामें महिला पुरुष भाग लिए जिसमे सभा में मुख्य वक्ता के रूप संबोधित करते हुए हजारीबाग लोकसभा कोर कमिटी के सदस्य सह वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा की किसी भी हिन्दू को कांग्रेस जैसी हिंदू विरोधी पार्टी को वोट नहीं देना चाहिए क्यों की कांग्रेस का पंजा हिंदुओं के खून से सना है, कांग्रेस ही है जो राम मंदिर का निर्माण नही होने देने के लिए 22 - 22 वकीलों की फोज खड़ी की थी, कांग्रेस ही जो हमारे अराध्य राम भगवान को काल्पनिक कहा था, हिंदुओं को बदनाम करने के लिए भगवा आतंकवाद का नारा दिया था, ये वही कांग्रेस है जिसने हमको अपने धार्मिक ग्रंथों की शिक्षा दीक्षा देने के अधिकार से वंचित कर दिया, ये कांग्रेस ही है जिसने वक्फ बोर्ड का गठन कर देश के बहुत बड़े भूभाग पर एक धर्म विशेष के लोगों को कब्जा करा दिया इसलिए हमे भाजपा को वोट देना चाहिए क्योंकि क्यों की आज भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने हम हिंदुओं को 500 सालो के संघर्ष के राम मंदिर का निर्माण कराया, कश्मीर समस्या का समाधान किया, साथ हर गरीब को मकान, सौचालय, गैस और देश के 80 करोड़ लोगो को 3 साल से मुफ्त अनाज देने का काम कर रही है, किसानों को हर साल 6000 देने का काम कर रही है, अनेक कल्याण कारी महिला के लिए चला रही है साथ ही देश को आर्थिक एवम सामरिक रूप से मजबूत करने का काम कर रही, आज भारत दुनिया में एक मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है इसलिए जाति पाती, लोकल बाहरी से ऊपर उठकर राष्ट्र की चिंता करते हुए हिंदू बनकर 20 मई को कमल फुल छाप पर वोट देकर मनीष जयसवाल को भारी मतों से विजय बनावे और नेंद्र मोदी के हाथों को मज़बूत बनाए!! इस सभा की अध्यक्षता एवम सफल संचालन मंडल अध्यक्ष वकील महतो ने किया साथ ही इस सभा में मुख्य रूप से भाजपा नेता चंदेश्वर महतो कृष्णा महतो लखी महतो, रोहित महतो और आजसू पार्टी के मंडल अध्यक्ष भुनेश्वर महतो, आजसू नेता अर्जुन महतो ,मोहन महतो इत्यादि उपस्थित थे।

## हेसला ग्राम में इंडिया गठबंधन दलों की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** हेसला आदिवासी क्लब में इंडिया गठबंधन दलों , भाकपा (माले), कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल की संयुक्त बैठक भाकपा- माले जिला कमिटी सदस्य सह रामगढ़ प्रखंड सचिव सरयू बेदिया के अध्यक्षता में एवं कांग्रेस पार्टी के नेता पिन्टू अंसारी के संचालन में सम्पन्न हुई।बैठक में भाकपा माले नेता महादेव राम, लालकुमार बेदिया, छोटन मुण्डा ,फूलचंद करमाली, अनवर अंसारी, विजय प्रजापति, भीम प्रजापति, कांग्रेस के कलाम अंसारी,फिरोज अंसारी, राष्ट्रीय जनता दल के शिंकू खान अन्य दर्जनों लोग शामिल थे। बैठक से आह्वान किया गया कि इस लोकसभा चुनाव में जन विरोधी, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी, छात्र- नौजवान विरोधी एवं कॉरपोरेट सांप्रदायिक फासीवादी भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए तमाम मेहनतकश मजदूर- किसान, छात्र- नौजवानों, महिलाओं को एक जूट होकर इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए एक-एक मतदाता अपनी कीमती वोट देकर विजयी बनाने का अपील किया गया।आरएसएस के इशारे पर चलने वाली भाजपा इस 10 सालों के अंदर में एक-एक करके सार्वजनिक संस्थाओं, उपक्रमों व उद्योगों को अपने चहेते मित्रों अडानी -अंबानी के हाथों कौड़ियों के भाव में बेच डाले गए। गरीबों- वंचितों, बेरोजगारों की हालात और भी बद से बदतर स्थिति में पहुंचा दिया है। गरीबों की बात करने वाली भाजपा, घड़ियाली आंसू बहाने वाले मोदी की सरकार सिर्फ बाहर से मुखौटा लिए हुए है। इसके झांसे में आने से मतदाताओं को सावधान रहना चाहिए। समाज के सभी तबके के लोग त्राहिमाम जिंदगी जी रहे हैं।

# भाजपा कार्यालय में भाजयुमो की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** भारततीय जनता पार्टी कार्यालय पतरातू में भाजयुमो पतरातू मंडल के तत्वाधान में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता गणेश कु.ठाकुर एवं संचालन विश्वजीत भारद्वाज और अंबर प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अबकी बार 400 पर संकल्प के तहत युवा मोर्चा की बैठक में निर्णय लिया की पतरातू अंतर्गत 14 पंचायत में युवा मोर्चा के द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। वहीं सभी कार्यकर्ता संकल्पित होकर फिर एक बार मोदी सरकार के तहत भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में दो नंबर कमल छाप पर बटन दबा कर भारी मतो से विजय बनाने में योगदान देंगे। साथ ही बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर 2 मिनट का मोन रखा गया। मौके पतरातू मंडल प्रभारी प्राणाय जायसवाल, अवधेश सिंह, आजसू से अशोक पाठक, वीरेंद्र झा, राकेश सिंह चौहान, राहुल कुमार, सेतु प्रियदर्शी, चंदन बरनवाल, संयोजक पंकज गुप्ता, अमित कुमार, परमानंद राजीव, सूरज कुमार, अवधेश, राकेश कुमार, बजरंग कुमार, चंदन वर्णवाल , मोहन करमाली, श्याम कुमार, महेंद्र मुंडा, संजय कुमार,

## डीएवी स्कूल पतरातु ने टॉपर सेजल को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** सीबीएसई 10th का रिजल्ट 2024 में पतरातु डीएवी पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा सेजल चौरसिया और उसके माता पिता को स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा के द्वारा स्कूल प्रांगण में फूलों का गुलदस्ता और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।सेजल चौरसिया बोर्ड के परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल में टॉप पर रही ।पतरातु डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं का 10ह्ल्द्ध बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा स्कूल में प्रथम स्थान लाने वाली सेजल चौरसिया ने बताया कि वह इसके लिए शुरू में 5 घंटे और बाद में 9 घंटे तक प्रतिदिन पढ़ाई करती थी। अपनी सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत माता पिता के आशीर्वाद और स्कूल के शिक्षकों के सही मार्गदर्शन को देती है। डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु के पूरे विद्यालय परिवार समेत स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दिया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**पूर्व मध्य रेल**

**ऑन लाइन ई–निविदा (खुली)**

**आमंत्रण सूचना संख्या ईएल/डीएचएन/सोलर/2.017 एम डब्लू पी/2024–25**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पूर्व मध्य रेल, धनबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस जो किसी राज्य/केन्द्र सरकार के लाईसेंसिंग बोर्ड से वांछित वोल्टेज स्तर या अधिक वोल्टेज स्तर के लिए जारी किया गया हो और वे निविदा पत्र में वर्णित अन्य शर्तों को पूरा करते हों उन से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्याः ईएल/डीएचएन/सोलर/2.017 एम डब्लू पी/2024–25**

**क्र० सं० 1, कार्य का नामः** "पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में रूफटॉप सौर पीवी प्रणाली का कार्यान्वयन" 2.017 एम डब्लू पी की कुल क्षमता वाली परियोजनाएं धनबाद मंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं, सार्वजनिक–निजी भागीदारी ("पीपीपी") के माध्यम से डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण ("डीबीएफओटी") आधार पर और दीर्घकालिक निश्चित दर पीपीए के तहत रेलवे को बिजली की आपूर्ति (यानी परियोजनाओं के चालू होने के बाद 25 साल की अवधि के लिए)। **2. अनुमानित लागतः** ₹8,71,48,053.00, **3. बीड सिक्यूरिटी/अग्रधन राशिः** ₹21,54,156.00, **4. उपरोक्त निविदा स्वीकार एवं बंद होने की तिथि और समयः** 04.06.2024 को 11.00 बजे तक, **5. उपरोक्त निविदा की वेबसाईट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः** वेबसाईट https://www.bharat-electronictender.com वरीय मंडल विद्युत अभियंता (गति शक्ति) का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, धनबाद।

**नोटः** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त बेवसाईट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/00267/डीएचएनजीएस/ईजीईएन/टी/24–25/48

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य रेल, धनबाद, एसएलआर का अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी के लिए आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है: **क्र.सं.(1) ई–नीलामी सूची :** पार्सल, **ई–नीलामी सूची सं.:** लीज–23–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 24.05.2024, 15.00 बजे से, **कार्य का विवरण :** ● पट्टे पर ट्रेन सं. 22388 धनबाद से हावड़ा तक 04 टन एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट । ● पट्टे पर ट्रेन सं. 13329 धनबाद से पटना तक 3.9 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट । ● पट्टे पर ट्रेन सं. 11046 धनबाद से कोल्हापुर तक 4 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट (साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को)। ● पट्टे पर ट्रेन सं. 12340 धनबाद से हावड़ा तक 3.9 टन का एफ एस एल आर– I कम्पार्टमेंट । ● पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेपी तक 3.9 टन का आर एस एल आर–I कम्पार्टमेंट। **क्र.सं.(2) ई–नीलामी सूची :** पे एंड यूज शौचालय, **ई–नीलामी सूची सं.:** पीएनयू–37–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 24.05.2024, 15.30 बजे से, **कार्य का विवरण :** रेणुकूट स्टेशन के पीआरएस कार्यालय के सामने द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय में 'पे एंड यूज' शौचालय का संचालन एवं रखरखाव, तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए। **क्र.सं.(3) ई–नीलामी सूची :** पार्किंग, **ई–नीलामी सूची सं.:** पार्किंग–33–24, **ई–नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरणः** 28.05.2024, 15.00 बजे से, **कार्य का विवरण :** ● अंपारा स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। ● राँची रोड में 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड। सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद**

पीआर/0272/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24-25/60

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# मोदी की पेशम जनसभा में उमड़ी भीड़





## चरगो में बने हेलीपेड से सभा स्थल तक उमड़े भीड़ को रोड शो के जरिए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मंगलवार को पीएम मोदी की पेशम जनसभा के लिए प्रशासन जहां पूरी तरह से मुस्तैद रहीं वहीं हेलीपेड से सभा स्थल तक तीन किलोमीटर तक अपने प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लाखों लोग कड़कड़ाती धूप में दोपहर एक बजे से शाम 4-30 बजे तक डटे रहे, इसके अलावे जनसभा में उमड़ी भीड़ से पेशम हीं नहीं बल्कि सुइयाडीह, गादी, अंबाटांड, इत्यादि गांवों में लोग हीं लोग नजर आ रहे थे। इस प्रकार से उमड़ी जनसैलाब को जहां एनडीए गठबंधन ने लोगों का भाजपा सरकार पर भरोसा जताया। वहीं मोदी ने विपक्ष पर चुन चुन कर हमला किया। इस बीच बगैर नाम लिए उन्होंने कहा कि यह वही इंडी गठबंधन के लोग हैं जिन्होनें मोदी को गोली मारने की धमकी दिया था। साथ हीं उन्होनें गिरिडीह और कोडरमा में पीएम आवास के तहत मोदी सरकार ने करीब डेढ़ लाख लोगों को पक्का मकान प्रदान किया, इसी तरह आप्लोगो का भरोसा बना रहा तो मैं गारंटी देता हूं कि एक भी गरीब परिवार को कच्चे मकान में रहने पर मजबूर नहीं होने दूंगा। गरीबी के कारण महगें इलाज की वजह से लाखों नवजवान, वृद्ध, महिलाएं, पुरुष अल्पकाल में मृत्यु हो जाती थी। इसके लिए हमने गरीबों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया, सस्ता एवं सुविधाजनक इलाज के लिए दर्जनों एम्स बनवाया। इतना हीं नहीं आपकी सुरक्षा के लिए हमारे जवान हमेशा तत्पर रहे इसके लिए उन्हें आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया ताकि आप चैन की नींद सो सकें। इसलिए अगर आप फिर से केंद्र में मजबूत एवं स्थिर सरकार चाहते हैं तो अन्नपूर्णा देवी को भारी मतों से विजय बनाना होगा।

# केंद्रीय संचार ब्यूरो के मतदाता जागरूकता रथ को नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के द्वारा जिले के मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा लोक सभा के आम चुनाव में भाग लेने हेतु, पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान का आज शुभारंभ किया गया। जागरूकता रथ को नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर अपने कार्यालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकारनाथ पाण्डेय, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी और राजकिशोर पासवान के अलावा अन्य लोग और आम जन भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि मतदान सभी का मूल अधिकार है। लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें और अपनी भूमिका निभाते हुए देश के लोकतंत्र को और मजबूती प्रदान करें। वहीं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ने कहा कि चुनाव का यह पर्व हमें धूम धाम से मानना चाहिए। इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। जागरूकता रथ द्वारा जगजीवन नगर, पुलिस लाइन, मनईटांड, हीरापुर, बरमसिया, बैंक मोड़, श्रमिक चौक, बेकार बांध, सरायढेला, स्टील गेट आदि जगहों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

## अधिवक्ताओं के बीच भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** लोकसभा चुनाव 2024 के आलोक में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के द्वारा अबकी बार फिर मोदी सरकार को लेकर विजय संकल्प हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रबुद्ध अधिवक्ताओं के द्वारा स्नेह आशीष मिला एवं अधिक से अधिक मतदान करने करवाने के विषय पर वार्ता हुई। इस कार्यक्रम में धनबाद के सभी अधिवक्ताओं सहित वरिष्ठ भाजपा नेता मौजूद थे।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** दिनांक 14 मई 2024 मुख्यालय, हाजीपुर में 03 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाष से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया । महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं ।

# अनुपमा सिंह ने भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना

## गरीब का बेटा हो तो कहां से आए करोड़ों रुपए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। सबसे पहले चासनाला स्थित कल्याणेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और क्षेत्र की जनता के लिए सुख-शांति और समृद्धी की कामना की। उसके बाद चासनाला अस्पताल के समीप उनका स्वागत अभिनंदन हुआ। अनुपमा सिंह ने भाजपा के प्रत्याशी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दुलू महतो, लोगों से कहते फिर रहें कि वे गरीब का बेटा हैं। लोगों से मैं पूछती हूं कि किस गरीब के बेटे के पास करोड़ों रुपए हैं। क्या किसी गरीब के उपर पचास-पचास मुकदमे दर्ज होते हैं। ये तो जनता जनार्दन सब कुछ बेहतर समझती है। इसका जवाब उसे 25 मई को मिल जाएगा। अनुपमा सिंह ने कहा जनता की सेवा करना उनका एकमात्र उद्देश्य है। विस्थापितों के मुद्दे पर महागठबंधन प्रत्याशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव जीतते ही वो इस समस्या पर काम करना शुरू कर देंगी। उन्होंने कहा कि वोट देना आपका अधिकार है। इसे जाया नहीं जाने दें। सभी लोग जरूर वोट करने जाएं और लोकतंत्र को मजबूत करें। सांसद बनते ही मजदूरी को दोगुणा किया जाएगा। अनुपमा सिंह ने कहा कि लोडिंग प्वाइंटों से वर्चस्व की लड़ाई को खत्म कराते हुए सभी को बराबर का अधिकार दिलाया जाएगा। अल्पसंख्यकों के अधिकार को किसी भी कीमत पर छिनने नहीं दिया जाएगा। यह मुल्क सभी का है और सभी को बराबर का दर्जा दिया जाएगा। पाथरडीह कोल वाशरी, पाथरडीह रेलवे गेट, सुदामडीह मेन कॉलोनी, सुदामडीह रिभर साईड, झरिया मारवाडी श्याम मंदिर, झरिया लाल बाजार, शिमला बहाल बस्ती आदि में जनसभा एवं जनसंपर्क किया गया।

# धनबाद लोकसभा के प्रभारी बने आलोक राज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के द्वारा आलोक राज को एक और जिम्मेदारी देते हुए धनबाद लोकसभा का प्रभारी नियुक्त किया। इस बाबत आलोक राज ने कहा की मैं अपने टीम के साथ हर क्षेत्र में धनबाद लोकसभा के इंडिया गठबंधन की काँग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न जगहों पर जनसपर्क अभियान कर रहा हूं और वो भारी मतों से विजय होंगी। संगठन और मजबूत करने को लेकर मुझे प्रभारी के जिम्मेदारी दिया गया, जिसके लिये मैं झारखंड प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पांडे जी का आभार व्यक्त करना हूँ। मैं पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने और कांग्रेस पार्टी को और भी मज़बूत बनाने और ऊंचाइयों तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास करूँगा। झारखण्ड के प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह समेत कई लोगों ने आलोक राज को बधाई दी है।

## भूली मंडल मे भाजपा प्रत्याशी के जीत को लेकर बनी रणनीति




**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का जनसंपर्क अभियान और तेज होता जा रहा है। इसको लेकर अमरेश सिंह की अगुवाई में भूली भाजपा मंडल में शिवपुरी स्थित कार्यालय में बैठक हुई जिसमें प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा अब की बार 400 पार को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए घर-घर जाकर मतदाताओं को जनहित में केंद्र सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में समझने की जरूरत है। बैठक में ललन मिश्रा, रंजीत कुमार उर्फ बिल्लू , सुमन कुमार सिंह, सुमेश कुमार साहू उर्फ गामा, अनिल साहू, मनमोहन सिंह, पप्पू शर्मा, बबलू सिंह, अशोक गुप्ता, गंगोत्री सिंह, आशा राय, सूरज कुमार पासवान, कैलाश गुप्ता, अजय सिंह, शंकर दयाल सिंह आदि उपस्थित थें। बैठक का संचालन मानस रंजन पाल ने किया। इस अवसर पर सभी ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि आगामी 25 मई को धनबाद संसदीय क्षेत्र के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास में जुट जाना है।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि बाजार समिति में विधानसभावार बनाए गए डिस्पैच सेंटर व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा और मतगणना हॉल का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार मौजूद थे।

## महुदा में हाईवा के टक्कर से मोटर साईकिल सवार दो युवक घायल

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा थाना के महुदा ब्रह्मबाबा पुल के पास हाइवा के टक्कर से मोटर साईकिल सवार हुआ घायल।बताया जाता है की विपरीत दिशा से आ रही हाईवा गाड़ी संख्या JH10AR/ 7845 के टक्कर से मोटर साईकिल संख्या JH10BR/ 6342 में सवार दो युवक मुकेश पाण्डेय, बंटी पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको एनएमसीएच धनबाद अस्पताल भेजा गया है , दोनो युवक महुदा के पांडेडीह का रहने वाले बताया जाता हैं । दोनो की टक्कर के बाद महुदा थानेदार तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और मोटर साईकिल जो हाईवा के नीचे फस गया था जिसको निकाला गया। मोटर साईकिल और हाईवा को पुलिस ने जप्त कर थाना ले गई।

# ढुल्लू महतो का सधन जनसंपर्क अभियान हुआ तेज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने मटकुरिया, धनसर स्थित नई दिल्ली बस्ती, बैंक मोड़ पुराना बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में सधन जनसंपर्क अभियान चलाया। जहा लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माला भेंट कर स्वागत किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा की जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने है, देश के हित में मजदूरों के हित में किसानों के हित में हर कार्य करने का प्रयास किए हैं और बाकी के कार्यों को अगले 5 वर्ष में पूर्ण करने का काम करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए कार्यों को अगर हम गिनाए तो दिन पूरा हो जाएगा लेकिन किए गए कार्यों की गिनती समाप्त नहीं होगी। इसलिए मैं आपके समक्ष विनती कर अपील करने के लिए आया हूं कि धनबाद में अपना कीमती वोट भाजपा के कमल छाप में देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से सशक्त मजबूत बना कर प्रधानमंत्री बना कर देश का सर्वांगीण विकास एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का काम करेंगे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

**आम सूचना**

**स्पेशल लोक अदालत**

**दिनांक 08 जून 2024 (शनिवार)**

**स्थान –व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला**

**निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालसा, रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 08.06.2024 को प्रातः 7.30 बजे से स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त स्पेशल लोक अदालत में MACT CASES के मामले का निष्पादन किया जायेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 7.00 बजे से दिन के 12:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

PR 324781 Law (24-25)_D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़ (निर्वाचन शाखा)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

–:: आदेश ::–

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा–160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक–18.05.2024 से दिनांक–21.05.2024 तक मैं, चंदन कुमार (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त, रामगढ़, लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित 14–हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में निहित 22–बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र (पतरातू भाग) एवं 23–रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 24–माण्डू विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र(माण्डू भाग) अन्तर्गत अवस्थित कुल–456 मतदान केन्द्र भवनों का सम्पूर्ण परिसर उपस्कर सहित अधिग्रहण करता हूँ।

| क्र० सं० | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | मतदान केन्द्रों की संख्या | मतदान केन्द्र भवनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | 22–बड़कागाँव विधानसभा (पतरातू भाग) | 221 | 112 |
| 02 | 23–रामगढ़ विधानसभा | 402 | 229 |
| 03 | 24–माण्डू (माण्डू भाग) | 229 | 115 |
| कुल | | 852 | 456 |

ह०/–

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR.NO.324800 Election(24-25):D



"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतुवृहत्तरसहभागिता"

## समाहरणालय, लातेहार (निर्वाचन शाखा)

**आम-सूचना**

लोकसभा आमचुनाव– 2024 के क्रम में मतदान कर्मियों/पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिलान्तर्गत कुल 44 मतदान केन्द्रों के रिलोकेशन हेतु प्रेषित प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 11.05.2024 द्वारा सहमति दी गई है, जिसकी सूचना मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 3153 दिनांक 11.05.2024 से प्राप्त है। तदोपरान्त अधोलिखित तालिका के क्रमांक 04 में अंकित मतदान केन्द्रों का मतदान क्रमांक 05 में अंकित भवन/मतदान केन्द्र पर दिनांक 20.05.2024 को सम्पन्न होगा, जिसकी विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| SN | Name of PC | Name of AC | No. & Name of Present Location of the PS | | Proposed Location of the PS | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | PS No. | PS Name | PS No. | PS Name |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | |
| 1 | 04 Chatra | 73 Manika | 46 | U.H.S. Saidup | 44 | U.H.S. Morwaikala E. Part |
| 2 | 04 Chatra | 73 Manika | 47 | U.H.S. Saidup W. Part | 45 | U.H.S. Morwaikala W. Part |
| 3 | 04 Chatra | 73 Manika | 48 | U.M.S. Bere | 50 | U.H.S. Lat |
| 4 | 04 Chatra | 73 Manika | 55 | P.S.Ladi | 56 | M.S.Mundu |
| 5 | 04 Chatra | 73 Manika | 57 | U.M.S. Haratu | 56 | M.S.Mundu |
| 6 | 04 Chatra | 73 Manika | 59 | U.M.S. Amwatikar | 58 | U.M.S. Ganeshpur |
| 7 | 04 Chatra | 73 Manika | 60 | Panchayat Bhawan Nawadih | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 8 | 04 Chatra | 73 Manika | 64 | P.S. Chungru | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 9 | 04 Chatra | 73 Manika | 65 | P.S.Chungru W. Part | 63 | U.M.S. Hehegara |
| 10 | 04 Chatra | 73 Manika | 206 | U.M.S. Kodag | 205 | U.M.S. Tupukhurd |
| 11 | 04 Chatra | 73 Manika | 211 | M.S. Piri | 212 | UPGRADED PRIMARY SCHOOL KARITOLA |
| 12 | 04 Chatra | 73 Manika | 219 | P.S. Banduwa | 218 | U.M.S. Lai |
| 13 | 04 Chatra | 73 Manika | 226 | U.M.S. Baribandh | 225 | Samudayik Bhawan Kabari |
| 14 | 04 Chatra | 73 Manika | 232 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL SURKUMI | 230 | UPGRADED +2 HIGH SCHOOL GARU SOUTH PART |
| 15 | 04 Chatra | 73 Manika | 233 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL KUJRUM | 235 | New P.S. Dergaon |
| 16 | 04 Chatra | 73 Manika | 236 | PRIMARY SCHOOL HENAR | 234 | UPGRADED HIGH SCHOOL BARESANDH |
| 17 | 04 Chatra | 73 Manika | 240 | R.P.S.Banduwa | 239 | R.P.V. Chetma |
| 18 | 04 Chatra | 73 Manika | 249 | M.S. Dauna | 245 | P.S. Maunadih |
| 19 | 04 Chatra | 73 Manika | 250 | P.S. Durup (Old Building) | 245 | P.S. Maunadih |
| 20 | 04 Chatra | 73 Manika | 251 | P.S. Adhe | New | P.S. Batuatoli |
| 21 | 04 Chatra | 73 Manika | 254 | P.S. Vrijiyatoli | 252 | R.H.S. Netarhat E. Part |
| 22 | 04 Chatra | 73 Manika | 255 | P.S. Sirsi | 253 | R.H.S. Netarhat W. Part |
| 23 | 04 Chatra | 73 Manika | 256 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL JAMDIH | 241 | GOVERNMENT MIDDLE SCHOOL SARNADIH |
| 24 | 04 Chatra | 73 Manika | 257 | U.M.S. Kukudpath | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 25 | 04 Chatra | 73 Manika | 258 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHIROPATH EAST PART | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 26 | 04 Chatra | 73 Manika | 259 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHIROPATH WEST PART | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 27 | 04 Chatra | 73 Manika | 262 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL SURKAI | 260 | M.S. Orsa E. Part |
| 28 | 04 Chatra | 73 Manika | 263 | P.S. Parewa (Old Building) | 264 | U.H.S. Chatakpur E. Part |
| 29 | 04 Chatra | 73 Manika | 298 | M.S. Champa | 297 | P.S. Putrungi E. Part |
| 30 | 04 Chatra | 73 Manika | 317 | P.S. Mail | 321 | P.S. Chormunda |
| 31 | 04 Chatra | 73 Manika | 318 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL BELWAR | 307 | UPGRADED MIDDLE SCHOOL CHUTIYA |
| 32 | 04 Chatra | 73 Manika | 319 | U.M.S. Arahans | 321 | P.S. Chormunda |
| 33 | 04 Chatra | 74 Latehar | 29 | U.M.S. Indua | 33 | M.S. Latu |
| 34 | 04 Chatra | 74 Latehar | 30 | UPG MIDDLE SCHOOL HERANHOPA | 31 | M.S. Balubhang N. Part |
| 35 | 04 Chatra | 74 Latehar | 174 | U.M.S. Sohdag | 175 | U.M.S. Kaima |
| 36 | 04 Chatra | 74 Latehar | 260 | U.M.S. Peshrar | 256 | U.P.S. Batatkhurd (Old Building) |
| 37 | 04 Chatra | 74 Latehar | 295 | U.P.S. Tilaiyadamar | 292 | R.U.M.S. Chakala W. Part |
| 38 | 04 Chatra | 74 Latehar | 322 | P.S. Gardag | 321 | U.M.S. Chiro |
| 39 | 04 Chatra | 74 Latehar | 323 | R.K.P.S. Boda | 324 | U.M.S. Lukuiya |
| 40 | 04 Chatra | 74 Latehar | 326 | R.P.S. Haka E. Part | 325 | U.H.S. Hutap |
| 41 | 04 Chatra | 74 Latehar | 327 | R.P.S. Haka W. Part | 325 | U.H.S. Hutap |
| 42 | 04 Chatra | 74 Latehar | 353 | R.P.S. Ara | 348 | R.K.U.M.S. Dudhimati |
| 43 | 04 Chatra | 74 Latehar | 356 | U.P.S. Jamuari | 358 | R.M.S. Betar Nawatar |
| 44 | 04 Chatra | 74 Latehar | 357 | R.U.M.S. Madma | 358 | R.M.S. Betar Nawatar |

जिलान्तर्गत सभी राजनीतिक दलों के पदधारक/प्रत्याशियों/सभी संबंधित मतदाताओं/ हितधारको से अपील है कि मतदान दिवस (20.05.2024) को Relocated मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का अवश्यक प्रयोग किया जाय।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 324790 Election (24-25)_D

# चुनाव कार्य से लौट रही पुलिस की मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को रौंदा

## पत्नी की दर्दनाक मौत, पति और दुधमुही बेटी की हालत गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा थाना क्षेत्र के बनजोगा सड़क टोली में चुनाव कार्य संपन्न कराकर वापस लौट रहे छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के मालवाहक चौदह चक्का ट्रक RJ 05 GB 2069 ने बाइक सवार दम्पति को रौंदने से बाइक में सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान कौवादरहा निवासी बिरसमनी देवी के रूप में की गई है। घटना में बाइक चालक मृतका के पति कपिलास सिंह एवं एक वर्षीय दुधमुही बच्ची वैष्णवी कुमारी की सिर और चहेरे में गंभीर रूप से चोट लगी है। घायलों को छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के जवान अपने बोलेर गाड़ी से जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया जहां दोनों पिता और पुत्री को प्राथमिक इलाज करने के बाद सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के सम्बन्ध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की कौवादरहा निवासी कपिलास सिंह अपनी पत्नी बिरसमनी देवी व एक वर्षीय दुधमुही बच्ची वैष्णवी कुमारी के साथ जलडेगा से खरीददारी कर वापस अपने घर लौट रहे थे इसी क्रम में बनजोगा सड़क टोली के निकट विपरीत दिशा से आ रहे चुनाव कार्य में लगे पुलिस के मालवाहक ट्रक ने बाइक सवार दंपती को रौंदते हुए दाहिने ओर सड़क से निचे झाड़ियों में ले गया। जिससे महिला बिरसमनी देवी और मोटरसाइकिल ट्रक के अगले दाहिने चक्के के निचे दब गए, वहीं पति कपिलास सिंह और बच्ची दूर जाकर गिरे। घटना के बाद महिला चक्के में दबे होने के बावजूद काफ़ी देर तक कराहती रही लेकिन लम्बे समय तक दबे रहने के कारण महिला घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।



# सड़क दुर्घटना में दंपति की मौत के बाद परिजन से मिले सुखदेव भगत कहा,

## हर संभव सहायता दिलाने का दिया आश्वाशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** बिशुनपुर प्रखंड के हरैया गांव से मतदान करने जा रहे दंपतियों की सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत होने के बाद मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने हरैया गांव पहुंचकर मृतक के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। साथ ही पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सरकारी सहायता दिलाने की बता कही। उन्होंने घटना के प्रति शोक प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत बड़ा दुखदाई घटना है। इसकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है भगवान इनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। साथ ही पीड़ित परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। मौके पर सुखदेव भगत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घर की स्थिति का जायजा लिया और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो इसके लिए सरकारी आवासीय विद्यालय में नामांकन दाखिल कराने की बात कही और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। श्री भगत ने कहा कि निराशी बोरहा गांव के ग्रामीणों के लिए मतदान केंद्र काफी दूर में बनाया गया था। ये लोग मतदान करने जा रहे थे उसी दरमियान यह घटना घटी है। और दंपति की मौत हो गई। इसलिए प्रशासन को आगे से सोच विचार कर गांव के नजदीक में मतदान केंद्र बनाएं जाना चाहिए जिससे मतदान का प्रतिशत भी बढ़ेगा और आगे से किसी प्रकार का अप्रिय घटना नहीं घटेगी। इस मौके पर गुमला जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार भगत लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक साहू, बिशुनपुर विधानसभा कोऑर्डिनेटर पवन गौतम, बिशुनपुर प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, अनिल कुमार, फूलदेव उराव, शाहिद अहमद बिल्लू, महात्मा उरांव, अशोक खेरवार, संजय टाना भगत, कलेश्वर उरांव, पर्वती देवी, कमल उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।



## लोहरदगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 66.45 प्रतिशत मतदान हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत 13 मई को हुए मतदान में 66.45प्रतिशत मतदान हुए जिसमें से कुल 14,41,302 मतदाताओं में 7,13,911 पुरुष मतदाता एवं 7,27,387 महिला मतदाता तथा अन्य में कुल 4 मतदाताओं में से इस बार कुल 9,57,690 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया,जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक देखने को मिली।12- लोहरदगा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कुल 4,58,507 पुरुष मतदाताओं (64.22 त्न पुरुषों ने मतदान किया) एवं 4,99,182 महिला मतदाताओं ने (68.62प्रतिशत महिला मतदाताओं ने मतदान किया) मतदान किया। एवं कुल 1 अन्य श्रेणी के मतदाता ने मतदान किया। वहीं यदि केवल गुमला जिले की बात की जाए तो 67- सिसई (स्ज्ञ) में 66.11 त्न मतदाताओं ने मतदान किया जिसमें से कुल 2,60,235 मतदाताओं में से कुल 1,72,059 मतदाताओं ने मतदान किया । कुल 1,32,200 महिला मतदाताओं में से 91,539 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 1,28,035 पुरुष मतदाताओं में से कुल 80,520 मतदाताओं ने मतदान किया। इसी प्रकार 68- गुमला (स्ज्ञ) अंतर्गत 64.74प्रतिशत मतदान हुए। जिसमें से कुल 2,45,481 मतदाताओं में से 1,58,930 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल 1,24,337 महिला मतदाताओं में से 82,114 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 1,21,144 पुरुष मतदाताओं में से कुल 76,816 मतदाताओं ने मतदान किया। 69-विशुनपुर (स्ज्ञ) क्षेत्र अंतर्गत 63.35त्न मतदान हुए,कुल 2,81,191 मतदाताओं में से 1,78,152 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से कुल 1,41,164 महिला मतदाताओं में से कुल 94,396 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं कुल 1,40,024 पुरुष मतदाताओं में से कुल 83,755 मतदाताओं ने मतदान किया। एवं 3 अन्य मतदाताओं में से कुल 1 मतदाता ने मतदान किया। वहीं लोहरदगा क्षेत्र अंतर्गत 66- मांडर (स्ज्ञ) अंतर्गत 67.39त्न मतदान हुए,कुल 3,70,288 मतदाताओं में से 2,49,540 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से कुल 1,86,320 महिला मतदाताओं में से कुल 1,27,364 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं कुल 1,83,967 पुरुष मतदाताओं में से कुल 1,22,176 मतदाताओं ने मतदान किया। एवं 1 अन्य मतदाताओं में से कुल 0 मतदाता ने मतदान किया। इसी प्रकार 72- लोहरदगा (स्ज्ञ) क्षेत्र अंतर्गत 70.04प्रतिशत मतदान हुए,कुल 2,84,107 मतदाताओं में से कुल 1,99,009 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें से कुल 1,43,366 महिला मतदाताओं में से कुल 1,03,769 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं कुल 1,40,741 पुरुष मतदाताओं में से कुल 95,240 मतदाताओं ने मतदान किया।

# कैरो प्रखंड में 31,533 मतदाता में 23,280 ने किया वोट, पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं ने लिया अत्यधिक भाग

## मतदान की प्रतिशत मे वृद्धि, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न पर सभी बधाई के पात्र : बीडीओ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड मे पिछ्ले 13 मई को प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रों पर लोकसभा चुनाव मे निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं मतदान प्रतिशत मे वृद्धि को लेकर मतदान कार्य मे जुटे अंचल एवं प्रखंड के सभी कर्मी, सभी विभागों के कर्मी, सुरक्षा कर्मी, सभी बीएलओ, स्वयं सेवी संस्थान, समाजिक एवं राजनीतिक संगठन, पंचायत जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड के सभी मतदाताओं को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव का पर्व में प्रखंड के कुल 31,533 मतदाताओं मे 23,280 अर्थात 73.83 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर 11089 पुरुष तो 12,191 महिलाओं ने किया मतदान। प्रखंड मे पुरुषो की अपेक्षा महिलाओं ने मतदान मे निभाई अधिक भागीदारी। प्रविपदा0 ने कहा कि प्रखंड के मतदान केंद्र 167 म0वि0 कैरो उतरी भाग मे 82.08 प्रतिशत, गजनी म0वि0 दक्षिणी भाग 189 मे 81.45 प्रतिशत, पंचायत भवन कैरो 169 में 80.93 प्रतिशत, प्रा0वि उतका मे 80.05 प्रतिशत अर्थात प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्रो पर औसतन 73.83 प्रतिशत का मतदान पर सभी प्रखंड वासी बधाई के पात्र हैं।



## सुखदेव भगत ने शांतिपूर्ण मतदान होने पर दी सभी मतदाताओं को बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्वक संपन्न होने पर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, मतदानकर्मी, पुलिस अधिकारीगण, पुलिसकर्मी का इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने धन्यवाद दिया है। साथ ही साथ कांग्रेस पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं इंडिया गठबंधन के सभी सहयोगी दल झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद, माले, कम्युनिस्ट पार्टी, आप तृणमूल कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं, आदिवासी संगठनों, सामाजिक संगठनों के साथ-साथ प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का सुखदेव भगत ने आभार प्रकट किए हैं।

## भाजपा को सभी वर्गों का समर्थन मिला है, जीत सुनिश्चित : ओम प्रकाश सिंह



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा संसदीय सीट पर संपन्न हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत को सुनिश्चित बताया है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने अपना आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रवाद की नीतियों का पूर्ण समर्थन किया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा है कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिला है। भाजपा नेता श्री सिंह ने कहा है कि कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा दूसरे और तीसरे स्थान के लिए संघर्ष कर रहे हैं, और उन्हें जनता ने नकार दिया है।

## रोड सेफ्टी मेंबर संजय बर्मन की मदद से घायल को सदर अस्पताल में कराया भर्ती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर थाना क्षेत्र के निगनी आम बगीचा के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जानकारी अनुसार सदर थाना क्षेत्र के निगनी आम बगीचा के समीप दो अनियंत्रित बाइक और बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल को रोड सेफ्टी मेंबर संजय बर्मन की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि रोड सेफ्टी मेंबर संजय बर्मन ने अपने साथियों के साथ मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करें जिसको लेकर बगड़ू की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में निगनी आम बगीचा के समीप घायल देख पहले उन्होंने सदर अस्पताल पहुंच कर इंसानियत का परिचय दिया जहां घायल का इलाज चल रहा है। घायल की पहचान नगर क्षेत्र के कुरैशी मोहल्ला जमील कुरैशी का 18 वर्ष पुत्र आयान कुरेशी के रूप में हुई है। वही दूसरा बाइक सवार को हल्की चोट लगने के कारण वह किसी निजी क्लीनिक में इलाज करने की सूचना है

# चुनाव कार्य संपन्न के पश्चात हेलीकॉप्टर से सुरक्षित वापस लौटे मतदान कर्मी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोकसभा आम चुनाव सोमवार को सफलता पूर्वक सम्पन्न होने के पश्चात चुनाव डियूटी में लगाये गये चुनाव कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से वापस जिला मुख्यालय लाया गया। लोहरदगा लोकसभा आम चुनाव कार्य के लिए सेन्हा व पेशरार प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों में चुनाव करवाने हेतु कर्मियों को नक्सल प्रभावित क्षेत्र में लगया गया था। चुनाव कर्मियों को बूथ तक आने जाने में यातायात की समस्या उतपन न हो जिसको लेकर पेशरार प्रखंड क्षेत्र के जवाल विद्यालय के समीप निर्मित अस्थाई हेलीपैड के माध्यम से उपायुक्त सह जिला निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सुरक्षित हेलीकॉप्टर से भेजा गया था। और चुनाव समापन के उपरांत



दूसरे दिन सभी मतदान कर्मियों को जिला मुख्यालय वापस लाया गया। चुनाव कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से सफलता पूर्वक लाने के पश्चात उपायुक्त सह जिला निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन, मतदानकर्मी, चिकित्सक व जनता का सहयोग से लोहरदगा लोकसभा आम चुनाव सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। वहीं हेलीकॉप्टर के माध्यम से वापस आने पर चुनाव कर्मी भी प्रशन्न और खुश नजर आए। तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण मतदान कर्मियों में खौफ बना हुआ था। लेकिन पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था के कारण सही सलामत वापस लौट मतदानकर्मियों ने राहत महसूस किया।

## सुशील कुमार मोदी के निधन पर भाजपायों ने किया शोक प्रकट

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर लोहरदगा के भाजपाइयों ने गहरा दुख व्यक्त किया। छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राजनीति में प्रवेश करने वाले बिहार के मृदु भाषी, शालीन तथा कुरीतियां के प्रबल विरोधी नेता के साथ कार्य किए। लोहरदगा भाजपा के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह बताते हैं कि लोहरदगा से स्व मोदी का व्यक्तिगत रूप से इतना लगाव था कि वह कई भाजपा कार्यकर्ताओं के शादी विवाह हो या दुख की घड़ी हो या फिर अन्य राजनीतिक, सामाजिक कार्यक्रमों में भी उपस्थित रहते थे, तथा संयुक्त बिहार में लोहरदगा के विषयों पर बिहार विधानसभा में बातों को रखते थे। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में ओम प्रकाश सिंह, बृज बिहारी प्रसाद, देवाशीष कार, संजय बर्म्मन, तरुण देवघरिया, सुधीर अग्रवाल, उमेश कांस्यकार, अशोक खत्री, इंद्रजीत भारती, राजकिशोर महतो, मदन मोहन पाठक, धीरज साहू, नवीन कुमार टिंकू, अजय पंकज, जगनंदन पौराणिक आदि हैं।

## केंद्रीय विद्यालय के छात्र प्रिंस कुमार ने मैट्रिक सीबीएससी परीक्षा में लाया 85 प्रतिशत अंक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के केंद्रीय विद्यालय स्कूल लोहरदगा का छात्र तथा सदर प्रखंड क्षेत्र के मुंदो ग्राम निवासी सागर साहू का बेटा प्रिंस कुमार साहू ने सीबीएसई 10 वीं बोर्ड की परीक्षा में 85त्न प्रतिशत प्राप्त किया है। जो की एक ग्रामीण क्षेत्र से होने के वावजूद किसान परिवार से आता है जिसके माता पिता खेती बारी पर निर्भर रहने के वावजूद भी प्रिंस कुमार को पढ़ाने लिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छात्र प्रिंस कुमार के पिता सागर साहू बताते है उनका बेटा पढ़ने लिखने के साथ खेल खुद में भी काफी तेज है। लेकिन प्रिंस कुमार के आगे की पढ़ाई लिखाई के लिए पिता को चिंता सता रही है परंतु प्रिंस पढ़ना चाहता है। इस दौरान प्रिंस कुमार को अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए माता पिता तथा स्कूल के सभी शिक्षक तथा शिक्षकाओ ने बधाई तथा शुभकामनाएं दी है।

## सीबीएससी 10 वीं की परीक्षा में जेएनवी की छात्रा सिमरन सोनी बनी विद्यालय टॉपर

# 12 वीं विज्ञान में शारदा सुमन कुमारी और कॉमर्स में अर्पित बागे बने विद्यालय टॉपर

## सीबीएससी 10 वी और 12 वीं में छात्राओं ने तथा कॉमर्स में छात्रों ने मारा बाजी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सीबीएसई के 10 वीं और 12 वीं के रिजल्ट में प्रखंड क्षेत्र स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के छात्र छात्राओं ने परचम लहराते हुए सफलता हासिल किया है। वही सीबीएससी 10 वी में 73 व 12 वी 72 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया था। जिसमे सिमरन सोनी 91.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय टॉपर बनी और मिल्की कुमारी 90.4प्रतिशत तथा फरहाना खातून 87.8प्रतिशत विद्यालय का रिकार्ड कायम रखा है। वही विज्ञान में शारदा कुमारी 88 प्रतिशत, खुशी कुमारी गुप्ता 82 प्रतिशत तथा पूनम कुमारी 81 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। कॉमर्स में अर्पित बागे 79 प्रतिशत, रजनीकान्त सिंह 74 प्रतिशत तथा गौरव कुमार 73 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रचार्य अवनीश चन्द्र झा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि 10 वी 12 वीं की परीक्षा में छात्राओं ने और कॉमर्स में छात्रों ने बाजी मारा है। साथ ही कहा कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राएँ मेधावी हैं। वही 10 वी की परीक्षा में 73 छात्र छात्राओं में 63 प्रथम श्रेणी में और 10 द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त किये हैं। 12 वीं की परीक्षा में 72 छात्र छात्राओं में 67 छात्र छात्राएँ प्रथम श्रेणी और 5 छात्र छात्रा द्वितीय से उतीर्ण हो कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वही विद्यालय की छात्रा पूजा कुमारी को भी 73 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है परीक्षा परिणाम आने के बाद छात्र छात्राओं और परिवार वालों में हर्ष व उल्लास के माहौल है। सीबीएससी बोर्ड का परिणाम आने पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिये कामना किया गया।



## एमबी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने मारी बाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा के विद्यार्थियों ने न केवल शत प्रतिशत रिजल्ट दिया बल्कि विज्ञान संकाय में कक्षा 12वीं की छात्रा साक्षी भारती ने 95.60त्न अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तथा वाणिज्य संकाय में समर्थ कुमार ने 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान तथा पूरे राज्य में छठवां स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा से विज्ञान संकाय में कल 52 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनका परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें नौ विद्यार्थियों ने 90त्न से ऊपर अंक अर्जित किया तथा 27 विद्यार्थियों ने 75प्रतिशत से 90प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किया। कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय में कुल 19 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें दो विद्यार्थियों ने 90प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किया तथा 9 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किया। कक्षा दसवीं में कुल 186 विद्यार्थी सम्मिलित हुए तथा परीक्षा परिणाम शत- प्रतिशत रहा। जिम 29 बच्चों ने 90प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। तथा 65 विद्यार्थियों ने 75प्रतिशत से 90प्रतिशत के मध्य अंक अर्जित किया। माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के साथ समस्त डीएवी विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनकी विशेष सफलता हेतु बधाई दी तथा आगामी जीवन हेतु शुभकामनाएं व्यक्त की।

## शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान होने पर विधायक भूषण बाड़ा ने जताया आभार

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खुंटी लोकसभा सीट के लिए सिमडेगा में शांति पूर्ण एवं सफलता पूर्वक मतदान संपन्न होने विधायक भूषण बाड़ा ने मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाताओं से लोकतंत्र मजबूत होता है। खुंटी लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया है। मतदान कर्मी भी सुरक्षित वापस लौट गए। सभी के सहयोग से चुनाव के दौरान किसी तरह का कोई अप्रिय घटना घटित नही हुई। सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने पर विधायक भूषण बाड़ा ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जैप के जवान, मतदान कर्मी, आम जनता एवं निर्वाचन कार्य मे लगे सभी अधिकारियों व कर्मियों को भी धन्यवाद दिया है।

# पांचवें चरण में 159 दागी व 227 करोड़पति प्रत्याशी

**इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पांचवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने सोमवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 695 उम्मीदवारों से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** 19 अप्रैल से लेकर 1 जून तक सात चरणों में लोकसभा के चुनाव हो रहे हैं। तीन चरणों के लिए मतदान हो चुका है जबकि चौथे चरण का मतदान सोमवार को हो रहा है। पांचवें चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने पांचवें चरण में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है। इस चरण में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिनके शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया है। एडीआर ने सोमवार को जारी किए एक विश्लेषण में बताया है कि पहले चरण में 695 उम्मीदवारों से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

### उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि

695 में से 159 (23 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 122 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं। चार उम्मीदवारों ने अपने ऊपर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 28 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं। महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 29 हैं।

इन 29 में से एक उम्मीदवार के ऊपर दुष्कर्म (आईपीसी-376) से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 10 उम्मीदवार हैं।

### दलवार आंकड़े क्या हैं?

पांचवें चरण में सपा के सभी 10 में से पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, शिवसेना के छह में से तीन, एआईएमआईएम के चार में से दो, भाजपा के 40 में से 19, कांग्रेस के 18 में से आठ, टीएमसी के सात में से तीन, शिवसेना (यूबीटी) के आठ में से तीन और राजद के पांच में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### उम्मीदवारों की संपत्ति का लेखा-जोखा

695 में से 33 प्रतिशत यानी 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। एआईएमआईएम के चार में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.56 करोड़ की संपत्ति है। दलवार आंकड़ों पर गौर करें तो एनसीपी (शरद गुट) के दो उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन संपत्ति 54.64 करोड़ की संपत्ति है।

### सबसे अमीर प्रत्याशी

पांचवें चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी से भाजपा प्रत्याशी ने कुल 212 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर निर्दलीय नीलेश भगवान सांभरे हैं। महाराष्ट्र की भिवंडी सीट से चुनाव लड़ रहे सांभरे ने अपने हलफनामे में 116 करोड़ की दौलत बताई है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल हैं। महाराष्ट्र की मुंबई उत्तर सीट से चुनाव लड़ रहे गोयल की संपत्ति 110 करोड़ की है।

### 42 प्रतिशत उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं और 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 293 (42 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 349 (50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 26 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 20 उम्मीदवार साक्षर जबकि पांच उम्मीदवार असाक्षर भी हैं।



# महागठबंधन के पक्ष में चल रहा है अंडर करंट : युवा कांग्रेस

**राजेश कुमार सन्नी ने कहा कि 10 साल से लगातार झूठे वायदे और विज्ञापन के बलबूते मोदी सरकार से जनता तंग हो चुकी है। महंगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त है। पीएम मोदी लगातार जनता की भावनाओ को भड़का कर चंद पूंजीपतियो के चंदा से तानाशाह बन गये है।संविधान खतरे में है।**

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता डोर टू डोर कैंपेन के साथ सोशल मीडिया पर अपनी गतिविधि को केन्द्रित करे। उक्त बाते अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व बिहार प्रभारी राजेश कुमार सन्नी ने मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बंजरिया पंडाल में युवा कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि 10 साल से लगातार झूठे वायदे और विज्ञापन के बलबूते मोदी सरकार से जनता तंग हो चुकी है। महंगाई और बेरोजगारी से लोग त्रस्त है। पीएम मोदी लगातार जनता की भावनाओ को भड़का कर चंद पूंजीपतियो के चंदा से तानाशाह बन गये है। संविधान खतरे में है। मोदी सरकार ने कांग्रेस शासन में खड़ी की संस्थाओ को अपने चहेते पूंजीपति को बेच रहे है। उन्होने युवा कार्यकर्त्ताओ को पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के साथ शिवहर लोकसभा क्षेत्र में महागठबंधन के पक्ष मे मजबूती से जुटने का आह्वान करते कहा कि बेतिया से मदन मोहन तिवारी,मोतिहारी से राजेश कुशवाहा व शिवहर से रितु जयसवाल बेदाग छवि के उम्मीदवार है,जबकि इन तीनो लोकसभा में एनडीए के उम्मीदवार को लोग परख चुके है। इन लोगो ने जनता की अपेक्षा का अनादर किया है।इसके पूर्व कांग्रेस नेता सन्नी ने बनकटवा प्रखंड के बिजबनी सहित कई गांवो में आयोजित कार्यक्रमो में शिरकत कर लोगो से कांग्रेस के पक्ष वोट देने का आह्वान किया और कहा कि वोटर कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के पक्ष में काफी उत्साहित है,जनता में अंडर करंट चल रहा है,जबकि उनके सामने खड़े एनडीए प्रत्याशी संजय जयसवाल और उनके पिता मदन जयसवाल को लोग देख चुके है।मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव,युवा कांग्रेस के प्रीतम अग्रवाल, अभिषेक रंजन, शिव पुजारी, आनंद कौशल, बिनय यादव, निशिकांत सिंह,मो. आमिर,एनएसयूआई नेता आशीष कुमार, प्रिंस मिश्रा, मोहमद एकराम, मनीष मिश्रा,मनीष रेड्डी, मोहमद सद्दाम, राकेश यादव, मोहमद जमाल, अखिलेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा को 200 सीटें भी नहीं मिलेंगी : ममता बनर्जी



एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी को 200 से अधिक सीटें नहीं मिलेंगी। बनगांव में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हवा बदल गई है। चौथे चरण के मतदान में खेल हो गया है। भाजपा को अधिक से अधिक 195 से 200 सीटें मिलेंगी। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि विपक्षी दलों के इंडी गठबंधन को 295 से 315 सीटें मिलेंगी। उन्होंने नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे का भी मजाक उड़ाया और कहा कि बंगाल का कोई नहीं चाहता कि नरेंद्र मोदी दोबारा सत्ता में आएं।

ममता ने कहा कि अगर दोबारा नरेंद्र मोदी सत्ता में आते हैं तो भारत खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पति ने कहा है कि इस देश का कोई भविष्य नहीं है। अगर नरेंद्र मोदी आते हैं तो देश खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कहते हैं कि लक्ष्मी भंडार योजना बंद कर देंगे। मैं चुनौती देती हूं कि बंद करके दिखाएं।ममता बनर्जी ने एक बार फिर दावा किया कि ईवीएम से छेड़छाड़ हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पता चल गया है कि हार रहे हैं इसलिए ईवीएम से छेड़छाड़ कर रहे हैं।

# रात्रि चौपाल से ग्रामीण परिवेश में मतदान प्रतिशत बढाने का प्रयास



एजेंसी

**मधुबनी** : जिला में ग्रामीण परिवेश में रात्रि चौपाल के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढाने का प्रयास प्रारम्भ किया गया है। मधुबनी संसदीय क्षेत्र का चुनाव बीस मई को सुनिश्चित है। डीएम अरविन्द कुमार वर्मा ने मंगलवार को आमजनों से चुनाव की इस महापर्व में मताधिकार करने का आग्रह किया है। डीएम ने कहा कि मतदान से लोकतंत्र की जड़ मजबूत होगी। जिला में बीस मई को मधुबनी संसदीय क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान के लिए निर्वाचन कोषांग बहुआयामी प्रयास के लिए तत्पर है।दिन में घर-घर जीविका व आंगनवाड़ी के माध्यम से मतदान को प्रचार अभियान चल रहा है।सोमवार की रात्रि से संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांव में मतदाता जागरूकता को चौपाल कार्यक्रम प्रारम्भ की गई। जीविका समूहों द्वारा मतदाताओं को अपना वोट डालने को शपथ दिलाई गई। डीपीआरओ परिमल कुमार ने बताया कि आइकॉन लोक संगीत गायिका पूनम मिश्रा की सुमधुर संगीत से अधिकाधिक मतदान करने की प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि डीएम के निर्देश पर रंगोली,नुक्कर नाटक व स्लोगन संगीत के माध्यम से जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढाने को कटिबद्ध है। निर्वाचन कोषांग द्वारा मतदाताओं को सर्वाधिक मताधिकार प्रयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा।

# 380 में 270 सीट लेकर बहुमत प्राप्त कर चुके हैं पीएम मोदी : अमित शाह



एजेंसी

**कोलकाता :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के बनगांव में एक जनसभा के दौरान एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि चार चरण के मतदान पूरे हो गए हैं। 380 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। बंगाल में 18 सीटों का चुनाव पूरा हो गया है। आज में बता कर जाता हूं कि 380 में से पीएम मोदी 270 सीट लेकर पूर्ण बहुमत प्राप्त कर चुके हैं। आगे की लड़ाई 400 पार करने की है।उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी झूठ बोल रही हैं कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए जो भी अर्जी करेगा, उसे तकलीफ आएगी। मतुआ समाज के लोगों को मैं आश्वस्त करने आया हूं कि किसी को कोई तकलीफ नहीं आएगी। नागरिकता भी मिलेगी और देश में सम्मान के साथ जी भी पाओगे। दुनिया की कोई ताकत मेरे शरणार्थी भाइयों को भारत का नागरिक बनने से रोक नहीं सकती, ये श्री नरेन्द्र मोदी जी का वादा है।उन्होंने कहा कि यहां पर (बंगाल में) कटमनी, घुसपैठ, बम धमाके और सिंडिकेट राज... ममता दीदी नहीं बंद कर सकती हैं, इसे सिर्फ मोदी जी ही बंद कर सकते हैं। चिटफंड घोटाले वाले, शिक्षक भर्ती घोटाले वाले, नगरपालिका भर्ती घोटाले वाले, राशन घोटाले वाले, गाय और कोयला तस्करी करने वाले व पैसे लेकर सवाल करने वालों को जेल जाने की तैयारी कर लेनी चाहिए। किसी को छोड़ा नहीं जाएगा।

# अमेठी फतह के लिए सपा ने झोंकी ताकत



**2017 के विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन भले ही परवान चढ़ने में नाकाम रहा हो, लेकिन अमेठी और रायबरेली की हाई-प्रोफाइल सीटों पर दोनों दलों के कार्यकर्ता जीत सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं.**

एजेंसी

**लखनऊ** : समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में जिन 17 सीटों पर गठबंधन सहयोगी कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहां पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि ऐसे लड़ें जैसे कि आपकी अपनी पार्टी मैदान में है. अमेठी और रायबरेली की रैलियों में लाल टोपी वालों (सपाइयों) की तगड़ी उपस्थिति दर्शाती है कि उनकी बात का असर हो रहा है. 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन भले ही परवान चढ़ने में नाकाम रहा हो, लेकिन अमेठी और रायबरेली की हाई-प्रोफाइल सीटों पर दोनों दलों के कार्यकर्ता जीत सुनिश्चित करने के लिए जमीन पर एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं. अमेठी से कांग्रेस के केएल शर्मा मैदान में हैं तो रायबरेली में राहुल गांधी. चूंकि, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राहुल और केएल शर्मा के चुनावी अभियान की कमान संभाल रखी है, इसलिए उनकी हर जनसभा और रैली में कांग्रेस वर्कर्स के साथ सपा के लोकल नेताओं और कार्यकर्ताओं की बड़ी तादाद दिखाई दे रही है.गौरतलब है कि कई नेताओं ने 2017 में मिली हार के लिए गठबंधन (कांग्रेस-सपा) के कागजों पर ही रह जाने को जिम्मेदार ठहराया था, लेकिन सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस बार मामला अलग है. सपा के रायबरेली जिला प्रमुख वीरेंद्र यादव ने कहा कि 2017 में गठबंधन अंतिम समय में हुआ था. इसलिए हम लोग तैयारी नहीं कर पाए थे. मगर इस बार इंडिया ब्लॉक लगातार बैठकें कर रहा था, जिससे दोनों दलों के कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच समन्वय बड़ा है. बकौल वीरेंद्र यादव-जैसे ही हमारे नेता अखिलेश यादव जी ने गठबंधन की घोषणा की वैसे ही उन्होंने कांग्रेस को दी गई 17 सीटों के पदाधिकारियों और प्रमुख नेताओं की एक बैठक बुलाई. जिसमें अखिलेश जी उनसे कहा कि चुनाव ऐसे लड़ें जैसे कि आपकी अपनी पार्टी मैदान में है. अब सभी सपा कार्यकर्ता उनके इस निर्देश का पालन कर रहे हैं.

# देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का है यह चुनाव : रोहित ठाकुर



एजेंसी

**शिमला :** राज्य के कैबिनेट मंत्री व शिमला संसदीय सीट चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने का है। यह देश की दिशा और दशा को बचाने की महत्वता रखने का चुनाव है। अब तक हुए चार चरणों के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा पार कर चुका है। 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। कैबिनेट मंत्री व शिमला संसदीय सीट चुनाव प्रभारी रोहित ठाकुर मंगलवार को शिमला में आयोजित इंडी गठबंधन की संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर वोट का विभाजन न हो इसलिए इंडी गठबंधन का गठन किया गया है, जो 2024 में भाजपा के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ रहा है। रोहित ठाकुर ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में की गई घोषणाएं धरातल पर नहीं दिखी हैं, जिससे आहत होकर देश की जनता भाजपा को सत्ता से बेदखल करना चाहती है।उन्होंने कहा कि प्रदेश की देव तुल्य जनता जनार्दन कांग्रेस के उम्मीदवार को अपना आशीर्वाद देगी, जिसमें इंडी गठबंधन के सभी मुख्य घटक दल मुख्य भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने प्रदेश सरकार को ऑपरेशन लोटस के तहत गिरने का प्रयास किया था उसका परिणाम अब 4 जून को दिखाई देगा। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह चुनाव नैतिकता व अनैतिकता, सच्चाई व बुराई और धनबल व जनबल का होगा जिसमें जनबल जीतेगा प्रदेश के चुनाव में यह प्रमुख मुद्दा बन चुका है और जनता भाजपा की गंदी मानसिकता का मुंहतोड़ जवाब देगी।